वर्ष-31, अंक- 248, पृष्ठ-12 | असाढ़ कृष्ण पक्ष 15, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
25 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### जर्जर मकान गिरा, मलबे में दबकर महिला की मौत

**टंडवा (चतरा)।** नईपारम गांव में मंगलवार को एक कच्चा मकान अचानक ढह गया, जिससे 55 वर्षीय झिलिया देवी (पति स्व. कैला महतो) की मलबे में दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि लगातार बारिश के कारण मकान काफी जर्जर हो गया था। घटना से परिजन शोक में हैं, जबकि ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

### पत्नी की हत्या कर फरार हुआ पति, पुलिस कर रही छापेमारी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के टीओपी-2 के पीछे मंगलवार को दिल दहला देने वाली घटना में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपित अशोक यादव ने पत्नी पूनम देवी (37) की हत्या के बाद कमरे में ताला बंद कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी-2 प्रभारी राकेश कुमार और शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मृतका के चेहरे पर गहरे चोट के निशान हैं, जिससे आशंका है कि हत्या किसी भारी हथियार या पत्थर से की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक यादव और पूनम देवी का प्रेम विवाह दो वर्ष पूर्व चेन्नई में हुआ था, जहां दोनों साथ रहते थे। अशोक हाल ही में अपने भाई की शादी में शामिल होने घर आया था। **शेष पेज 11 पर...**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## दीपिका पांडेय सिंह ने 'नवा उमंग' कार्यक्रम को किया संबोधित, बोलीं

# हमारी बेटियां मजबूत इरादों से रखती हैं मंजिल पाने का जज्बा

- कहा, किशोरियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार किशोरियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं इस दिशा में संवेदनशील और निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां केवल सपने नहीं देखतीं, बल्कि अपने मजबूत इरादों और परिश्रम से मंजिल पाने का जज्बा भी रखती हैं। लेकिन, आज भी उनकी राहों में एनीमिया, बाल विवाह, शिक्षा से वंचित होने की मजबूरी, सुरक्षित रोजगार न मिल पाना जैसी कई सामाजिक और आर्थिक चुनौतियां व्याप्त हैं। वे बतौर मुख्य अतिथि झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) की 'उमंग' परियोजना के तहत पीसीआई इंडिया की ओर से मंगलवार को रांची में आयोजित 'नवा उमंग' कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि यह आयोजन बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि समाज में ऐसा वातावरण तैयार किया जाए, जहां बेटियां खुलकर सोच सकें। निर्भय होकर आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें। 'नवा उमंग' कार्यक्रम में खासकर किशोरियों के समग्र विकास को लेकर सार्थक संवाद हुआ। सूबे के किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विवाह रोकथाम और आत्मनिर्भरता जैसे कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज भी किशोरियों के सामने एनीमिया, शिक्षा से वंचित रहना, बाल विवाह और सुरक्षित रोजगार की कमी जैसी कई सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां व्याप्त हैं। ऐसे में 'उमंग' जैसी पहल मां-बेटी के संवाद को मजबूत बनाएगा। बच्चियों के मन में आत्मविश्वास और स्वावलंबन बढ़ाने की दिशा में प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में बहुत से लोग मौजूद थे।

### किशोरियों, महिलाओं के विकास के लिए चल रहीं कई योजनाएं



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रतिबद्ध हैं। हेमंत सोरेन सरकार किशोरियों और महिलाओं के विकास के लिए कई योजनाएं चला रही है। इनमें सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना आदि प्रमुख हैं। बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने राज्य की किशोरियों को पढ़-लिखकर आगे बढ़ने के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की शुरुआत की है। यह योजना अगस्त, 2019 में शुरू हुई थी। इसका उद्देश्य गरीब व पिछड़े वर्ग की लड़कियों को आर्थिक मदद देकर उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना है। वहीं, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य में 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपए दिए जाते हैं। यह राशि सीधे लाभार्थी के खाते में आ जाती है।

## थाना सिर्फ एफआईआर दर्ज करने की जगह नहीं, समाधान केंद्र बनेः डीआईजी

- जमीन विवाद समय पर नहीं सुलझे तो बढ़ सकती हैं घटनाएं, हर 10 दिन पर थाना दिवस अनिवार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने तीनों जिला पलामू, गढ़वा और लातेहार- के डीसी और एसपी को जमीन विवादों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मामूली विवाद समय पर नहीं सुलझे तो बड़ी घटनाओं में तब्दील हो सकते हैं। डीआईजी ने स्पष्ट आदेश दिया है कि हर 10 दिन पर थाना दिवस आयोजित हो, जिसमें अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी संयुक्त रूप से मौजूद रहें। ऐसे दिवसों में दोनो पक्षों को बुलाकर अभिलेख के आधार पर मौके पर ही विवाद का समाधान किया जाए।

उन्होंने कहा कि समाधान न होने की स्थिति में सिविल कोर्ट में जाने की सलाह दी जा सकती है, लेकिन पुलिस-प्रशासन की जवाबदेही बनी रहेगी। साथ ही, बैठक का रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज हो और आयोजन स्थल पर "थाना दिवस" का बैनर स्पष्ट रूप से दिनांक और स्थान सहित प्रदर्शित किया जाए।

### सीजफायर लागू, इसे न तोड़ें : डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान-इजरायल सीजफायर को लेकर लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर अपनी बात रख रहे हैं। सीजफायर का ऐलान, इजरायल-ईरान के शांति प्रस्ताव की बात, फिर अपने फाइटर पायलटों की पीठ थपथपाने वाली पोस्ट के बाद अब उन्होंने दोनों देशों से शांति बनाए रखने की अपील की है। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर अपनी लेटेस्ट पोस्ट में लिखा, युद्धविराम अब लागू हो गया है। कृपया इसका उल्लंघन न करें। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार शाम (अमेरिकी समयानुसार) को घोषणा की थी कि इजरायल और ईरान ने युद्धविराम को लागू करने के लिए एक औपचारिक समझौता किया है, जिससे कुछ घंटों में संघर्ष के आधिकारिक अंत की उम्मीद जताई गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा था, सभी को बधाई! इजरायल और ईरान के बीच इस बात पर पूरी तरह से सहमति बन गई है कि अब से लगभग 6 घंटे बाद जब इजरायल और ईरान अपने अंतिम मिशनों को पूरा कर लेंगे, 12 घंटे के लिए पूर्ण और संपूण युद्धविराम होगा।

## बड़कागांव में हथियार बंद लोगों ने 6 वाहनों को फूंका

- सड़क निर्माण कर रही कंपनी के कर्मचारियों से मारपीट भी की
- एनटीपीसी की बादम परियोजना के लिए बन रही है सड़क

**नवीन मेल डेस्क**



**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव प्रखंड स्थित जोराकाट क्षेत्र में सोमवार की देर रात करीब 35 की संख्या में आए हथियारबंद लोगों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। इन अपराधियों ने एनटीपीसी की बादम कोयला परियोजना के लिए सड़क निर्माण कर रही कंपनी एमएस पूजा इंटरप्राइजेज के दो जेसीबी मशीन, दो हाइवा ट्रक, एक ग्रेडर मशीन, एक टैंकर और एक पिकअप वैन को आग के हवाले कर दिया। निर्माण स्थल पर मौजूद कर्मचारियों से मारपीट भी की। एमएस पूजा इंटरप्राइजेज के मैनेजर रवि कुमार के अनुसार, जब कुछ कर्मचारियों ने विरोध करने की कोशिश की, तो अपराधियों ने दो कर्मचारियों के साथ मारपीट की और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह मामला लेवी वसूली से जुड़ा हुआ माना जा रहा है। हालांकि, अब तक किसी उग्रवादी संगठन ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है। घटना के बाद से सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे परियोजना पर असर पड़ने की आशंका है। एसपी अंजनी अंजन ने मंगलवार को बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

ज्ञात हो कि यह घटना पिछले 36 घंटे में हजारीबाग जिले में हुई तीसरी बड़ी आपराधिक वारदात है। इससे पहले रविवार को हजारीबाग शहर स्थित एक आभूषण की दुकान पर सात राउंड फायरिंग की गई थी। वहीं, सोमवार सुबह ओकनी क्षेत्र में डकैती की घटना को अंजाम दिया गया।

## जेजेएमपी के 5 लाख का इनामी सब जोनल कमांडर गिरफ्तार

- बिशुनपुर के घाघरा जंगल से हुई गिरफ्तारी
- हथियार, 350 गोलियां व अन्य सामान जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिले की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बिशुनपुर थाना क्षेत्र के घाघरा जंगल में प्रतिबंधित संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के पांच लाख के इनामी उग्रवादी फिरोज अंसारी को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक 303 रायफल, 200 राउंड कारतूस, 7.62 एमएम के 150 कारतूस, तीन स्मार्टफोन, दो कीपैड फोन, दो डायरी, एक मोबाइल चार्जर, इंटरनेट का राउटर और एक पिट्ठू बैग जब्त किया गया है। गुमला के एसपी हारिस बिन जमां ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बताया कि उग्रवादी संगठन जेजेएमपी में फिरोज अंसारी का ओहदा सब जोनल कमांडर का था। उसके खिलाफ पुलिस फाइल में 11 मामले दर्ज हैं। एसपी के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि बिशुनपुर थाना क्षेत्र के घाघरा जंगल में जेजेएमपी के सुप्रीमो रवींद्र यादव हथियारबंद दस्ते के साथ जमा हुआ है और किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है। इस सूचना के आधार पर कार्रवाई के लिए उन्होंने गुमला के एसडीपीओ सुरेश प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की। इस टीम ने घाघरा जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया, तो कुछ लोग हथियारों के साथ दिखे। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे। पुलिस ने उन्हें खदेड़ा, **शेष पेज 11 पर...**

## आज / कल




## भारतीय सेना पर गर्व है हमें

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




**आरती श्रीवास्तव 'विपुला'**

हम जिओ और जीने दो में विश्वास रखने वाले हैं, लेकिन स्वाभिमान से समझौता हमें स्वीकार नहीं है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की योद्धा विंग कमांडर व्योमिका सिंह एवं कर्नल सोफिया कुरैशी हम तुम्हें बारंबार नमन करते हैं। आंतकियों को जिस वीरता से भारतीय सेना ने मार गिराया, उसके लिए हमारे जवानों का नाम भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। हे भारत के वीर सिपाही, हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। आंतकवाद का नामोनिशान मिटाने में हमारा पूरा समर्थन है। 23 मिनट में 9 आंतकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया, आपके अद्भुत पराक्रम पर हमें गर्व है। हमें गर्व है भारतीय सेना पर। हम आपका दिल से अभिनंदन करते हैं। जय हिंद।

## सेना को मिलेगा हाईटेक हथियारों का बूस्टर

# रक्षा मंत्रालय ने 2000 करोड़ की आपातकालीन खरीद की मंजूरी दी

- आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशनों में बढ़ेगी ताकत

**उदय चंद्र सिंह**

**नई दिल्ली।** देश की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। आतंकवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों में भारतीय सेना को और मजबूत बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने करीब 2,000 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक हथियार और उपकरण खरीदने के 13 अनुबंधों को मंजूरी दी है। खास बात यह है कि ये सभी हथियार और सिस्टम तेजी से खरीदने की प्रक्रिया यानी 'आपातकालीन खरीद योजना' के तहत लिए जा रहे हैं, जिससे सेना को कम समय में ये संसाधन मिल सकें। इन खरीदों का उद्देश्य उन सैनिकों को बेहतर तकनीकी सहायता देना है, जो आतंकवाद प्रभावित इलाकों में तैनात हैं। नए उपकरणों की मदद से उनकी सुरक्षा, मारक क्षमता, निगरानी और जवाबी कार्रवाई की ताकत में बड़ा इजाफा होगा। जिन आधुनिक हथियार और उपकरणों को खरीदने की मंजूरी दी गई है, उसमें ड्रोन को ट्रैक करने और रोकने वाली आधुनिक तकनीक, हल्के और तेज रडार सिस्टम, कम दूरी की **शेष पेज 11 पर...**

## यात्री ट्रेन किराए में एक जुलाई से वृद्धि

- बिना एसी वाले साधारण मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में एक पैसे प्रति किमी की होगी बढ़ोतरी

**- ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड में जो कुछ चल रहा है, उसके अनुसार अगले महीने से ट्रेन के किराए में थोड़ा बदलाव हो सकता है। बदलाव का मतलब यह नहीं है कि रेलवे का किराया कम होगा । नहीं, बल्कि और अच्छे दिन लाने के लिए रेलवे किराए में बढ़ोतरी होगी। और, ये बढ़ोतरी यानी नई दरें 1 जुलाई, 2025 से लागू होंगी। चर्चा है कि साधारण मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों (बिना एसी वाले) के किराए में 1 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। वहीं, एसी क्लास में यात्रा करने वालों के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। और हां, तत्काल बुकिंग में भी बड़ा फेरबदल किया जा रहा है। एक जुलाई, 2025 से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आधार कार्ड जरूरी होगा। रेलवे मंत्रालय ने 10 जून, 2025 को एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि 'तत्काल योजना का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित **शेष पेज 11 पर...**

## पंचशील नगर नाले पर अतिक्रमण से जल जमाव पर प्रशासनिक कार्रवाई शुरू

- अतिक्रमणकारियों को तीन दिनों के अंदर जवाब देने का नोटिस
- वैध कागज जमा नहीं होने पर रद्द की जा सकती है जमाबंदी

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) संख्या 75 के पंचशील नगर के पास बनहोरा नाले के ऊपर फर्जी हुकुमनामा के आधार पर कब्जा होने से सोमवार को भारी जल जमाव के कारण एनएच 75 बंद रहा था। इस कारण सैकड़ों वाहन पंडरा से लेकर रातू रोड में फंसे रहे थे। घुटने से ऊपर पानी के तेज बहाव में कुछ लोगों ने दो पहिया वाहनों से बहाव को पार करने का दुस्साहस किया, तो उनकी गाड़ी बीच में बंद हो गई और वे पानी के तेज बहाव में बहते-बहते बचे थे। राष्ट्रीय नवीन मेल समाचारपत्र लगातार इस समस्या पर सवाल उठाता आ रहा है। सोमवार को हुए जलजमाव से आमलोगों को हुई भारी परेशानियों के संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से सचित्र समाचार का प्रकाशन किया था। इसपर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है और मंगलवार को सात लोगों को तीन दिनों के अंदर अपनी जमीन के कागजात दिखाने का नोटिस भेजा है। सूत्रों के अनुसार, जिला प्रशासन नाले के ऊपर बने अवैध घरों को तोड़ने की कार्रवाई कर सकता है। समाचार यह भी प्राप्त हुई है कि अवैध कब्जा करने वाले लोग वकीलों और स्थानीय नेताओं के पास दौड़ लगा रहे हैं, ताकि इस मामले को टाला जा सके।वहीं, सोमवार को पंचशील नगर, शाहदेव नगर, राधा नगर और शांति नगर के घरों में पानी घुसने से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा और लोग अपने घरों को छोड़कर शुभचिंतकों के यहां डेरा डालने को विवश हुए। विदित हो कि वर्ष 2023 में तीन सब्जी विक्रेता **शेष पेज 11 पर...**

## इंडिया

# संभावनाओं के बावजूद झारखंड में फिल्म निर्माण उद्योग क्यों नहीं



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

कुछ दिनों पूर्व झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार प्रकृति के अनुपम उपहार नेतरहाट गए थे और आसपास चल रही एक फिल्म की शूटिंग को देखकर झारखंड में फिल्म निर्माण को लेकर बहुत ही उत्साहवर्धक बातें कहीं जिससे एक चर्चा फिर से शुरू हो गई कि झारखंड जैसे प्राकृतिक सौंदर्य और फिल्म निर्माण के लिए अनुकूल मौसम तथा तकनीकी रूप से बिना कलर करेक्शन वाली लाईट जैसी सुविधा के साथ इस संगीत और कलाप्रेमी राज्य में सफल फ़िल्में क्यों नहीं बन पा रहीं जो इसे उद्योग का रूप दे सके ? भारत के बारे में कहा जाता है कि यहां दुनिया की सबसे ज्यादा फिल्में बनती हैं और सबसे ज्यादा फ्लॉप होती हैं कुछ इसी प्रकार की बातें झारखंड के बारे में कही जाती हैं क्योंकि यहां के लोग स्वभावतः कलाकार होते हैं जिस कारण मुंडारी की एक कहावत प्रचलित है- 'सेन गे सुसुन कजिः गे दुरंग' यानी जहां चलना ही नृत्य और बोलना ही संगीत है (वह राज्य झारखंड)। झारखंड में हिंदी के अलावा नागपुरी,खोरठा,कुड़ुख और संताली सहित देश की विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्में बनाई गई हैं । राज्य के फिल्म उद्योग को जॉलीवुड के नाम से भी जाना जाता है ।2015 से ही झारखंड सरकार राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक स्थान, संस्कृति को उजागर करने के साथ-साथ फिल्म निर्माताओं को सब्सिडी देकर रोजगार पैदा करने के लिए राज्य में फिल्म शूटिंग को प्रोत्साहित कर रही है। हाल के वर्षों में राज्य में कई हिंदी फिल्मों की शूटिंग हुई है, जिनमें एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी , ए डेथ इन द गंज , अजब सिंह की गजब कहानी , रांची डायरीज , बेगम जान , पंचलैट,सहिया और इलाका किशोरगंज शामिल हैं । हाल के वर्ष में तोर बिना, महुआ , तोर चाहत में , मोर गांव मोर देश और फुलमनिया सहित कई नागपुरी फिल्मों का निर्माण हुआ । हिंदी फिल्म लोहरदगा में निर्देशक लाल विजय ने में राज्य में नक्सलवाद और आत्मसमर्पण नीति का मुद्दा दिखाया जिसमें कुछ लोगों ने इसका दुरुपयोग करने की कोशिश की । राज्य को वेब और टीवी श्रृंखला में भी प्रदर्शित किया गया है, उदाहरण के लिए - नेटफ्लिक्स का जामताड़ा - सबका नंबर आएगा और होइचोई का धनबाद ब्लूज़। एकता कपूर की टीवी सीरीज़, कुछ तो है तेरे मेरे दरमियान, जमशेदपुर पर आधारित थी । झारखंड की



पहली फीचर फिल्म 1988 में दृश्यांतर इंटरनेशनल के बैनर तले बनी आक्रांत थी । पहली नागपुरी फिल्म सोना कर नागपुर (1992) थी, जिसका निर्माण और निर्देशन धनंजय नाथ तिवारी ने किया था। डॉ युगल किशोर मिश्रा की सजना अनारी चर्चित हुई । यहां के लोगों मे फिल्म निर्माण के प्रति ललक इतनी है कि हर लेखक,संगीतकार और कलाकार इसे अपनी मंजिल मानता है और अनगिनत फिल्में वीडियो एल्बम से लेकर डिजिटल पर बनती हैं। अनगिनत इसलिए कि इनका कोई रिकॉर्ड नहीं रखा जाता पाइरेसी और लागत या डिस्ट्रीब्यूशन की बड़ी लागत से परेशान नए निर्माता इसे यूट्यूब पर डाल रहे हैं । कई बड़े नाम जो झारखंड में फिल्म निर्माण से जुड़े हैं वे हर फिल्म के बाद यह कहते पाए जाते हैं कि अब वे फिल्में नहीं बनाएंगे क्योंकि दर्शकों का वो स्नेह नहीं मिला जो अपेक्षित था और घाटा बहुत हुआ । पर सवाल यह उठता है कि झारखंडी फिल्मों को दर्शक क्यों नहीं मिल रहे ? क्या दर्शकों की दीवानगी कम हो गई या जो वे चाहते हैं वो नहीं मिल पा रही ? इसके बड़े कारण हैं पहला यह कि फिल्में शौकिया तौर पर बनाई जा रही हैं उनमें वह व्यावसायिकता नहीं जो दर्शको को बांध सके। सबसे कमजोर पक्ष है कहानी का कमजोर होना। दूसरा जो भी फिल्म बनाते हैं वे खुद डायरेक्टर बनना चाहते हैं जबकि उन्हें तकनीकी ज्ञान नहीं होता और कई बार हीरो भी खुद बनना चाहते हैं कुछ मामलों में संगीतकार तक खुद बने जिससे फिल्में दर्शकों को आकर्षित नहीं कर पाईं। निर्माता इस बात की भी शिकायत करते हैं कि उनकी फिल्मों को अन्य राज्यों की तरह मंच नहीं मिलता न प्रोत्साहन मिलता है । अनेक राज्यों में क्षेत्रीय फिल्मों को दिखाना अनिवार्य किया गया है जिससे फिल्मों को बढ़ावा मिला है । झारखंड के एक फ़िल्मकार ने कुछ वर्ष पहले वावो ओटीटी प्लेटफॉर्म बनाकर एक पहल की है जिसमें अनेक भाषाओं की फिल्में दिखाई जा रहीं हैं पर संरक्षण सरकार को देना चाहिए ताकि यहां की सभी नौ क्षेत्रीय और जनजातीय भाषाओं में फिल्में बनें और प्राकृतिक रूप से फिल्म निर्माण के लिए सर्वथा उपयुक्त यह राज्य बाहर के फ़िल्मकारों को आकर्षित कर सके । समय की मांग है कि महराष्ट्र जैसे राज्यों की तरह एक शो झारखंडी फिल्मों के लिए अनिवार्य किया जाए पर इसमें नेताओं की दखलअंदाजी के कारण अधिकारियों को निर्णय करने में कठिनाई होगी कि किसे क्षेत्रीय फिल्म माना जाए क्योंकि कभी राजभाषा रही नागपुरी सर्वाधिक लोकप्रिय है और संपर्क भाषा भी पर कुछ आदिवासी नेता सभी जनजातीय भाषाओं की पहचान के नाम पर अड़ जाते हैं जिससे किसी को मान्यता मिलना आसान नहीं और यही हाल फिल्म विकास समिति का है जो अभी तक कोई उपलब्धि नहीं दिखा पाई क्योंकि उसके सदस्यों के चयन पर ही सवाल उठाए जाते रहे । फिल्मसिटी और अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के आयोजन से झारखंड के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिल सकता है बशर्ते उसे राजनीति से परे रखा जाए।

# बीडीसी बैठक में अफसरों की अनुपस्थिति पर फटकार, कई को जारी हुआ- शो कॉज

## पीडीएस समावेशन, पशु वैक्सिनेशन, वृद्धावस्था पेंशन और आधार कार्ड की समस्याओं पर उठा सवाल

**● बीडीसी बैठक में अफसरों की लापरवाही पर नाराजगी, शो कॉज नोटिस व समस्याओं पर हुई चर्चा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को आयोजित बीडीसी की मासिक बैठक में कई विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सदस्यों ने कड़ी नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने की और संचालन बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने किया। बीडीओ ने अनुपस्थित अधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी करने और एक सप्ताह के भीतर पुनः समीक्षा बैठक बुलाने का निर्णय लिया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, मनरेगा, पीडीएस में अनियमितता, वृद्धावस्था पेंशन में देरी, अधिग्रहित भूमि के एलपीसी, फोटोग्राफी के नाम पर पैसे वसूली, व पशु वैक्सिनेशन में लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं होने जैसे मुद्दे उठाए। बताया गया कि अब तक 12 हजार लक्ष्य के विरुद्ध 5,855 पशुओं का टीकाकरण हुआ है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि उपभोक्ताओं का नाम उनके निकटतम डीलर के पीडीएस केंद्र में स्थानांतरित किया जा रहा है, जिससे पोषक क्षेत्र में राशन वितरण में सहूलियत हो सके। बड़ी संख्या में मौजूद सदस्यों ने यह भी सवाल उठाया कि आधार की अनिवार्यता 2012 के बाद हुई, तो दो दशक पहले मर चुके माता-पिता का आधार कैसे मिलेगा, जो जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में मांगा जा रहा है। बैठक में उपप्रमुख पप्पू कुमार, पंसस मनीष कुमार, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह, सुदर्शन राम सहित कई प्रतिनिधि और विभागीय कर्मी मौजूद थे।



### 15 महीने बाद मिला राशन कार्ड, लकड़हारा परिवार की आंखों में खुशी के आंसू

**मोहम्मदगं।** राजनडीह गांव की सुनीता देवी को 15 महीने बाद राशन कार्ड और पहली बार दो महीने का राशन मिला। पंचायत समिति सदस्य ममता देवी ने ऑनलाइन आवेदन दिया था, लेकिन जानकारी के अभाव में कार्ड वितरण नहीं हुआ था। जब मीडिया रिपोर्ट के माध्यम से मामला उजागर हुआ तो प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम ने संज्ञान लिया और कार्ड उपलब्ध कराकर दो महीने का राशन भी दिलवाया। अधिकारी ने बताया कि यदि सभी बच्चों का आधार और जाति प्रमाणपत्र बन जाए तो पीएच कार्ड बनाकर नियमित राशन की सुविधा दी जाएगी।

# संपन्न हुआ दो दिवसीय आयुष चिकित्सा शिविर, 300 मरीजों को मिला इलाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** सरकार के निर्देश पर हैदरनगर प्रखंड में सोमवार से शुरू हुआ दो दिवसीय आयुष चिकित्सा शिविर मंगलवार को सम्पन्न हो गया। इस शिविर में कुल 298 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। शिविर में डॉ. जियाउल हक, डॉ. गजला नौसी, डॉ. मृत्यंजय कुमार समेत चिकित्सा कर्मियों ने रक्तचाप, शुगर, सामान्य रोग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की और आवश्यक औषधियां निःशुल्क दीं। योग प्रशिक्षकों ने लोगों को बताया कि नियमित योग के माध्यम से कई बीमारियां जड़ से समाप्त हो सकती हैं। शिविर के समापन पर वॉश समन्वयक ने ग्रामीण स्वच्छता समिति को इसके प्रचार-प्रसार में भागीदारी निभाने को कहा। कार्यक्रम में सज्जू खान, मिस्टर खान, कमलेश कुमार, ललन सिंह, सहिया और कई स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# स्वच्छता समिति की बैठक में ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मंगलवार को प्रखंड सभागार मोहम्मदगंज में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-2 के तहत प्रखंड जल स्वच्छता समिति की बैठक प्रमुख नगीना सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ओडीएफ प्लस गांव को मॉडल गांव घोषित करने के लिए ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, माहवारी स्वच्छता, प्लास्टिक के एकल उपयोग पर रोक, किशोरी बालिकाओं की शिक्षा, भस्मक निर्माण आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बीडीओ रणवीर कुमार ने पंचायत सचिवों और सेवकों को स्वच्छता योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। वाश कोऑर्डिनेटर प्रेमतोष कुमार व हरसु दयानिधि ने विभिन्न विभागों को समन्वय से अभियान चलाने पर बल दिया। बैठक में मनरेगा बीपीओ आबेद्दीन अंसारी, मुखिया उमेश राम, पंचायत सचिव राजीव कुमार, इंजीनियर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**मॉडल गांव के लिए बनी कार्य योजना**

# झारखंड सरकार के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल, प्रखंडों में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**● भ्रष्टाचार, बालू-मिट्टी की कालाबाजारी व किसानों के साथ धोखाधड़ी के विरोध में भाजपाइयों ने उठाई आवाज**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड सरकार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को हैदरनगर, मोहम्मदगंज और हुसैनाबाद में विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भ्रष्टाचार, बिजली-पानी की खराब स्थिति, कानून-व्यवस्था की बदहाली और बालू, पत्थर व कोयला की अवैध लूट के खिलाफ किया गया। हैदरनगर में मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने देवी मंदिर से जुलूस निकालते हुए प्रखंड कार्यालय तक मार्च किया और बीडीओ विश्व प्रताप मालवा को ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की लापरवाही से बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं हुई, जिससे लोगों को बालू के लिए परेशान होना पड़ रहा है, जबकि कालाबाजारी जोरों पर है। मोहम्मदगंज में कार्यक्रम प्रभारी अशोक कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मानिकचंद्र शर्मा सहित कई नेताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और प्रशासन को 14 सूत्री ज्ञापन सौंपा।




### भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन, जनसमस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



पांकी। मंगलवार को भाजपा की प्रखंड इकाई ने सरकार की नीतियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय तिवारी ने आरोप लगाया कि सरकार भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है और आमजनता की समस्याओं की अनदेखी हो रही है। ज्ञापन में डॉक्टरों की नियुक्ति, स्कूलों में शिक्षक, बेरोजगारों को रोजगार, दलाल-मुक्त प्रशासन और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने की मांग की गई। प्रदर्शन में शत्रुघ्न सिंह, शंकर प्रसाद, सत्यप्रकाश पांडे, राजेंद्र यादव, रीमा शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### नीलांबर-पीतांबरपुर में भाजपा की आक्रोश रैली, कहा- राज्य सरकार भ्रष्टाचार में डूबी



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज भाजपा लेस्लीगंज मंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकाली। मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता और ओमप्रकाश दुबे के संचालन में आयोजित इस रैली में पलामू जिला महामंत्री विजय ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष विद्यानंद पाठक, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता समेत कई नेता शामिल हुए। नेताओं ने राज्य सरकार पर खनिज संपदाओं की लूट, युवाओं की बेरोजगारी, बिजली चोरी और बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। भाजपा ने चेताया कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में नागेंद्र मिश्रा, लव सिंह, नीलकंठ गिरी समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, सौंपा गया 14 सूत्री ज्ञापन

**मोहम्मदगंज।** मंगलवार को भाजपा कार्यकताओं ने प्रखंड कार्यालय यू पर प्रदर्शन कर उपायुक्त को संबोधित 14 सूत्री मांग पत्र बीडीओ रणवीर कुमार को सौंपा। प्रमुख मांगों में विधि व्यवस्था में सुधार, किसानों के बकाया भुगतान, खाद-बीज की व्यवस्था, अवैध घुसपैठ पर कार्रवाई और आवश्यक सुविधाओं की बहाली शामिल रही। प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मानिकचंद्र शर्मा, उपप्रमुख नगीना सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### हुसैनाबाद में भाजपा का जोरदार प्रदर्शन, कहा - राज्य में चल रही लूट की सरकार

**हुसैनाबाद।** भाजपा ने मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के समक्ष हेमंत सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह और अजीत सिंह ने सरकार पर भ्रष्टाचार, अवैध खनन, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था की बदहाली के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य के संसाधनों को लूटा जा रहा है और आमजनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। प्रदर्शन का नेतृत्व श्रवण अग्रवाल ने किया। मौके पर डॉ. अजय प्रसाद गुप्ता, संतोष सिंह, विजय राजवंशी, रंजित पासवान, सुबोध कश्यप, नीतू सिंह, पिंटू सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ऊंटारी रोड में भाजपा का जन आक्रोश मार्च, कहा- घूसखोरी बनी शासन की पहचान

**ऊंटारी रोड।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऊंटारी रोड प्रखंड में मंगलवार को जन आक्रोश मार्च निकाला और सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। मार्च सलखनी से प्रारंभ होकर प्रखंड कार्यालय पहुंचा, जहां सभा का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह ने कहा कि अब बिना पैसा कोई योजना नहीं मिलती, चाहे पीएम आवास हो या मनरेगा कार्य। सभा के बाद बीडीओ श्रवण भगत को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर भाजपा महामंत्री सुनील तिवारी, वीरेंद्र नाथ शर्मा, अमित प्रजापति, राधिका देवी, रीता देवी, प्रिंस कुमार, रामवृक्ष रजवार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### हरिहरगंज में भाजपा का विरोध प्रदर्शन, कहा - पंचायत से मंत्रालय तक फैला है भ्रष्टाचार



**हरिहरगंज।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर राज्य सरकार को घेरा। मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने कहा कि राज्य में विकास की गति रुकी हुई है और हर योजना में रिश्वत मांगी जा रही है। पार्टी ने उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा। मौके पर मुन्ना विश्वकर्मा, अरुण मिश्रा, अशोक सिंह, विजय मिश्रा, धनंजय सिंह, अम्बुज सिंह, गौतम मिश्रा समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पांकी में हुआ आम उत्सव सह बागवानी मेला किसानों को बागवानी से जोड़ने का आह्वान




**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव सह बागवानी प्रदर्शनी मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद और अन्य अतिथियों ने किया। मेले में कई पंचायतों से लाए गए विभिन्न किस्म के आमों की प्रदर्शनी लगी, जिससे किसानों को आम उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया गया। बीपीओ विष्णु मिश्रा ने बताया कि आम बागवानी से किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो सकते हैं और उन्हें मनरेगा के अंतर्गत सभी जरूरी सुविधाएं मिल रही हैं। मौके पर ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया प्रदुमन सिंह, समाजसेवी अखिलेश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आयुष शिविर में बुजुर्गों का जांच कर किया गया इलाज व दी दवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सीएचसी में आयोजित दो दिवसीय आयुष स्वास्थ्य शिविर में 150 से अधिक बुजुर्गों का आयुर्वेद और होम्योपैथिक पद्धति से इलाज किया गया। जांच में कमर, घुटनों और जोड़ों में दर्द से संबंधित समस्याएं सामने आईं। डॉ. अशोक प्रजापति, डॉ. राकेश रौशन, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. शक्ति सिंह और डॉ. अविनाश कुमार की टीम ने इलाज कर जरूरी दवाएं मुफ्त वितरित कीं। सीएचओ रामी किंडो और शिल्पा मौर्या सहित स्वास्थ्य कर्मियों और सहियाओं ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।

### कृषि विभाग पर किसानों के साथ धोखा देने का आरोप

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर राज्य सरकार के कृषि विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग के अनुसार बीज की आपूर्ति नहीं की जा रही है। राजेन्द्र स्वेता बीज की मांग के बावजूद इसे उपलब्ध नहीं कराया गया और किसानों पर बिना मांग वाला बीज थोप दिया गया। उन्होंने सरकार से मांग की कि बीज वितरण की योजना में सुधार किया जाए और बीज अनुदान सीधे किसानों के खाते में भेजा जाए।

### नीट यूजी में अंकित ने पाई बड़ी सफलता, ऑल इंडिया में हासिल किया 6522वां स्थान



**हुसैनाबाद।** डॉ. अरुण मेहता के पुत्र अंकित कुमार ने नीट यूजी 2025 में 566 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंकिंग में 6522वां और ओबीसी कैटेगरी में 2634वां स्थान प्राप्त किया है। अंकित की सफलता पर पूरे परिवार में खुशी की लहर है। पिता डॉ. मेहता ने कहा कि कठिनाइयों के बावजूद बेटे की शिक्षा में कोई कमी नहीं की, जिसका फल अब मिला है। अंकित ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उनके बड़े भाई आईआईटी से और बहन भी नीट में सफल हो चुकी हैं, जिससे गांव में भी खुशी का माहौल है।

# विद्यार्थियों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प, पुलिस कर रही अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा में मंगलवार को पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। एसआई प्रदीप कुमार और एएसआई सुबोध कुमार ने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी और हाथों में नारे लिखी तख्तियों के साथ जागरूकता रैली भी करवाई। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार ने बताया कि 10 से 26 जून तक यह अभियान सभी विद्यालयों में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्राचार्य अविनाश चौधरी, शिक्षक सत्य प्रकाश, नरेंद्र राम, अभिषेक तिवारी समेत कई शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

**प्रतिभा**

### जिप सदस्य राजू मेहता ने शूटिंग प्रतियोगिता में जीते दो रजत पदक

# युवाओं को खेलों में भाग लेने की प्रेरणा दी




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिला परिषद सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता ने रांची में आयोजित ओपन इंटर क्लब शूटिंग चैंपियनशिप में दो रजत पदक जीतकर हुसैनाबाद का नाम रोशन किया। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल ओपन साइट में 305 स्कोर और 50 मीटर .22 राइफल में 77 स्कोर किया। यह प्रतियोगिता जेएसआरए द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें उन्हें प्रेसिडेंट दिवाकर सिंह द्वारा पदक प्रदान किया गया। मेहता ने युवाओं को खेलों में भाग लेने की प्रेरणा दी और कहा कि वे आगे भी प्रतियोगिता में भाग लेंगे और युवाओं को प्रोत्साहित करते रहेंगे।

### टीवीएस लूना व बाइक में टक्कर, चार लोग घायल

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी-दंगवार मुख्य सड़क पर भजनियां गांव के पास मंगलवार को टीवीएस लूना और बाइक में सीधी टक्कर हो गई। इसमें रामबांध निवासी सरयू पाल (50), सोनू पाल (37), सरिता देवी (50) और रविंद्र पाल (28) घायल हो गए। सूचना पर एएसआई सुरेंद्र तिवारी मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से हुसैनाबाद अस्पताल भेजा। दोनों वाहन जब्त कर थाना लाया गया।

# भजनियां के बच्चों ने ली नशामुक्ति की शपथ, निकाली रैली



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में जेएसएलपीएस के सहयोग से नशामुक्ति अभियान चलाया गया। बच्चों, माताओं और शिक्षकों ने शपथ लेकर रैली निकाली और नुक्कड़ सभा कर नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता फैलाई। इस अवसर पर गीत, भाषण और पोस्टर के माध्यम से संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मीना देवी, चांदनी देवी, राकेश पांडेय, सत्येंद्र कुमार सहित आजीविका सखी मंडल की दीदियां शामिल रहीं।

# कल्याण गुरुकुल की पहल से युवाओं को मिला रोजगार, 15 प्रशिक्षु चेन्नई की कंपनियों में हुए चयनित

● प्रेझा फाउंडेशन द्वारा पलामू में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल, पलामू के ऑटोमोटिव मशीनिस्ट ऑपरेटर बैच संख्या-54 के 15 प्रशिक्षणार्थियों को चेन्नई स्थित प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार मिला है। इस अवसर पर आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी, फिल्म निर्माता एवं वन्यजीव फोटोग्राफर सैकत चटर्जी और विशिष्ट अतिथि के रूप में IIPA के वरिष्ठ रंगकर्मी सह शिक्षाविद प्रेम प्रकाश उपस्थित थे। दोनों अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत कल्याण गुरुकुल, पलामू के श्री सतेन्द्र कुमार द्वारा अतिथियों का स्वागत कर की गई। इस दौरान सैकत चटर्जी ने युवाओं को मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन के साथ काम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म युवाओं के लिए भविष्य निर्माण का अवसर है, जिसका उन्हें सही तरीके से उपयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर एरिया मैनेजर दीपक सिंह, एमई मिथिलेश कुमार, सुग्रीव सिंह, ट्रेनर बिंदेश कुमार और एमडी मुकीब अंसारी, एमआईएस शिवांश कुमार तथा कुक पंकज कुमार समेत संस्थान के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की विशेष प्रयोजन संस्था के रूप में प्रेझा फाउंडेशन पिछले 13 वर्षों से युवाओं को कौशल विकास और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रही है। अब तक 40,000 से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को मजबूत किया गया है। वर्तमान में झारखंड में 28 कल्याण गुरुकुल, 8 एएनएम नर्सिंग कॉलेज और 1 आईटीआई कौशल कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। यह पहल राज्य के विकास में भी योगदान दे रही है।

# जनजातीय जागरूकता अभियान में लगे शिविरों से मिला लाभ

● पलामू के चार प्रखंडों में आयोजित शिविरों में लाभुकों को योजनाओं की जानकारी व लाभ उपलब्ध कराया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन की ओर से अनुसूचित जनजाति और आदिम जनजाति वर्ग के लाभुकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी 'जन जागरूकता और लाभ अभियान' के तहत मंगलवार को जिले के चार प्रखंडों में पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया गया। पांकी प्रखंड के हुताई पंचायत, मनातू के डुमरी, विश्रामपुर के बघमनवा और चैनपुर प्रखंड के भड़गांव पंचायत में आयोजित शिविरों में लाभुकों को योजनाओं की जानकारी दी गई और कई लोगों को योजनाओं से जोड़ा भी गया। शिविरों में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहाँ ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। डालटनगंज सदर प्रखंड के झाबर पंचायत भवन में आयोजित शिविर की अध्यक्षता बीडीओ जागो महतो ने की। मौके पर मुखिया संगीता देवी, पंचायत सचिव रौशन कुमार, मनीष कुजूर, नीतीश कुमार, बीएओ ज्योति रंजन और बीपीओ अमन कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मनातू प्रखंड के डुमरी पंचायत भवन में आयोजित शिविर में बीडीओ राजकुंवर सिंह, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गौतम प्रसाद कश्यप, पंचायत सचिव, मुखिया और अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। चैनपुर और विश्रामपुर में भी इसी तरह के शिविर आयोजित हुए, जिसमें जनजातीय समुदाय को योजनाओं का लाभ दिया गया और उन्हें जागरूक किया गया।

# श्री कृष्णा संस्थान के तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न

● चियांकी व जोरकट परिसर में कई विशिष्टजन हुए शामिल, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** श्री कृष्णा संस्थान के तत्वावधान में मंगलवार को चियांकी स्थित पंडित जगनारायण त्रिपाठी बी.एड. कॉलेज और जोरकट स्थित स्वामी प्रज्ञानंद सुपर मगध स्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और हरियाली को बढ़ावा देना था।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में संस्थान की अध्यक्षा साध्वी विभानंद गिरी, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी, नंद गोपाल त्रिपाठी, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अनुराधा कुमारी, नकुल त्रिपाठी, जावेद खान, दीप नारायण तिवारी, अनुज तिवारी, अजय कुमार, शमशेर अंसारी, मुख्तार अंसारी, सदर बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव, मोहम्मद अली अंसारी, आप्त सचिव अंकित सोनी, प्रेम पासवान, सुभाष पांडे और उज्ज्वल दुबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और आम लोगों से अधिकाधिक वृक्ष लगाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संतुलन, जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ वातावरण के महत्व पर भी चर्चा की गई।

**हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन**

# बैरिया से प्रखंड कार्यालय तक रैली, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** झारखंड में कथित भ्रष्टाचार, गिरती विधि-व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं की विफलता के खिलाफ मंगलवार को भाजपा नगरमंडल और पोलपोल ग्रामीण मंडल, मेदिनीनगर सदर के संयुक्त तत्वावधान में आक्रोश मार्च निकाला गया। यह प्रदर्शन बैरिया बाजार समिति चौक से आरंभ होकर सदर प्रखंड कार्यालय पहुंचा, जहां सभा में तब्दील होकर सरकार के खिलाफ जमकर विरोध जताया गया।

सभा की अध्यक्षता नगरमंडल अध्यक्ष सरवन गुप्ता ने की, संचालन राजेश गुप्ता ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक मनोहर कुमार लाली ने दिया।

मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड प्रदेश भाजपा महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार में राज्य भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और माफिया तंत्र की गिरफ्त में आ गया है। उन्होंने कहा कि 2014 से 2019 के बीच जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तब सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई थी। वहीं वर्तमान सरकार के शासनकाल में खनिज लूट, बेरोजगारी और पलायन बढ़ा है।

पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि राज्य में भय, भूख और भ्रष्टाचार चरम पर है। रोजगार, पेंशन, भूमि-म्यूटेशन जैसी बुनियादी सेवाओं में बिचौलियों का बोलबाला है। सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से बालू और खनिज का खुलेआम दोहन हो रहा है।

सभा को विजय ओझा, अर्जुन सिंह, विजय कुशवाहा, सुशील सिंह, श्याम जी चौधरी सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने राज्य सरकार को 'अंधेर नगरी चौपट राजा' की संज्ञा देते हुए कानून व्यवस्था को विफल बताया।

प्रदर्शन में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और नेता शामिल रहे, जिनमें प्रमुख रूप से धर्मेंद्र उपाध्याय, शिवकुमार मिश्रा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, रेखा देवी, शोभा देवी, रीना किशोर, सुनीता सिंह, शुभम प्रसाद, दीपक सिंह, सुनील तिवारी, अमित शाह, गुड्डू साहू, रंजीत सिंह, चंदू चंद्रवंशी, रेनू देवी, सुजाता सिंह आदि उपस्थित थे।

सभा के अंत में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के नाम संबोधित ज्ञापन प्रखंड अंचल अधिकारी को सौंपा।

# नशे की हालत में वीडियो वायरल एएसआई अभिमन्यु सिंह लाइन हाजिर

● पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने पर हुई त्वरित कार्रवाई, वीडियो में महिला व शराब के साथ दिखे एएसआई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) अभिमन्यु सिंह को नशे की हालत में वर्दी में महिला के साथ दिखने वाले वायरल वीडियो के बाद मंगलवार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। वायरल वीडियो में एएसआई अभिमन्यु सिंह पुलिस वर्दी में शराब पीते और एक महिला से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में उनके सामने शराब और भोजन (चिकन) भी स्पष्ट रूप से दिख रहा है। इस पूरे दृश्य में एएसआई की हालत नशे में प्रतीत हो रही है, जो एक पुलिसकर्मी की मर्यादा और विभागीय आचार संहिता के विरुद्ध मानी गई। बताया जा रहा है कि यह वीडियो कुछ महीनों पूर्व का है, लेकिन हाल ही में यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिससे पुलिस विभाग की छवि को ठेस पहुंची। विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से एएसआई अभिमन्यु सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। ज्ञात हो कि अभिमन्यु सिंह वर्ष 2015 से शहर थाना में पदस्थापित हैं। वर्दी में इस तरह की हरकत ने उनके कार्य व्यवहार पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से मामले की आंतरिक जांच की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

## बारिश के बाद भी राहत नहीं, उमस ने बढ़ाई परेशानी

**मेदिनीनगर।** हाल के दिनों में हुई बारिश के बावजूद जिले में गर्मी और उमस से राहत नहीं मिली है। बीते तीन दिनों से चटख धूप और चिपचिपी गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित किया है। मंगलवार को भी मौसम का मिजाज तल्ख रहा, हल्की बारिश के बावजूद उमस और अधिक बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश के बाद भी उमस बरकरार रहने से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। बिजली की आंख-मिचौली ने भी लोगों की दिक्कतें बढ़ा दीं। कई मोहल्लों में मंगलवार को घंटों बिजली गायब रही, जिससे लोग पसीने से तरबतर होते रहे। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले दो दिनों तक बूंदाबांदी और हल्की बारिश हो सकती है, लेकिन गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। इस बीच किसान खेतों में फसल बुवाई की तैयारी में जुट गए हैं, हालांकि बारिश की अनिश्चितता ने उनके सामने चुनौती खड़ी कर दी है।

## स्थान बदले जाने पर हुआ निर्णय, अब बेलवाटिका में होगा सम्मान समारोह

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में मंगलवार को संत मरियम स्कूल परिसर स्थित कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमंडलीय अध्यक्ष बालकिशुन उरांव ने की, जबकि केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सतीश कुमार ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम का आयोजन शाहपुर स्थित चलानी किला में होना था, लेकिन मौसम की स्थिति को देखते हुए स्थान परिवर्तन पर विचार किया गया। अब यह कार्यक्रम बेलवाटिका स्थित गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राजा मेदनी राय तीरंदाज एकेडमी के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। ये सभी प्रतिभागी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी, कराटे और मार्शल आर्ट में पदक प्राप्त कर चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संस्थापक एवं प्रधान महासचिव शामिल होंगे। तीरंदाज एकेडमी के संरक्षक अविनाश देव ने समारोह की तैयारी और समीक्षा की। उन्होंने आयोजन स्थल की स्थिति और आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। बैठक में सतीश कुमार, बालकिशुन उरांव, दाऊद केरकेट्टा, बसंत हेमरम, पुनिया टोपनो, राजू प्रजापति, एकेडमी के प्रशिक्षक संतोष कुमार, संतन कुमार, अशुतोष पांडेय, सिकंदर प्रजापति, रंजन प्रसाद, दीपक कुमार गुप्ता और अमित प्रजापति सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता के साथ यज्ञवीर व धर्मनिष्ठ सेवक थे शिवनाथ अग्रवाल



**मेदिनीनगर।** पलामू के वरिष्ठ अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और यज्ञ-आंदोलन के अग्रदूत शिवनाथ अग्रवाल के निधन से जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। सोमवार को राज हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उनका आकस्मिक निधन हो गया। वे भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पुराने कार्यकर्ताओं में गिने जाते थे और वर्षों तक संगठनात्मक दायित्व निभाते रहे। वे पांकी विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके थे। उनके निधन पर रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, धर्मगुरु डॉ. सत्यकेतु संजय और शिक्षाविद हरिशंकर मिश्र सहित कई बुद्धिजीवियों ने गहरा शोक प्रकट किया। प्रधानाध्यापक तिवारी ने कहा कि शिवनाथ अग्रवाल न केवल विद्वान अधिवक्ता थे, बल्कि एक यज्ञवीर भी थे। उन्होंने मानस और वेद पर आधारित यज्ञ-प्रवचन कार्यक्रमों के आयोजन से समाज को राष्ट्रव्यापी स्तर के विद्वानों से जोड़ने का कार्य किया। वे धर्म के पूर्णकालिक सेवक थे और उनका आशीर्वाद सदैव मिला। व्यवसायी आलोक कुमार तुलस्यान ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। धर्मगुरु डॉ. सत्यकेतु संजय ने कहा कि उनका व्यक्तित्व अत्यंत विराट और प्रेरणादायक था। वे साहित्य समाज प्रांगण में हो रहे मंदिर निर्माण के प्रमुख प्रेरक थे। उनके जाने से समाज की एक अमूल्य धरोहर विलीन हो गई है। शिक्षाविद हरिशंकर मिश्र ने कहा कि शिवनाथ अग्रवाल का जीवन सकारात्मक सक्रियता का जीवंत प्रतीक रहा। वे दृढ़ निश्चयी थे और समूह नेतृत्व में निपुणता रखते थे। भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं के अनुसार, अग्रवाल का संबंध अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे राष्ट्रीय नेताओं से गहरा रहा। उनके निधन से भाजपा परिवार सहित पूरा पलामू मर्माहत है। शहर के नागरिकों ने उन्हें धर्म, संगठन और समाज के बीच एक समर्पित सेतु बताया है। उनके यश, योगदान और स्मृति को समाज हमेशा याद करेगा।

# पलामू डीआईजी ने किया रेहला थाना का औचक निरीक्षण

● पुलिस पदाधिकारियों को बेहतर टर्नआउट, त्वरित कांड निष्पादन व जनता से शालीन व्यवहार का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) नौशाद आलम ने मंगलवार को रेहला थाना का औचक निरीक्षण किया। थाना प्रभारी गुलशन बिरुवा ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने थाना परिसर, सिरिस्ता तथा अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया।

उन्होंने पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों और जवानों के टर्नआउट की जांच की और पाया गया कि कुछ अभिलेखों में त्रुटियां हैं, जिन्हें जल्द सुधारने का निर्देश दिया गया। डीआईजी ने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, जनता की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई, महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा वाले क्षेत्रों में विशेष पेट्रोलिंग, मादक पदार्थों के विरुद्ध छापेमारी तथा जागरूकता अभियान चलाने जैसे बिंदुओं पर विस्तार से दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पुलिस का व्यवहार जनता के प्रति सहयोगात्मक और संवेदनशील होना चाहिए। साथ ही वरीय पदाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों को सभी कर्मियों तक पहुँचाने और गार्ड फाइल में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान पांडू अंचल के पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान भी मौजूद रहे। संतोषजनक कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को डीआईजी ने मौके पर ही पुरस्कृत किया।

# सेवाभावी अधिवक्ता शिवनाथ अग्रवाल का निधन, समाज को अपूरणीय क्षति

● अध्यात्म, साहित्य, संस्कृति व संगठन के क्षेत्र में चार दशकों तक निभाई अग्रणी भूमिका

**मेदिनीनगर।** पलामू जनपद के प्रसिद्ध अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्री तुलसी मानस मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य शिवनाथ अग्रवाल का सोमवार को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके साकेतधाम गमन से जिले की आध्यात्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को अपूरणीय क्षति हुई है। वे न केवल एक कर्मठ अधिवक्ता थे, बल्कि रामचरित मानस के प्रति गहरी आस्था रखने वाले ऐसे सेवक थे, जिनकी जीवन यात्रा सेवा, श्रद्धा और समर्पण से परिपूर्ण रही। श्री तुलसी मानस मंदिर, चौक पलामू, जो आज श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, उसका वर्तमान स्वरूप उनकी दूरदृष्टि और अथक प्रयासों का परिणाम है। वे श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ समिति के महामंत्री रहे और 1953 से प्रारंभ इस परंपरा को व्यवस्थित रूप में आगे बढ़ाते रहे। 1978 में प्रवचन कार्यक्रम की रजत जयंती के बाद वे इस सेवा कार्य में और अधिक सक्रिय हो गए। वे मानते थे– "यह कार्य हनुमानजी करा रहे हैं, सेवक शिवनाथ की कोई औकात नहीं।"

उन्हें मानस की अधिकांश चौपाइयां कंठस्थ थीं। वर्षों तक श्रीराम के जीवन आदर्शों का प्रचार-प्रसार उनके जीवन का ध्येय बना रहा। वर्ष 1998 में जब बिहार के तत्कालीन राज्यपाल सुंदर सिंह भंडारी ने मानस महायज्ञ का उद्घाटन किया, तो वह कार्यक्रम उनके जीवन का गौरवपूर्ण अध्याय बन गया।

दिसंबर 2022 में आयुक्त जटाशंकर चौधरी द्वारा मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ, जिसमें अग्रवाल जी ने एक लाख ग्यारह हजार रुपये की सहयोग राशि देकर आजीवन सदस्यता ली और कई नए लोगों को इससे जोड़कर भगीरथ प्रयास किया।

**व्यक्तिगत जीवन व योगदान :** शिवनाथ अग्रवाल का जन्म 1940 में गया जिले के गुरारु में हुआ था। वे कांसल गोत्र के थे। उन्होंने बीए, एलएलबी की शिक्षा प्राप्त कर अधिवक्ता के रूप में कार्य शुरू किया। वे वर्षों तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे और भाजपा की सक्रिय राजनीति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उनकी धर्मपत्नी स्व. सीमा अग्रवाल थीं। उनके पुत्र शैलेन्द्र अग्रवाल (अधिवक्ता) और सुभाष अग्रवाल (इंजीनियर) हैं, जबकि पुत्री सुनीता अग्रवाल परिवार का हिस्सा हैं।

शिवनाथ अग्रवाल का जीवन सेवा, संस्कार और संस्कृति का आदर्श बनकर समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। पलामू की धरती ने एक समर्पित समाजसेवी को खो दिया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। समाज उन्हें सदैव स्मरण करेगा। विनम्र श्रद्धांजलि।

**निर्देश** | किसानों-पशुपालकों से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न, उपायुक्त ने कहा-

# योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने में तेजी लाएं, बीज वितरण 10 अगस्त तक पूर्ण हो

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार को कृषि, पशुपालन, सहकारिता और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कार्यालय वेश्म में आयोजित इस बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों और पशुपालकों को लाभ दिलाने में विभागीय अधिकारी सक्रियता से कार्य करें और योग्य लाभुकों को योजनाओं से अच्छादित करें।

मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने वेदव्यास आवास योजना, तालाब-जलाशय, समेकित मत्स्य पालन और पोर्टेबल हैचरी योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बायोफ्लॉक तकनीक के माध्यम से मछली और बीज उत्पादन को बढ़ावा देने का निर्देश दिया, ताकि पलामू को मत्स्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उद्यान विभाग की समीक्षा में नर्सरी विकास के साथ-साथ शहरी खेती, मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। गव्य विकास योजनाओं में प्रगति लाने और उनका प्रचार-प्रसार करने पर भी बल दिया गया। उपायुक्त ने पशुपालन विभाग से सभी पशुओं का वैक्सीनेशन लक्ष्य के अनुसार पूर्ण करने की बात कही। भूमि संरक्षण विभाग के अंतर्गत तालाब जीर्णोद्धार, परकोलेशन टैंक और डीप बोरिंग की प्रगति भी जानी गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी, गव्य विकास पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी बीज वितरण में तेजी लाएं : उपायुक्त

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने खरीफ सीजन के तहत धान, मक्का, अरहर आदि बीजों के वितरण की स्थिति जानी। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी बीज वितरण में तेजी लाएं और यह कार्य आगामी 10 अगस्त तक हर हाल में पूरा किया जाए। समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना के तहत चल रहे कृषि फार्मों की प्रगति पर भी चर्चा हुई।

# भ्रष्टाचार, बदहाल व्यवस्था व जन समस्याओं के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल

**● राज्यव्यापी आक्रोश आंदोलन के तहत प्रखंड स्तर पर धरना-प्रदर्शन, सौंपा गया मांग पत्र**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जनहित के मुद्दों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे राज्य में प्रखंड स्तर पर आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर हेमंत सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई और संबंधित प्रखंड पदाधिकारियों को राज्यपाल व उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनता से जुड़े मुद्दों – जैसे भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, पेंशन, राशन, किसानों की अनदेखी और रोजगार – पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## कांडी में भाजपा का प्रदर्शन, बीडीओ के नाम सौंपा ज्ञापन

**कांडी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को कांडी प्रखंड कार्यालय में भाजपाइयों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांडी व हरिहरपुर मंडल के कार्यकताओं ने प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की और उपायुक्त के नाम ज्ञापन बीडीओ की अनुपस्थिति में कार्यालय के बड़ा बाबू को सौंपा। कार्यक्रम की अगुवाई मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी ने की जबकि संयोजन में ओमप्रकाश तिवारी, पप्पू पांडेय और निर्मल विश्वकर्मा शामिल रहे। इस दौरान कार्यकताओं ने ह्लहेमंत सोरेन मुदार्बादह्व और ह्लहेमंत सोरेन होश में आओह्व जैसे नारे लगाए। वक्ताओं ने चेताया कि यदि भ्रष्टाचार नहीं रुका तो आंदोलन को जिले से राज्य स्तर तक विस्तारित किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुन्ना तिवारी, पवन साहू, रविंद्र पासवान, अजय सिंह, संतोष सिंह, ललित बैठा, सीताराम तिवारी, राजेंद्र पांडेय, अंजू सिंह, बैजनाथ तिवारी, कृष्णा सिंह, दिलीप सिंह, लखन ठाकुर, संजय दुबे, हरिनंदन दुबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



## भाजपा का प्रदर्शन, 10 से अधिक मांगों का सौंपा गया पत्र



**चिनिया।** मंगलवार को दोपहर १ बजे भाजपा चिनिया मंडल इकाई के बैनर तले प्रखंड कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया गया। नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने किया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार, योजनाओं में लूट, कानून व्यवस्था की बदहाली, किसानों की अनदेखी जैसे मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। वक्ताओं ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे राज्य में अव्यवस्था फैली है। आय-जाति प्रमाण पत्र से लेकर आवास योजना तक में रिश्वतखोरी चरम पर है। भाजपा ने पेसा कानून लागू करने, पारदर्शी राशन-पेंशन व्यवस्था, शिक्षक-चिकित्सक बहाली, धान भुगतान और प्रमाणपत्र प्रक्रिया सुधार जैसी 10+ मांगें सामने रखीं। अंत में प्रखंड प्रशासन को मांगपत्र सौंपा गया। इस अवसर पर शिवलाल सिंह, मुखिया गोपाल यादव, राजेश प्रसाद, बनवारी प्रसाद गुप्ता, शाहित सहित भाजपा के अनेक नेता और कार्यकर्ता तथा पुलिस बल मौजूद रहे।

## बड़गड़ में भाजपा का धरना प्रदर्शन

**बड़गड़।** मंगलवार को बड़गड़ में भाजपा मंडल इकाई द्वारा प्रखंड स्तर पर जन आक्रोश प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में हेमंत सरकार के कार्यों को लेकर नाराजगी जताई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद ने की जबकि मार्गदर्शन रूप निरंजन सिन्हा और कुंवर सिंह ने दिया। धरना के बाद बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रखंड सहायक हिमांशु पंडित को सात सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। वक्ताओं ने कहा कि हर सरकारी योजना में कमीशनखोरी हो रही है। महिला सम्मान योजना हो या मनरेगा, सब कुछ भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है।

## भाजपा का जन आक्रोश प्रदर्शन, पंचायत सचिव को सौंपा ज्ञापन



**केतार।** भाजपा के प्रदेश स्तरीय आह्वान पर केतार प्रखंड में मंगलवार को भाजपा कार्यकताओं ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया। बीडीओ के अनुपस्थित रहने पर पंचायत सचिव सुरेश राम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन की अगुवाई वरिष्ठ नेता रघुराज पांडे और मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने की। वक्ताओं ने कहा कि ब्लॉक में भारी भ्रष्टाचार फैला है, और अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। छह माह का मौन समर्थन देने के बावजूद सरकार ने व्यवस्था सुधारने की बजाय लूट को बढ़ावा दिया है। इस अवसर पर हेमंत कुमार पाठक, त्रिपुरारी सिंह, सत्येंद्र ठाकुर, विनय प्रसाद, धीरेन्द्र शुक्ला, मनोज सिंह, राजकुमार राम, नंदू साह, धर्मेंद्र सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भंडरिया में भाजपा का जुलूस व धरना प्रदर्शन

**भंडरिया।** भाजपा भंडरिया मंडल की ओर से मंगलवार को आक्रोश जुलूस निकाला गया जो इंदिरा चौक होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचा। वहां सभा आयोजित कर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर और संचालन मुखिया विनय सिंह ने किया। मुख्य वक्ता मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि हेमंत सरकार के पांच वर्षों में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था की गिरावट चरम पर है। राज्य में अंधेर नगरी चौपट राजाऱ जैसी स्थिति बन गई है। सभा में विधायक प्रतिनिधि विरझु सिंह, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, भुषण सिंह, सत्यनारायण गुप्ता, अनिल केशरी, अवधेश उपाध्याय, गीता देवी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रंका में भाजपा कार्यकर्ताओं का जुलूस और धरना

**रंका।** भाजपा उत्तर व दक्षिण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को रंका प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय आक्रोश धरना-प्रदर्शन किया गया। रैली की शुरूआत थाना मोड़ से हुई, जो ब्लॉक पहुंच कर सभा में तब्दील हुई। उत्तरी मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश दास ने कहा कि राज्य के हर प्रखंड में आज भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन चल रहा है। सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिंह ने कहा कि ब्लॉक की स्थिति भयावह हो गई है, कोई सुनवाई नहीं हो रही है। धरना में मनोज ठाकुर, रविंद्र शाह, दिनेश चंद्रवंशी, सुनील माली, ललित राम, सचीता तिवारी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भाजपा का प्रदर्शन, 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया

**मेराल।** मंगलवार को भाजपा कार्यकताओं ने मेराल प्रखंड मुख्यालय पर हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली और प्रदर्शन किया। सीओ जसवंत नायक व प्रखंड नाजिर सुनील कुमार को उपायुक्त के नाम 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि सरकार के संरक्षण में अधिकारी जनता के हक को लूट रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### मकरी पंचायत में गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रजनी रंजन ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार देर शाम मकरी पंचायत के छवनी टोला में छापेमारी कर 650 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने मौके से विश्वनाथ साह को गिरफ्तार किया, जिसे सोमवार को गढ़वा जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, विश्वनाथ साह अपने घर में गांजा रखकर बेचने का काम करता था। एसडीपीओ की सूचना पर थाना प्रभारी ने उसके घर में छापा मारा, जहां बिक्री के लिए तैयार छोटी-छोटी पुड़ियों में गांजा बरामद हुआ। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया।

### रंका में कनहर नदी के किनारे अज्ञात अधजली महिला का शव बरामद

**रंका।** थाना क्षेत्र के गोदरमाना कनहर नदी किनारे मंगलवार सुबह एक अज्ञात अधजली अधेड़ महिला का निर्वस्त्र शव मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गढ़वा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अवर निरीक्षक राजेश कुमार झा ने बताया कि शव कचरे और लकड़ी में फंसा मिला, शरीर पर टैटू व जलने के कई निशान हैं। प्रथम द्रष्टया हत्या की आशंका है, पर स्पष्ट स्थिति पोस्टमार्टम के बाद ही सामने आएगी।

### आपसी विवाद में पति-पत्नी ने खाई कीटनाशक दवा

**श्री बंशीधर नगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के चितरी गांव में आपसी विवाद में पति-पत्नी ने कीटनाशक दवा खा ली। पत्नी सबिता देवी की मौत हो गई, जबकि पति रामबली रजवार की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना मंगलवार सुबह की है, जब दोनों ने अपने बच्चों के सामने कीटनाशक खाया। बच्चे के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़ा और दंपती को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने सबिता देवी को मृत घोषित कर दिया, जबकि पति को गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मृतक के छोटे भाई ने दी, जिसने बताया कि रामबली गुजरात से सुबह ही लौटा था।

### युवा कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव की तैयारी शुरू

**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव को लेकर मंगलवार को स्थानीय सर्किट हाउस में बैठक हुई। बैठक में सदस्यता अभियान का पोस्टर लॉन्च किया गया। जिला समन्वयक शेखर नालवंशी और विधानसभा अध्यक्ष रोहित पांडेय ने बताया कि ब्लॉक, विधानसभा, जिला और राज्य स्तर पर चुनाव पारदर्शिता के साथ होंगे।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनीं जन समस्याएं



**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर जन समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, आवास योजना, मुआवजा, रोजगार और अवैध कब्जे से जुड़ी कई शिकायतें प्राप्त हुईं। सगमा, रंका, रमना, केतार और गढ़वा प्रखंड के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। कई फरियादियों ने मईंया सम्मान योजना की किस्तें बंद होने और अनुकंपा नियुक्ति के लंबित मामलों को लेकर भी शिकायत की। उपायुक्त ने सभी मामलों में शीघ्र समाधान का भरोसा दिया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला



**गढ़वा।** जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के तहत गढ़वा समाहरणालय में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने की। इस अवसर पर स्वच्छता रैंकिंग, खुले में शौच से मुक्ति, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जन जागरूकता सहित कई बिंदुओं पर तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में जिला जल एवं स्वच्छता समिति के पदाधिकारी, बीडीओ, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता आकलन और रैंकिंग प्रणाली को मजबूत बनाना था।

## आपातकाल की काली यादें: रामचंद्र केशरी की पीड़ा

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रामचंद्र केशरी ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उस काले दौर को याद किया। उन्होंने बताया कि 26 जून 1975 को उन्हें सुबह गिरफ्तार किया गया और साढ़े पांच महीने जेल में रहना पड़ा। रामचंद्र केशरी ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय था। उस समय नागरिक अधिकार खत्म कर दिए गए थे, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगा दिया गया था और विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने जनता पार्टी की सरकार बनने और स्वयं के विधायक चुने जाने की भी चर्चा की।

## भवनाथपुर में भाजपा का सरकार विरोधी ज्ञापन सौंपा गया

**भवनाथपुर।** भाजपा मंडल भवनाथपुर ने मंगलवार को बीडीओ के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मईया सम्मान योजना के लाभ से वंचित महिलाओं को जोड़े जाने, मनरेगा में जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन, पंचायत प्रतिनिधियों को शक्तियाँ बहाल करने, अबुआ आवास योजना में लक्ष्य अनुसार आवंटन तथा खतियान सुधार की मांग शामिल थी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन कनीय अभियंता प्रिंस सिंह ने प्राप्त किया।

# बच्चों को गुड टच-बैड टच की दी गई जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय माझिगावां, उच्च विद्यालय खरौंधी, प्लस टू उच्च विद्यालय और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित कई स्कूलों में पॉक्सो एक्ट को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संसाधन समूह के अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने बच्चों को गुड टच-बैड टच, यौन शोषण से बचाव, कानूनी अधिकार और सहायता के लिए कहां संपर्क करें, इस पर विस्तार से जानकारी दी। बच्चों के लिए पोस्टर प्रदर्शनी और प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई।

## कांडी में बीएलओ को जियो फेंसिंग का प्रशिक्षण



**कांडी।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीएलओ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जियो फेंसिंग, मतदाता क्षेत्र का नक्शा तैयार करने और मतदान केंद्रों के मैपिंग पर प्रशिक्षण दिया गया। पंचायत सेवक अंजनी प्रसाद ने बताया कि यह कार्य 23 से 28 जून 2025 के बीच पूरा करना अनिवार्य है। बैठक में सभी बीएलओ मौजूद थे।

# दहेज प्रताड़ना के आरोपी के खिलाफ इश्तेहार तामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र के लमारी कला गांव निवासी आलोक पासवान के विरुद्ध न्यायालय द्वारा जारी इश्तिहार मंगलवार को तामिल कर दिया गया। अभियुक्त कांडी थाना कांड संख्या 144/2021 में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और दहेज अधिनियम के तहत नामजद है। पुलिस पदाधिकारी जुली टुड्डू ने अभियुक्त के घर पर इश्तिहार तामिल करते हुए न्यायालय में समर्पण करने की अंतिम चेतावनी दी है। नियत समय में उपस्थित नहीं होने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन विवाद को लेकर अनिल राम का आमरण अनशन फिर शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय निवासी अनिल राम ने मंगलवार सुबह एक बार फिर जमीन विवाद को लेकर प्रखंड परिसर में आमरण अनशन शुरू कर दिया। वे वर्षों से खाता संख्या 4 व अन्य विवादित प्लॉटों पर दावा कर रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक निष्पादन नहीं होने से वे आक्रोशित हैं। इससे पूर्व 22 मई को भी उन्होंने अनशन किया था, जिसे अंचलाधिकारी के आश्वासन पर समाप्त किया गया था। अनिल राम ने राज परिवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना सत्यापन के ऑनलाइन रसीद कटवाकर जमीन बेची जा रही है, जबकि उनका पीढ़ी-दर-पीढ़ी से कब्जा रहा है। अंचलाधिकारी उमेश्वर यादव ने बताया कि अंतिम तिथि 30 जून तय की गई है और विरोधी पक्ष को अंतिम नोटिस भेजा जाएगा। इस दौरान भाजपा नेता सूरज गुप्ता प्रतिनिधिमंडल के साथ अनशन स्थल पर पहुंचे और निष्पक्ष जांच की मांग की।

## विद्यालय परिसर में फलदार पौधे लगा बच्चों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के बुनियादी विद्यालय में प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता के नेतृत्व में फलदार पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने छात्रों को वृक्षारोपण के लाभ गिनाते हुए कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन के साथ-साथ हमें आक्सीजन, छाया और पोषण प्रदान करते हैं। आम व आंवला के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर शिक्षक विभूति प्रकाश समेत कई छात्र उपस्थित थे।


## कार्यालय: जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार

**JIMMS Portal में पंजीकृत डिफॉल्टर (रोड टैक्स/फिटनेस) के वाहन स्वामियों को पथकर/फिटनेस अद्यतन करने हेतु आवश्यक सूचना**

ज्ञापांक–384/जि0परि0 दिनांक–20.06.2025

जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार में निबंधित एवं JIMMS Portal में पंजीकृत डिफॉल्टर (रोड टैक्स/फिटनेस) के वाहन स्वामियों द्वारा पथ कर तथा फिटनेस अद्यतन नहीं किया जा रहा है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि वे बकाया पथ–कर की राशि का भुगतान एक पक्ष के अंदर ई–पेमेंट के माध्यम से निश्चित रूप से जमा करना एवं फिटनेस अद्यतन कराना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा झारखण्ड मोटरवाहन करारोपण एवं संशोधित अधिनियम 2011 की धारा–21(क), 22(3) के तहत जब्ती एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

| Sl.No. | Vehicle No. | Sl.No. | Vehicle No. | Sl.No. | Vehicle No. | Sl.No. | Vehicle No. | Sl.No. | Vehicle No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH19A4886 | 101 | JH19A9347 | 201 | JH19B8760 | 301 | JH19B9254 | 401 | JH19B0388 |
| 2 | JH19E0558 | 102 | JH19A8185 | 202 | JH19B9964 | 302 | JH19B1790 | 402 | JH19A9899 |
| 3 | JH19E8221 | 103 | JH19A5418 | 203 | JH19D3626 | 303 | JH19B6175 | 403 | JH19A7905 |
| 4 | JH19C0329 | 104 | JH19B2946 | 204 | JH19D4407 | 304 | JH19B1271 | 404 | JH19B1821 |
| 5 | JH19B7096 | 105 | JH19B8966 | 205 | JH19C6675 | 305 | JH19B8144 | 405 | JH19A8861 |
| 6 | JH19C3722 | 106 | JH19A5365 | 206 | JH19D3892 | 306 | JH19B6347 | 406 | JH19A4248 |
| 7 | JH19B9954 | 107 | JH19B4994 | 207 | JH19D8727 | 307 | JH19B3667 | 407 | BR1B9051 |
| 8 | JH19A7983 | 108 | JH19B1746 | 208 | JH19A4590 | 308 | JH19B6419 | 408 | JH19A2663 |
| 9 | JH01AM7561 | 109 | JH19B3014 | 209 | JH19C2392 | 309 | JH19B5979 | 409 | JH19A2107 |
| 10 | JH19E6903 | 110 | JH19A5461 | 210 | JH19D5574 | 310 | JH19B1660 | 410 | JH02X0481 |
| 11 | JH19E1207 | 111 | JH19A9031 | 211 | JH19D8802 | 311 | JH19B5791 | 411 | BR15A0333 |
| 12 | JH19B8488 | 112 | JH19B9978 | 212 | JH19C7804 | 312 | JH19B7345 | 412 | JH19A8186 |
| 13 | JH19A7600 | 113 | JH19B0228 | 213 | JH19D8711 | 313 | JH19B9483 | 413 | JH19A2722 |
| 14 | JH19C4037 | 114 | JH19A3411 | 214 | JH19D2991 | 314 | JH19B9924 | 414 | JH19B5566 |
| 15 | JH19A7844 | 115 | JH19B2825 | 215 | JH19A9683 | 315 | JH19B4231 | 415 | JH19B0232 |
| 16 | JH19C2140 | 116 | JH19B9885 | 216 | JH19B4378 | 316 | JH19B3401 | 416 | JH19A5389 |
| 17 | JH19B1609 | 117 | JH19B2165 | 217 | JH19B6198 | 317 | JH19B5934 | 417 | JH19A8516 |
| 18 | JH19E9700 | 118 | JH19A2951 | 218 | JH19C9607 | 318 | JH19B6060 | 418 | JH19A5448 |
| 19 | JH19B6398 | 119 | JH19A6189 | 219 | JH19C6069 | 319 | JH19B8956 | 419 | JH19A2955 |
| 20 | JH19A7504 | 120 | JH19A2352 | 220 | JH19C5560 | 320 | JH19A4249 | 420 | JH19A2568 |
| 21 | JH19B5775 | 121 | JH19A4007 | 221 | JH19D6672 | 321 | JH19B9194 | 421 | JH19A7944 |
| 22 | JH19C4025 | 122 | JH19A7947 | 222 | BR218155 | 322 | JH01Y4012 | 422 | JH19A6825 |
| 23 | JH19A7491 | 123 | JH19B9957 | 223 | JH19D8823 | 323 | JH19B1411 | 423 | JH19A7505 |
| 24 | JH19A7664 | 124 | JH19B2664 | 224 | JH19D3973 | 324 | JH19B4119 | 424 | JH19A8762 |
| 25 | JH19A6233 | 125 | JH19B7185 | 225 | JH02F1083 | 325 | JH19A5183 | 425 | JH19B2537 |
| 26 | JH19B3871 | 126 | JH19B6142 | 226 | JH19C8779 | 326 | JH19B8807 | 426 | JH19A9321 |
| 27 | JH19A7110 | 127 | JH19B2806 | 227 | JH19C2409 | 327 | JH19B1426 | 427 | JH19B9499 |
| 28 | JH19B4869 | 128 | JH19B3227 | 228 | JH19A6239 | 328 | JH19B7608 | 428 | JH19A8722 |
| 29 | JH19C2678 | 129 | JH19B7224 | 229 | JH19C0508 | 329 | JH19B7139 | 429 | JH19A5253 |
| 30 | JH19C7425 | 130 | JH19A6801 | 230 | JH19C1733 | 330 | JH19A8515 | 430 | JH19A3628 |
| 31 | JH19C9794 | 131 | JH19A7436 | 231 | JH19C3635 | 331 | JH19B7703 | 431 | JH19A6788 |
| 32 | JH19C5282 | 132 | JH19A6462 | 232 | JH19C0302 | 332 | JH19B4789 | 432 | JH19B1385 |
| 33 | JH19A7109 | 133 | JH19A8434 | 233 | TN51AB7554 | 333 | JH19B9288 | 433 | JH19A8848 |
| 34 | JH19D4812 | 134 | JH19A6665 | 234 | TN51AB6862 | 334 | JH19B6562 | 434 | JH19A8699 |
| 35 | JH19C8089 | 135 | JH19A9601 | 235 | JH19C0884 | 335 | JH19B1160 | 435 | JH09T7823 |
| 36 | JH19A1603 | 136 | JH19A5392 | 236 | JH19C0911 | 336 | BR42G0333 | 436 | JH19A6506 |
| 37 | JH19A3039 | 137 | JH19A1863 | 237 | JH19C8391 | 337 | BPY9085 | 437 | JH19A6005 |
| 38 | JH19C0840 | 138 | JH19A6162 | 238 | JH19C7051 | 338 | JH19B1222 | 438 | JH19A5985 |
| 39 | JH19B5879 | 139 | JH19C4092 | 239 | JH19C6393 | 339 | JH19B3505 | 439 | JH19B3649 |
| 40 | JH01V4137 | 140 | JH19C1836 | 240 | JH19C8301 | 340 | JH19A7731 | 440 | JH19A2163 |
| 41 | JH01AL8915 | 141 | JH19A9597 | 241 | JH19B4718 | 341 | JH19A6824 | 441 | BR2H2072 |
| 42 | JH19D6371 | 142 | JH19B2193 | 242 | JH19C1546 | 342 | JH19B7360 | 442 | JH19A5962 |
| 43 | JH19D6425 | 143 | JH19A9328 | 243 | BR01GG6836 | 343 | JH19A9960 | 443 | JH19B8562 |
| 44 | JH19D2666 | 144 | JH19B5728 | 244 | JH19C1261 | 344 | BHB5361 | 444 | BPN8587 |
| 45 | JH19D9917 | 145 | JH19B9799 | 245 | JH19C4306 | 345 | JH19B4019 | 445 | BPN5962 |
| 46 | JH19D8882 | 146 | JH19A9997 | 246 | JH19C8920 | 346 | JH07H4204 | 446 | BR2H5369 |
| 47 | JH19D3896 | 147 | JH19B7093 | 247 | JH19C5373 | 347 | JH19B8580 | 447 | BR13G9255 |
| 48 | JH19D0525 | 148 | JH19B4026 | 248 | JH19C6127 | 348 | JH19A5584 | 448 | BPV8351 |
| 49 | JH19D2811 | 149 | JH19B6702 | 249 | JH19C3079 | 349 | JH19B8305 | 449 | JH19A6062 |
| 50 | JH19D4410 | 150 | JH19B8975 | 250 | JH19C4392 | 350 | JH19A6121 | 450 | JH19A8726 |
| 51 | JH19A7545 | 151 | JH19B1603 | 251 | JH19C0836 | 351 | JH19A8665 | 451 | BR42G7699 |
| 52 | JH19B4908 | 152 | JH19A8729 | 252 | JH19C1987 | 352 | JH19B3901 | 452 | BPM5231 |
| 53 | JH19D1383 | 153 | JH19A7715 | 253 | JH19C7451 | 353 | JH19A9362 | 453 | JH19A5582 |
| 54 | JH19A7724 | 154 | JH19B5349 | 254 | JH19C8977 | 354 | JH19A6663 | 454 | BPM7386 |
| 55 | BR23G2135 | 155 | JH19A7714 | 255 | JH19C2170 | 355 | JH19A8498 | 455 | JH02B4883 |
| 56 | JH19C1683 | 156 | JH19A7761 | 256 | JH19C6882 | 356 | JH19A5415 | 456 | BPN8892 |
| 57 | JH19A3613 | 157 | JH19A6851 | 257 | JH19C1586 | 357 | JH19B8238 | 457 | BPR8998 |
| 58 | JH19C7981 | 158 | OR16B2266 | 258 | JH19C8952 | 358 | JH19A7762 | 458 | JH19A9299 |
| 59 | JH19D4816 | 159 | JH19A7551 | 259 | JH19B2483 | 359 | JH19B6794 | 459 | JH19A9664 |
| 60 | JH19D4291 | 160 | JH19A9332 | 260 | JH19C5956 | 360 | JH19A3307 | 460 | JH19A8687 |
| 61 | JH19A7143 | 161 | JH19A8812 | 261 | JH19C1894 | 361 | JH19A6059 | 461 | JH19B0510 |
| 62 | JH19C7539 | 162 | JH19A9201 | 262 | JH19C6785 | 362 | JH19A1672 | 462 | JH19A9006 |
| 63 | JH19C9610 | 163 | JH19B3698 | 263 | JH19C2151 | 363 | JH07A9187 | 463 | JH11A5106 |
| 64 | OR19G3261 | 164 | JH19A8912 | 264 | JH19C3516 | 364 | JH19A6475 | 464 | JH19A9662 |
| 65 | JH19A5556 | 165 | JH19A7716 | 265 | JH19C2185 | 365 | JH09U2101 | 465 | JH02H3426 |
| 66 | JH19B9663 | 166 | JH19A9848 | 266 | JH19C2680 | 366 | JH19B5514 | 466 | JH19B4672 |
| 67 | JH19D4542 | 167 | JH19A8317 | 267 | JH19A7514 | 367 | JH19B2087 | 467 | JH19A3728 |
| 68 | JH19A8852 | 168 | JH19A6561 | 268 | JH19C2898 | 368 | JH03D6661 | 468 | JH19A3735 |
| 69 | JH19C0344 | 169 | JH19A7760 | 269 | JH19C3500 | 369 | JH19A6282 | 469 | JH19A8873 |
| 70 | JH19A9645 | 170 | JH19A8963 | 270 | JH19C2959 | 370 | JH19B9397 | 470 | JH19A9663 |
| 71 | JH19C7889 | 171 | JH19A9085 | 271 | JH19C6797 | 371 | JH19B0513 | 471 | JH19A8654 |
| 72 | JH19B4716 | 172 | JH19A6068 | 272 | JH19C3114 | 372 | JH19A6828 | 472 | JH19A7208 |
| 73 | JH19A2828 | 173 | JH19A9350 | 273 | JH19C8125 | 373 | JH19A4797 | 473 | JH19A5635 |
| 74 | JH19C0332 | 174 | BR13G0874 | 274 | JH19C5107 | 374 | JH19A8747 | 474 | JH19B9082 |
| 75 | JH19A9600 | 175 | BR2G6009 | 275 | JH19C6199 | 375 | JH19A5455 | 475 | JH19A7949 |
| 76 | JH19A5612 | 176 | JH11B7535 | 276 | JH19C2376 | 376 | JH19A7666 | 476 | JH19A9082 |
| 77 | JH19B9340 | 177 | UP82A9440 | 277 | JH19B5413 | 377 | JH19A2681 | 477 | JH19B7801 |
| 78 | CG04ZC3937 | 178 | BR524492 | 278 | JH19C3325 | 378 | JH19A4005 | 478 | JH19A5155 |
| 79 | JH19B1299 | 179 | JH19A5853 | 279 | JH19C8995 | 379 | JH19A7694 | 479 | UP65C4515 |
| 80 | JH19A5583 | 180 | JH19A4822 | 280 | JH19C5909 | 380 | JH19A6082 | 480 | JH19A7201 |
| 81 | JH03F9975 | 181 | JH19B3881 | 281 | JH19B8400 | 381 | JH19A7526 | 481 | JH19A5665 |
| 82 | JH19A7802 | 182 | JH19B3643 | 282 | JH19B1710 | 382 | JH19A3143 | 482 | BHH8191 |
| 83 | JH11A6131 | 183 | JH19B3259 | 283 | JH19C9693 | 383 | JH19A3142 | 483 | JH19A2693 |
| 84 | JH19A8847 | 184 | JH19B4431 | 284 | JH19C5768 | 384 | JH19A3146 | 484 | JH11A6407 |
| 85 | JH19A4921 | 185 | JH19A6346 | 285 | JH19B2780 | 385 | JH19A5462 | 485 | BHV5444 |
| 86 | JH19B6353 | 186 | JH19B1417 | 286 | JH19B6723 | 386 | JH19A7522 | 486 | JH19A5695 |
| 87 | JH19A7603 | 187 | JH19A8911 | 287 | JH19B4196 | 387 | BR15G0245 | 487 | JH19A9051 |
| 88 | JH19A9665 | 188 | JH19B1220 | 288 | JH19A6669 | 388 | JH19A5269 | 488 | UP612064 |
| 89 | JH19B7916 | 189 | JH19C1013 | 289 | JH19B8462 | 389 | JH19A5224 | 489 | JH19A9188 |
| 90 | JH19A9637 | 190 | JH19B2185 | 290 | JH19B1535 | 390 | JH19A2015 | 490 | JH19A9667 |
| 91 | JH19A8980 | 191 | JH19A8622 | 291 | JH19B6326 | 391 | JH19A4551 | 491 | JH02T1275 |
| 92 | JH19A8806 | 192 | JH19B9428 | 292 | JH19B7604 | 392 | JH19A2103 | 492 | JH19A8975 |
| 93 | JH19A8910 | 193 | JH11A8365 | 293 | JH19B6315 | 393 | JH19A9452 | 493 | JH19A7575 |
| 94 | JH19A9718 | 194 | JH19B3087 | 294 | JH19B5336 | 394 | BR42G0029 | 494 | JH19B8591 |
| 95 | BHM9671 | 195 | JH19B7040 | 295 | JH19B6494 | 395 | JH19A2745 | 495 | JH19A9643 |
| 96 | JH17D9106 | 196 | JH19B9035 | 296 | JH19B8957 | 396 | JH19A7547 | 496 | JH19A6823 |
| 97 | BHM8395 | 197 | JH19B3447 | 297 | JH19B3819 | 397 | JH19A2605 | 497 | JH19A8723 |
| 98 | BPV4388 | 198 | JH19B9271 | 298 | JH19B9389 | 398 | JH19B7049 | 498 | JH11B6234 |
| 99 | BPN6085 | 199 | JH19C5074 | 299 | JH19B8080 | 399 | BHV3639 | 499 | JH19A2921 |
| 100 | JH19B6689 | 200 | JH19C0641 | 300 | JH19B7010 | 400 | JH19B9068 | 500 | JH17D5020 |

PR.NO.355813 Transport(25-26):D

जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार।

## बारियातू में कांग्रेस ने मंडल कमिटी का विस्तार किया



**बारियातू।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को बारियातू में मंडल कमिटी का गठन किया गया। लातेहार जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों की उपस्थिति में अजय राम को प्रखंड मंडल अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में कांग्रेस की नीति, संविधान की रक्षा और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई। नव नियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## बालूमाथ में आयुष्मान मेला का आयोजन

**बालूमाथ।** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ में आयुष्मान मेला आयोजित किया गया। इस दौरान 240 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। 33 बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। मेला में कई चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## वज्रपात से 15 बकरियों की मौत, किसान ने मांगा मुआवजा

**बालूमाथ।** मंगलवार को बालूमाथ के चितरपुर गांव में वज्रपात से 15 बकरियों की मौत हो गई। किसान नरेश उरांव और ब्रह्मदेव लकड़ा को भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## युवाओं को आगे लाना और पर्यटन को बढ़ावा देना प्राथमिकता



**लातेहार।** जिले के नये उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने कहा कि उनकी प्राथमिकता आमजन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना, युवाओं को खेल सुविधाएं देना और पर्यटन स्थलों को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि लातेहार के युवाओं को भी खेल और अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में काम किया जाएगा। उन्होंने लातेहार को विकास की नई रफ्तार देने का संकल्प लिया।

## कुंदा पुलिस ने दूसरे दिन भी चलाया नशा मुक्ति अभियान

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह के नेतृत्व में दूसरे दिन भी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने मेदवाडीह, इचातु, साहपुर सहित अन्य गांवों में नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी और लोगों से नशा छोड़ने की अपील की। पुलिस ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है बल्कि समाज के लिए भी घातक है। इस मौके पर एएसआई मुनेश्वर चौधरी, वनकर्मी, जिला बल के जवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## बारियातू में भाजपा का प्रदर्शन, डीसी के नाम सौंपा ज्ञापन

**बारियातू।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बारियातू प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन कर लातेहार उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। ज्ञापन में जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने, किसानों के बकाया भुगतान, खाद-बीज आपूर्ति, भ्रष्टाचार पर रोक, स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति, अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता और अन्य जनसमस्याओं के समाधान की मांग की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## चितरपुर गांव में सड़क बहने से ग्रामीणों का संपर्क टूटा



**बालूमाथ।** प्रखंड के चितरपुर गांव में बारिश के तेज बहाव में पूर्वी टोला और पश्चिम यादव टोला की सड़क बह गई है, जिससे सैकड़ों ग्रामीण मुख्य मार्ग से कट गए हैं। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से सड़क मरम्मत और पुल निर्माण की मांग की है। सड़क टूटने के कारण बच्चों की स्कूल जाने में भी परेशानी हो रही है।

## छात्राओं ने निकाली नशा मुक्ति रैली

**बालूमाथ।** प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने नशा मुक्ति अभियान के तहत मंगलवार को रैली निकाली। छात्राओं ने पोस्टर और नारों के माध्यम से नशा से दूर रहने का संदेश दिया। शिक्षकों ने भी बच्चों को नशा से बचने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत अहमदाबाद प्लेन हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देकर की गई।

## बालूमाथ में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक, प्रखंड कमिटी का गठन

**बालूमाथ।** कांग्रेस प्रखंड कमिटी की बैठक में प्रखंड अध्यक्ष मो. आमिर हयात की अध्यक्षता में प्रखंड कांग्रेस कमिटी का गठन किया गया। बैठक में जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। नवगठित कमिटी में कई पदाधिकारियों को शामिल किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## धरती आबा जनजातीय शिविर का आयोजन

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के केड़ पंचायत सचिवालय में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिसमें ग्रामीणों ने आधार, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ उठाया। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

## मयूरहंड पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर मंगलवार को पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान चलाया। थाना प्रभारी आशीष प्रसाद ने दल-बल के साथ जागरूकता रैली निकाली और लोगों से नशा मुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों के आसपास के क्षेत्र को पूर्ण रूप से नशा निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के लोहड़ी घाटी में मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में युवक घायल हो गया। घायल की पहचान नवादा गांव निवासी कंगल गंझू के पुत्र बिरजू गंझू के रूप में हुई है। बिरजू गंझू साप्ताहिक बाजार जोगियारा से घर लौटते समय मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस से उसे प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक इलाज किया और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है।

## डूमारो पंचायत में जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शिविर आयोजित

**चंदवा।** डूमारो पंचायत के राजकीयकृत मध्य विद्यालय काली परिसर में मंगलवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुखिया सुनीता खलखो, पंचायत सचिव फेकू मोची और पंसस अनिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आयुष्मान कार्ड से संबंधित 45, पेंशन 38, मातृ वंदना योजना 12, जाति प्रमाण पत्र 5, स्थानीय प्रमाण पत्र 5, केसीसी लोन 3, राशन कार्ड 11 और मनरेगा से संबंधित 12 आवेदन लिए गए। इसके अलावा ओपीडी में 62 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त दवा दी गई और टीबी के 6 मरीजों की जांच की गई। शिविर में प्रखंड कर्मी अमित कुमार गुप्ता, राजस्व कर्मचारी तनवीर आलम, विल्सन लकड़ा, हर्ष कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# छात्र की पिटाई का मामला तूल पकड़ा, परिजन पहुंचे समाहरणालय

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय, होटवाग में छात्र विवेक कुमार की पिटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि विद्यालय की रसोइया कूना देवी ने अन्य छात्रों के साथ मिलकर विवेक की जमकर पिटाई की, यहां तक कि उसे जमीन पर पटक कर पैरों से मारा गया। विवेक की हालत गंभीर है और वह आईसीयू में भर्ती है। परिजनों ने बताया कि विवेक के छोटे भाई को भी स्कूल से भगा दिया गया, जिसका इलाज मेदिनीनगर में चल रहा है।

मंगलवार को छात्र के परिजन और ग्रामीण समाहरणालय और आईटीडीए कार्यालय पहुंचे और आरोपी रसोइया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने उपायुक्त और आईटीडीए निदेशक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुकन सिंह और रसोइया के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। परिजनों ने कहा कि रसोइया बच्चों के साथ पहले भी दुर्व्यवहार कर चुकी हैं और विद्यालय में मुर्गी-बकरी पालने का कार्य भी बच्चों से कराती हैं। प्रधानाध्यापक इस पर कोई कार्रवाई नहीं करते। ज्ञापन में रसोइया, प्रधानाध्यापक और रसोइया के बेटे ओम प्रकाश को विद्यालय से हटाने की मांग की गई है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ टंडवा में भाजपाइयों का धरना

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के समीप भाजपा कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया। धरना में सिमरिया विधायक उज्जवल दास भी उपस्थित रहे। विधायक दास ने कहा कि एनटीपीसी टंडवा से 500 मेगावाट बिजली मिलने के बावजूद स्थानीय लोग बिजली संकट से जूझ रहे हैं। बालू माफिया फल-फूल रहे हैं, गरीबों को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रही है। दफ्तरों में कमीशनखोरी चरम पर है और अफसरशाही को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि राज्य में आपराधिक घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है और सरकार इसे रोकने में विफल रही है। टंडवा में बाढ़ से प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की मांग की गई। धरना के बाद उपायुक्त के नाम ज्ञापन बीडीओ देवलाल उरांव को सौंपा गया। मौके पर नवीन शाह, ईश्वर दयाल पांडेय, संजीव पांडेय, अरविंद सिंह, धीरेन्द्र शर्मा, देवंती देवी, विजय चौबे, आशा सिन्हा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा ने प्रखंड कार्यालय का घेराव कर हेमंत सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार, लचर कानून व्यवस्था, खराब बिजली आपूर्ति और अवैध खनन जैसे कई मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी लातेहार प्रखंड इकाई द्वारा मंगलवार को आक्रोश प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन समाहरणालय परिसर स्थित आईटीडीए कार्यालय से शुरू होकर सदर प्रखंड कार्यालय तक पदयात्रा के रूप में निकाला गया। वहां पहुंचकर प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए सरकार को सभी मोर्चों पर विफल बताया। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी यादव ने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना पैसे के कोई भी सरकारी कार्य संभव नहीं हो रहा है। सड़कों के निर्माण में भी बड़े पैमाने पर घोटाले हो रहे हैं और अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडे ने कहा कि बेरोजगारी आसमान छू रही है और सरकार जनता को नियोजन नीति, स्थानीय नीति और भाषा विवाद में उलझाकर असली मुद्दों से भटका रही है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव न होने से शहरी क्षेत्रों में जनता की समस्याएं सुनने वाला कोई जनप्रतिनिधि नहीं बचा है, और अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना भी राज्य में लगभग ठप है। अस्पतालों में बकाया भुगतान के कारण गरीब मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। विधवा, वृद्धा और दिव्यांग पेंशन भी महीनों से बंद हैं। किसानों को धान खरीद में धोखा दिया जा रहा है और उनके भुगतान में लापरवाही हो रही है। भाजपा ने हेमंत सरकार को हर स्तर पर विफल करार दिया। इस आक्रोश प्रदर्शन में भाजपा नेता आनंद सिंह, अश्विनी सिंह, गौरव दास, पिंटू रजक, लातेहार प्रखंड प्रमुख परमेश्वर लोहार, उप प्रमुख राजकुमार लोहार, अमर विश्वकर्मा, अनिल सिंह, राजू दास, नीलमणि कुमार, पवन कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## कल्याणपुर स्कूल में एक सप्ताह से एमडीएम बंद

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के कल्याणपुर विद्यालय में एक सप्ताह से मध्याह्न भोजन नहीं दिया जा रहा है। बच्चों ने प्रधानाध्यापक ऋषिकेश सिंह पर गुटखा खाने और पढ़ाई में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने विद्यालय का निरीक्षण कर एमडीएम बंद होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होगी।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का आक्रोश, विधायक प्रकाश राम ने कहा- राज्य सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर मंगलवार को चंदवा प्रखंड मुख्यालय में भाजपा मंडल की ओर से आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने की जबकि संचालन विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज ने किया। इस अवसर पर लातेहार विधायक प्रकाश राम ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। प्रखंड कार्यालय से लेकर राज्य सचिवालय तक बिना घूस के कोई काम नहीं हो रहा है। झारखंड की जनता लाचार और बेबस हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य खनिज संपदा से परिपूर्ण है, फिर भी बेरोजगारी चरम पर है और अवैध वसूली का धंधा फल-फूल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनता का काम नहीं हुआ तो कार्यालयों को ठप कर दिया जाएगा।

कार्यक्रम में मंडल प्रभारी राकेश दुबे, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार पाठक, आदर्श रवि राज, सुरेश यादव समेत कई नेताओं ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद को ज्ञापन सौंपा गया।

## कुंदा में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन, सरकार पर जमकर हमला



नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महावीर चौक से प्रखंड कार्यालय तक पदयात्रा निकाली गई। कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला उपाध्यक्ष जीतेंद्र यादव, मंडल महामंत्री मनोज यादव, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सौंडिक, लवकुश गुप्ता सहित कई नेताओं ने हेमंत सरकार को भ्रष्टाचार का संरक्षक बताया। नेताओं ने कहा कि मनरेगा, बालू आपूर्ति और सरकारी योजनाओं में व्यापक भ्रष्टाचार फैला है। लाभुकों को बालू के लिए भारी रकम चुकानी पड़ रही है। मनरेगा में भी बिना रिश्वत के कोई कार्य नहीं हो रहा है। कानून व्यवस्था की स्थिति भी बदहाल है, अपराधी बेखौफ हो गए हैं। भाजपा नेताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपकर सरकार से मांग की कि जनता की समस्याओं का समाधान किया जाए और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए। कार्यक्रम में घनश्याम यादव, भीम महतो, रामस्वरूप यादव, रविंद्र भारती समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मातेश्वरी जगदंबा की 60वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**लातेहार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपसेवा केंद्र, धर्मपुर बाइपास रोड स्थित सोन भवन में मंगलवार को मातेश्वरी जगदंबा की 60वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर संस्था की संचालिका बीके अमृता ने मातेश्वरी जगदंबा का जीवन परिचय देते हुए कहा कि वे यज्ञमाता के रूप में ब्रह्माकुमारी संस्था की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थीं। पूरा ब्राह्मण परिवार उन्हें 'अम्मा' कहकर संबोधित करता था। बीके अमृता ने कहा कि मातेश्वरी जगदंबा का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने संस्था के विस्तार और सेवा कार्यों में आजीवन योगदान दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि लातेहार थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि मातेश्वरी जगदंबा का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। उनके बताए मार्ग पर चलकर हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

# ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जन शिकायत निवारण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लें और शीघ्र समाधान करें। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और तत्काल संबंधित विभागों को कार्रवाई का निर्देश दिया। हेठपोचरा गांव के ओमप्रकाश राम ने आवेदन देकर बताया कि वे कैंसर पीड़ित हैं और टाटा कैंसर अस्पताल, रांची में उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने उपायुक्त से सहायता राशि की मांग की। उपायुक्त ने तत्काल आवेदन को संबंधित अधिकारी को भेजते हुए नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया। चंदवा प्रखंड के बारी पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में ट्रांसफार्मर खराब हुए एक माह से अधिक हो गया है, लेकिन अभी तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई। इस पर उपायुक्त ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। जन शिकायत निवारण शिविर में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन, रोजगार और डीएमएफटी मद से मुआवजा संबंधित आवेदन शामिल थे। उपायुक्त ने कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

## लंबित योजनाओं की प्रगति को लेकर बैठक आयोजित

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बीपीओ केतन गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएम आवास, अबुआ आवास और मनरेगा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बीपीओ ने निर्देश दिया कि लंबित पीएम आवास योजनाओं को शीघ्र पूरा कराया जाए। पंचायत कर्मियों को लाभुकों से मिलकर कार्य में तेजी लाने को कहा गया। साथ ही सभी आवासों में मनरेगा के तहत डिमांड शीघ्र लगवाने को कहा गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के आम बागवानी गड्ढा खुदाई कार्य को भी शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। वर्ष 2024-25 के निर्माण शेड को चालू करने की भी बात कही गई। बैठक में एसबीएम के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण कार्यशाला का आयोजन प्रखंड वास समन्वयक निरंजन यादव ने किया। उन्होंने जल-नल, स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन और घरों में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उपस्थित लोगों को साफ-सफाई और स्वच्छता के महत्व की जानकारी भी दी गई। बैठक में पंचायती राज समन्वयक पंकज पांडेय, रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव, अविनाश पाठक, राहुल कुमार, जेई आशीष गुप्ता, एई सतेंद्र उरांव, मनरेगा ऑपरेटर नमन कुमार, मुखिया शांति देवी, राजू भगत, रानो देवी सहित कई पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## वनाधिकार कानून लागू करने की मांग मंत्री को सौंपा गया ज्ञापन



**लातेहार।** झारखंड जनाधिकार महासभा के प्रतिनिधियों ने अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री चमरा लिंडा और विभागीय प्रधान सचिव कृपानंद झा से मुलाकात कर वनाधिकार कानून को सख्ती से लागू करने की मांग की। प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि सरकार ने घोषणा की थी कि 9 अगस्त 2024 को विश्व आदिवासी दिवस पर हर जिले में 100 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र बांटे जाएंगे, लेकिन आज तक एक भी पट्टा नहीं बांटा गया। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2019 में करीब 28,000 निरस्त दावों की पुनरीक्षण करने का वादा सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में किया था, जो अब बढ़कर करीब 40,000 हो गए हैं। लेकिन आज तक दावों की पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। कई मामलों में अनुमंडल और जिला स्तरीय समितियों ने वनाधिकार कानून के प्रावधानों की अनदेखी कर दावे खारिज कर दिए हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि कुछ जिलों में समिति गठन में भी कानून का उल्लंघन किया गया है। भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया में वन और राजस्व विभाग का सहयोग नहीं मिल रहा है। प्रतिनिधियों में जॉर्ज मोनिप्पल्ली, एलिना होरो, सेलेस्टिन कुजूर, रोज मधु कुजूर, सिसिलिया लकड़ा सहित कई लोग शामिल थे।


### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

पाण्डेय गणपतराय भवन प्रथमत ल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा पिन- 835302

**आवश्यक सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के तहत शैक्षणिक सत्र 2025–26 में झारखण्ड सरकार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) अधिसूचना संख्या 8/वि0–1–29/2011–237 दिनांक 16.02.2016 के आलोक में लोहरदगा जिलान्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों (Recognized Private Schools) के कक्षा –1 में कुल क्षमता सीटों के 25% सीटों पर अभिवंचित (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ावर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्तता युक्त एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग/बी0पी0एल0 (जिनके अभिभावक की वार्षिक आय 72000/–(बहत्तर हजार) रूपये से कम हो तथा अंचलाधिकारी से आय प्रमाणपत्र निर्गत हो) बच्चों का नामांकन किया जाना है। इस संबंध में पूर्व में भी विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। नामांकन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया था जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया। नामांकन से संबंधित नये बैठक की तिथि का निर्धारण करते हुए सभी आवेदनकर्त्ता छात्र/छात्राओं के अभिभावकों को दूरभाष के माध्यम से सूचना दे दी जायेगी। विद्यालयों की सूची निम्नवत् है :–

| क्र0 | विद्यालय का नाम | पूर्व में कक्षा 1 में सीटों की कुल क्षमता में आधार पर 25 प्रतिशत सीटों की संख्या | वर्त्तमान में कक्षा 1 में सीटों की कुल क्षमता में आधार पर 25 प्रतिशत सीटों की संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुन्दरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा। | 12 | 12 | |
| 2. | एम0बी0डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, लोहरदगा। | 08 | 12 | |
| 3. | संत लॉरेन्स स्कूल झिंकोचट्टी, भण्डरा, लोहरदगा। | 10 | 10 | |
| 4. | संत चार्ल्स स्कूल, जांगी, कुडू, लोहरदगा। | 30 | 30 | |
| 5. | संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय, पतराटोली, लोहरदगा। | 10 | 10 | |
| 6. | के0के0एम0 पब्लिक स्कूल, हरमू, लोहरदगा। | 10 | 10 | |
| 7. | अभिराम पब्लिक स्कूल, टीको, कुडू। | 13 | 13 | |

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 355819 Lohardaga (25-26)_D



### कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

जिला– लातेहार

खुली डाक आमंत्रण सूचना संख्या– 09/2025–26

(2nd Call)

**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार द्वारा बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने हेतु दुकानों का निर्माण एवं आवंटन कर स्वरोजगार मुहैया करा रही है। वर्त्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित खाली पडे निम्नाकिंत दुकानों का खुली डाक के माध्यम से आवंटन किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (अंचलाधिकारी, लातेहार एवं उपायुक्त लातेहार द्वारा निर्गत), यदि रोजगार हेतु सरकारी प्रशिक्षण प्राप्त किये हों का प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ इत्यादी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। दुकान का आवंटन खुली डाक के माध्यम से दिनांक 14.07.2025 को 12.00 बजे अपराहन् नगर पंचायत, लातेहार के सभागार में की जायेगी। दुकान का विवरण निम्नवत है :–

| क0. सं0 | डाक बोले जाने वाले दुकान का विवरण | डाक की न्यूनतम राशि | आवेदन शुल्क | डाक में भाग लेने हेतु आवेदन प्राप्त की अंतीम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति काया 'लय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 01 का साईज– 10' X 10' | 20000.00 | 500.00 | 11.07.2025 |
| 02 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 02 का साईज– 10' X 10' | 20000.00 | 500.00 | 11.07.2025 |
| 03 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 03 का साईज– 10' X 10' | 20000.00 | 500.00 | 11.07.2025 |

नियम एवं शर्त्त–

1. सभी दुकानों की आवंटन की प्रक्रिया खुली डांक के द्वारा की जायेगी। साथ ही उच्चतम डाककर्ता के पक्ष में दुकानों का आवंटन किया जायेगा। पूर्व के डाक दिनांक 18.06.2025 को आवेदन जमा करने वाले आवेदक को पुनः आवेदन प्राप्त करने की आवश्यकता नही होगी, उनके द्वारा पूर्व में जमा किये गये आवेदन उपरोक्त डाक हेतु मान्य होगा।।
2. आवेदक को दुकान के डाक में भाग लेने से पूर्व नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में 500.00 (पांच सौ) रू0 नगद जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त करना होगा। तदोपरान्त उसे भर कर कार्यालय में उपरोक्त डाक की निर्धारित तिथि से पूर्व दिनांक 12.07.2025 तक जमा करने के बाद ही संबंधित आवेदक को डाक में भाग लेने दिया जायेगा। इस राशि की वापसी/सामायोजन नहीं की जायेगी।
3. दुकानो की खुली डाक उपस्थित आवेदको के बीच नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय कक्ष में गठित समिति की उपस्थिति में किया जायेगा।
4. यदि निर्धारित तिथि को उपरोक्त दुकानों के खुली डाक में एक ही आवेदक के द्वारा भाग लिया जाता है तो राजस्व की क्षती को ध्यान में रखते हुए संबंधित आवेदक को न्यूनतम डाक की राशि प्राप्त करते हुए दुकान का आवंटन कर दी जायेगी। यदि उपरोक्त दुकानों के खुली डाक में एक से अधिक आवेदक के द्वारा आवेदन किया जाता है तो संबंधित आवेदक के बीच खुली डाक के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता के पक्ष में संबंधित दुकान का आवंटन किया जायेगा।
5. आवेदक को दुकान आवंटन होने के उपरान्त दुकान की कुल क्षेत्रफल का 8.00 रू0 प्रतिवर्ग फिट की दर से प्रतिमाह किराया जमा करना अनिवार्य होगा।
6. आवेदक को दुकान आवंटित हो जाने के उपरान्त डांक में बोली गई सम्पूर्ण राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार के नाम से देय हो 03 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, यदि 03 दिनों के अन्दर संबंधित आवेदक द्वारा समस्त राशि जमा नहीं की जाती है तो उनके विरूद्ध कानुनी कारवाई की जायेगी।
7. डाक की राशि का समायोजन दुकान के निर्धारित किराये में नहीं किया जायेगा।
8. आवंटित दुकानों का एकरारनामा नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त्तो के अधिन डांक की पूर्ण राशि जमा होने के उपरांत अगले 15 वर्शों के लिए किया जायेगा।
9. दुकान आवंटित होने पर संबंधित दुकान का ट्रेड लाईसेंस नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से बनाना अनिवार्य होगा।
10. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार अवस्थित न्यायालयों में ही मान्य होगा।
11. उपरोक्त डांक के संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में ली जा सकती है।
12. उपरोक्त डाक को बिना कारण बताये किसी भी स्टेज में रद्व करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षीत होगा। जिसे कही भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 355868 Urban Development(25-26)D

# न्यूज बॉक्स

## फाइलेरिया रोगियों के बीच फुटवेयर का वितरण



**भंडरा ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा के अंतर्गत खिजरी गांव में मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार के निर्देशानुसार फाइलेरिया रोगियों को फुटवेयर वितरण किया गया। एमटीएस इंचार्ज राम कुमार महतो द्वारा सभी फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट का उपयोग और फुटवेयर का सही से इस्तेमाल करने का विस्तृत जानकारी दी गई। गांव में सभी लोगो को रात में मच्छरदानी के अंदर सोने का सुझाव दिया गया। इस कार्यक्रम में अंजना साहू सी एच ओ , राम कुमार महतो एमटीएस इंचार्ज, नीता लकड़ा एएनएम, सरस्वती देवी , सूर्यमनी टोप्पो लाली कच्छप सहिया आदि लोग उपस्थित थे।

## सरकार की भ्रष्टाचार नीति से जनता त्रस्त : सचिन कुमार साहू




**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी नगर के द्वारा आज आक्रोश प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की और उन्होंने कहा कि आज पूरा प्रदेश भ्रष्टाचार, लूट, हत्या, बलात्कार, से कराह रहा है। जिससे अपना जिला भी अछूता नहीं है। लंबे चौड़े घोषणाओं का सपना दिखाकर हेमंत सरकार फिर एक बार राज की सत्ता पर काबिज होने वाली हेमंत सरकार की नीति और नियत में कोई बदलाव नहीं आया है। पिछले कार्यकाल में जिस प्रकार से राज्य सरकार के संरक्षण में खनिज संसाधनों की लूट पंचायत से लेकर सचिवालय मंत्रालय तक भ्रष्टाचार ने अपना पैर जमाया है। और वह दूसरे कार्यकाल में भी और मजबूत हो रहा है विधि व्यवस्था की हालत ऐसी की कोई सुरक्षित नहीं है अपराधी अपराध को अंजाम दे रहे हैं बहन बेटियां घर से निकलने में भयभीत है। आज चाहे जाति प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र बनाना हो या मृत्यु प्रमाण पत्र हो या फिर जमीन का म्यूटेशन बिना दलाल बिचौलियों के माध्यम से पैसा दिए काम नहीं हो रहा है भ्रष्टाचार के कारण सड़क, बिजली, पानी, प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना का काम ठप है। हेमंत सरकार अपनी कार्य संस्कृति में सुधार लाएं। राज्य से भय और भ्रष्टाचार को समाप्त करें। अपने वादे को पूरा करते हुए लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरे यही मांग भारतीय जनता पार्टी करती है। मौके पर नवीन कुमार टिंकू, विनोद राय, बृजेश शर्मा, अनिल उरांव, कामेश्वर सिंह, सरस्वती देवी, अशोक कसकर, गोपाल कुमार साहू, दीपक कुमार, मनोज कुमार, सुशांत कुमार, रवि सिंह, चंदन गोप, मनीष प्रसाद गुप्ता, भुनेश्वर साहू, रिंकू वर्मा, अजय कुमार, संजय महतो आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्कूल में मनाया गया योग दिवस

**लोहरदगा।** जेएमएस इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल हरमू, लोहरदगा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन पूरे उत्साह, अनुशासन और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रों और प्रार्थना से हुई, जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इसके पश्चात सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, प्राणायाम एवं ध्यान सहित विभिन्न योगाभ्यास विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक साथ किए। विद्यालय की निदेशिका एडवोकेट सुषमा सिंह ने कहा योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है। आज पूरा विश्व भारत की इस प्राचीन विद्या को अपना रहा है। हमें गर्व है कि हम उस भूमि से हैं जहाँ योग का जन्म हुआ। उन्होंने छात्रों को योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और नियमित अभ्यास की प्रेरणा दी। मौके पर सहायक प्रधानाचार्या दीपा शिखर, शिक्षक विवेक कुमार भारती, रजनी केशरी, राजेंद्र कुँवर, उत्पल दत्ता सहित सभी शिक्षकगणों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और बच्चों को प्रत्येक योगासन का महत्व सरल और व्यवहारिक भाषा में समझाया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**कुड़ू।** कुड़ू पड़हा भवन के पास एक सड़क दुर्घटना में चंदवा थाना क्षेत्र के बांझी टोली हेसला लाधुप सेन्हा के युवक की दुर्घटना में मौत हो गयी। युवक की पहचान प्रदेशी गंझू के रुप में की गयी है। सूचना के अनुसार युवक मोटरसाईकिल रांची के तरफ से आ रहा था। पड़हा भवन के पास सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में उतर गया और फिसल गया। दुसरी तरफ से आ रही अज्ञात वाहन उसे धक्का मारकर भाग गया। जहां पर घटनास्थल पर हीं युवक ने दम तोड़ दिया। वाहन उसके कमर पर चढ़ाकर पार हो गया। सूचना पर आसपास के ग्रामीण कुड़ू अस्पताल में जमा होने लगे।

## पारही गांव में स्वच्छ भारत अभियान जागरूकता शिविर आयोजन



**लोहरदगा।** एसबीआई फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से परिवर्तन समाज विकास समिति लोहरदगा द्वारा संचालित एम.एम.यू टीम ने सेनहा के ग्राम पारही सेनहा के राजकीयकृत मध्य विधालय पारही शाला में स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में स्कूली बच्चो तथा ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चो को स्वच्छता की महत्ता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली, प्रेरक, संवाद और स्वच्छता संबंधित व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान एमएमयू टीम द्वारा राजकीयकृत मध्य विधालय के प्राचार्य रामचन्द्र प्रसाद, शिक्षक बिशुम प्रसाद , तथा की उपस्थिति में बच्चो , ग्रामीणों तथा शिक्षकों को स्वच्छता सामग्री भी प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य स्कूली बच्चो तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व को समझाना और इसे अपने दैनीय जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित करना था। स्कूली बच्चो ने इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह दिखाया और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने को लेकर उत्साह दिखाया और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने को शपत ली। परिवर्तन समाज विकास समिति और एमएमयू टीम ने बच्चो को यह संदेश दिया की स्वस्थ और स्वच्छ समाज का निर्माण सामूहिक प्रयासों से ही संभव है ।

# जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने खाद्य निगम गोदाम का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने सेन्हा प्रखंड स्थित खाद्य निगम के गोदाम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गोदाम की भंडारण क्षमता, अनाज के रख-रखाव की स्थिति, नमी से बचाव के उपाय, वजन मशीनों की कार्यशीलता, आगत-निर्गत पंजी और स्टॉक रजिस्टर सहित विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जांच की।निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारी ने गोदाम में अनाज के सुरक्षित और व्यवस्थित भंडारण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने गोदाम प्रबंधक को निर्देश देते हुए कहा कि नियमित पंजी संधारण, साफ-सफाई, और नमी नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न हो। निरीक्षण का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा के मानकों का पालन सुनिश्चित करना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाना रहा।

### भारतीय युवा कांग्रेस झारखंड में "नेता बनो, नेता चुनो" कार्यक्रम की तैयारी की शुरू

# पार्टी की विचारधारा से जोड़े युवा : धीरेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार झारखंड प्रदेश में "नेता बनो, नेता चुनो" कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस का चुनाव प्रखंड, ज़िला, विधानसभा एवं प्रदेश स्तर पर नये स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में आज एक विशेष बैठक कांग्रेस कार्यालय, राजेन्द्र भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने की, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि आइवाइसी कोऑर्डिनेटर धीरेंद्र सिंह पटेल शामिल हुए। बैठक में नामांकन प्रक्रिया, सदस्यता अभियान एवं चुनाव कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की गई। साथ ही "नेता बनो, नेता चुनो" अभियान का पोस्टर भी औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया।

आइवाइसी कोऑर्डिनेटर धीरेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि यह कार्यक्रम कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने तथा नेतृत्व के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। झारखंड में इस कार्यक्रम के अंतर्गत सदस्यता एवं नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत 27 जुलाई 2025 से की जाएगी। इसमें 18 से 35 वर्ष आयु के युवा-युवतियाँ भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु समावेशी समिति संरचना तैयार की गई है, जिससे सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व को बढ़ावा मिलेगा। ज़िलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि तीन वर्षों के कार्यकाल के उपरांत युवा कांग्रेस की नई चुनाव प्रक्रिया शुरू हो रही है, जिसके लिए दिल्ली से जीरो और कोऑर्डिनेटर्स को भेजा गया है, जो तकनीकी दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जो भी कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित हैं, वे इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लें और नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त करें। मौके पर संजर अंसारी (विधानसभा अध्यक्ष), इमरान आज़ाद (विधानसभा अध्यक्ष), ग़ुलाम जिलानी (कार्यकारी अध्यक्ष), असलम अंसारी (ज़िला उपाध्यक्ष), (नगर अध्यक्ष), आसिफ़ क़ुरैसी (ज़िला महासचिव), आफ़ताब अंसारी, इमरोज अंसारी, तौसिफ़ आलम, राजा अंसारी (ज़िला सचिव), समसाद अंसारी, मनऊवर अंसारी, दानिस अली, नजीम अंसारी, मानस प्रशांत, हमाद अहमद आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को पीएचईडी विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज- दो के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव, प्रखंड प्रमुख बरिया देवी, उप प्रमुख राजमुनी उरांव, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, पीएचईडी के जिला समन्वयक परवेज आलम सहित प्रखंड के सभी पंचायत मुखिया, जलसहिया सहित जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मौके पर प्रशिक्षक सह पीएचईडी के जिला समन्वयक परवेज आलम ने कहा कि स्वस्थ्य जीवन के लिए स्वच्छता का अहम योगदान है। हम सभी लोगो का कर्तव्य है कि अपने क्षेत्र में लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करें। उन्होंने नियमित ग्राम जल स्वच्छता समिति की बैठक कर स्वच्छता अभियान के प्रति चर्चा करते हुए लोगों को जागरूक करने, शौचालय का शत-प्रतिशत उपयोगिता सुनिश्चित करने, सार्वजनिक जगहों पर, बाजारों में स्वच्छता अभियान चलाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि प्रखंड में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

## अखड़ा निर्माण में भारी अनियमितता, प्रथम वर्षा में ही ध्वस्त : रामाधार पाठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** अखड़ा आदिवासी संस्कृति की एक जीवंत धरोहर है, जहां कर्मा, सरहुल सहित कई पारंपरिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन होते हैं। ऐसे पवित्र स्थल के निर्माण में अनियमितता और घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग लोहरदगा जिले के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बात जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रवक्ता रामाधार पाठक ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। उल्लेखनीय है कि अखड़ा का निर्माण कार्य लगभग 49 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है, जिसमें घटिया ईंट एवं सीमेंट का उपयोग किया गया। परिणामस्वरूप, पहली ही वर्षा में संरचना का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न उठते हैं। श्री पाठक ने कहा, यह स्पष्ट है कि योजना के क्रियान्वयन में भारी लापरवाही एवं भ्रष्टाचार हुआ है। इस गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार तकनीकी पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों पर उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। जब तक जांच पूरी नहीं होती, संवेदक को ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि इस संबंध में आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा समेत संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

## वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत, दूसरी झुलसी

**सेन्हा-लोहरदगा।** मौसम बदलने के बाद तेज बारिश होने के साथ तेज गर्जन होने पर दो महिला वज्रपात की चपेट में आ गई। जिससे घटना स्थल पर ही एक महिला की मौत हो गई। तथा दूसरी महिला घायल है। सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अन्तर्गत अम्बाटोली निवासी गन्दूर उरांव की 55 वर्षीय पत्नी बिनी देवी और मनोज उरांव की 32 वर्षीय पत्नी सुजीता उरांव दोनों महिलाएं गाय बकरी चरा रही थी। उसी दौरान मौसम बदलने के पश्चात तेज बारिश के साथ तेज गर्जन होने पर दोनों महिलाएं वज्रपात की चपेट में आ गई। जिसे सुजीता उरांव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकी बिनी देवी गम्भीर रूप से जख्मी हो गई। दोनों महिलाओं को परिजनों द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा लाया गया। जहां चिकित्सको द्वारा जांचोपरांत सुजीता उरांव को मृत घोषित कर दिया गया। जब की बिनी देवी का इलाज चल रहा है। जिससे चिकित्सको ने बताया कि बिनी देवी खतरा से बाहर है। वही वज्रपात से महिला की मृत्यु होने से गांव में मातम पसरा हुआ है। तथा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर पंहुच पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम ने परिजनों से मिलकर सान्तवना देते हुए ढाढ़स बंधाया।

## भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और कुशासन के विरोध में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को (लोहरदगा)।** भारतीय जनता पार्टी किस्को मंडल द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में जोरदार जन आक्रोश प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार मुंडा ने किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई और "भ्रष्ट शासन हटाओ, झारखंड बचाओ" का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री मिथुन तमेडा ने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार के शासनकाल में अबुआ राज के नाम पर तानाशाही, माफियाराज और जंगलराज हावी हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से आम जनता त्रस्त है और अब जनाक्रोश सड़कों पर उतर आया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि झारखंड के 13 जिलों के 212 प्रखंडों में पेसा कानून अविलंब लागू किया जाए ताकि आदिवासी समाज को उसका अधिकार मिल सके। राजकुमार मुंडा ने कहा कि यह सरकार महिला एवं युवा विरोधी है। युवाओं से रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया गया था, लेकिन न तो रोजगार मिला और न ही भत्ता। जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में बार-बार हो रहे पेपर लीक से युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है।

### राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक में सामाजिक न्याय का लिया गया संकल्प

# सामाजिक न्याय, आरक्षण व राजनीतिक भागीदारी के लिए आंदोलन का होगा आगाज

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक सेरेंगहातू पंचायत के अशोक साहू के आवास पर रखा गया। बैठक की अध्यक्षता लोहरदगा जिला अध्यक्ष दीपक साहू एवं संचालन जिला युवा अध्यक्ष आदित्य साहू ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री हरिनाथ साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि दक्षिण छोटा नागपुर प्रमंडल के पांच जिला लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी और रांची सहित सात जिलों में राजनीतिक षड्यंत्र के तहत ओबीसी आरक्षण को शून्य कर दिया गया है, जबकि विशेष कर पांच ज़िलों में ओबीसी तेली जाति की आबादी 10 प्रतिशत से अधिक है। तेली जाति की आबादी देश में साढ़े 14 करोड़ और झारखंड में 37 लाख से अधिक की है, बावजूद तेली समाज की राजनीतिक भागीदारी लगभग शुन्य है। इसके लिए कुछ हद तक तेली समाज भी जिम्मेदार है । लगभग पिछले 30 वर्षों से किसी एक पार्टी विशेष का बंधुआ वॉटर बनकर सिर्फ अपना वोट करते आ रहा है। सामाजिक न्याय, आरक्षण और राजनीतिक भागीदारी के लिए जाति जनगणना समय की मांग है। इन्हीं विषयों को लेकर राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के तत्वाधान में आगामी 29 जून 2025, दिन रविवार को प्रदेश स्तरीय राजनीतिक विचार गोष्ठी बैठक का आयोजन रांची जिला में रखा गया है। बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, रांची महानगर अध्यक्ष कपिल साहू, ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेमचंद साहू, कांके प्रखंड अध्यक्ष गणेश साहू, आकाश कुमार, वार्ड सदस्य प्रदीप साहू, नंदकिशोर साहू, आदर्श कुमार, प्रदीप साहू, दीपक साहू, बिंदेश्वर साहू, शुभम साहू, रीना देवी, प्रमिला देवी, सरस्वती देवी, सुनीता देवी, देवंती देवी,अमित कुमार साहू उपस्थित हुए।

## जय श्रीराम समिति की कोर कमेटी का विस्तार, चार नए सदस्य मनोनीत



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक हटिया गार्डन स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष सुषमा सिंह ने की। बैठक में समिति के कार्यों की समीक्षा के साथ कोर कमेटी के विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रो. शिवदयाल साहू, लक्ष्मी भगत, शैलेश कुमार एवं ओम महतो को कोर कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया। इस नियुक्ति के साथ ही कोर कमेटी के सदस्यों की संख्या अब आठ हो गई है। पहले से सदस्य सुषमा सिंह, रमेश उरांव, अजय सोनी एवं अनूप गुप्ता कमेटी में शामिल हैं। नव-नियुक्त सदस्यों को सुषमा सिंह एवं अनूप गुप्ता के द्वारा अंगवस्त्र (पट्टा) पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुषमा सिंह ने सभी नए सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, समिति का रुका हुआ कार्य अब गति पकड़ेगा, ऐसा हमें पूरा विश्वास है। नए सदस्य प्रो. शिवदयाल साहू ने कहा, हम समिति के कार्यों से शुरू से ही जुड़े रहे हैं, समिति की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। लक्ष्मी भगत ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मुझ पर विश्वास जताया गया, मैं सभी का आभारी हूं। शैलेश कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, समिति के प्रति हमारा जुड़ाव लव-कुश की तरह रहा है। इसे सशक्त बनाना हमारा कर्तव्य है। वहीं ओम महतो ने कहा, हमने कठिन परिस्थितियों में भी समिति को सुचारु रूप से आगे बढ़ाने का कार्य किया है। यह सम्मान हमारे कार्यों की पहचान है। अजय सोनी ने सभी को बधाई देते हुए बैठक की औपचारिक समाप्ति की।


Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning,
Road Construction Department, Nirupan Bhawan,
4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

2nd Call, e-Procurement very Short Notice

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/06/25-26 Dated 23.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land, Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal including clearance of all stages as required as per latest guidelines for Ghaghri (on Hunterganj-Chatra, NH-99) to Kauleshwari Mandir (on RCD Road) via Dantar road at Chatra in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length | 10.935 KM |
| 3- | Work completion time | 60 Days |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document -** Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs 20,000/- (Rupees Twenty Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal ( https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 25.06.2025, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 03.07.2025, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 04.07.2025, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | PR No. | 354253 Road (25-26) D |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
PR 355861 Road(25-26)#D Road Construction Department,Ranchi



ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–12 / 2025.26
ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–12/2025-26/EE/BCD/GARHWA — दिनांक–24.06.2025

1.कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of MPC (Multi Purpose Centre) Building at Village-Mirchaya Block Dhurki Under Garhwa Distt. for the Year 2025-26. | 59,97,200.00 |
| 2 | Proposed Construction of MPC (Multi Purpose Centre) Building at Village-Kailan Block Bhawnathpur Under Garhwa Distt. for the Year 2025-26. | 59,97,200.00 |
| 3 | Proposed Construction of MPC (Multi Purpose Centre) Building at Village-Suli Block Ramkanda Under Garhwa Distt. for the Year 2025-26. | 59,97,200.00 |
| 4 | Proposed Construction of MPC (Multi Purpose Centre) Building at Village-Dol Block Chiniya Under Garhwa Distt. for the Year 2025-26. | 59,97,200.00 |
| 5 | Proposed Construction of MPC (Multi Purpose Centre) Building at Village-Sinjo Block Bhandariya Under Garhwa Distt. for the Year 2025-26. | 59,97,200.00 |
| 6 | Proposed Construction of MPC (Multi Purpose Centre) Building at Village-Korwadih Block Bargarh Under Garhwa Distt. for the Year 2025-26. | 59,97,200.00 |
| 7 | Proposed Construction of MPC (Multi Purpose Centre) Building at Village-Siroi Kalan Block Ranka Under Garhwa Distt. for the Year 2025-26. | 59,97,200.00 |
| 8 | Proposed Construction of MPC (Multi Purpose Centre) Building at Village-Jolanga Block Ranka Under Garhwa Distt. for the Year 2025-26. | 59,97,200.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– 06 (छः) माह
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 02.07.2025 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय :– 09.07.2025 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान :– 10.07.2025 11:30 बजे
नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं0–02,राँची पिन कोड–834001
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. नोट– केवल ई–निविदा की स्वीकार किया जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
11. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार होगा। ऑनलाईन माध्यम से किये गये भुगतान की पद्धति वेबसाइट पर आवश्यक रूप से अपलोड करेगें।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाता में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदाता की होगी।
13. विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
14. प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत हीं भुगतान किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
PR 355849 Building(25-26)D भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

# न्यूज बॉक्स

## श्रद्धालु ने किया भगवान शिव का जल अभिषेक



**बसिया (गुमला)।** मानसून के दस्तक देते ही हो रही बारिश से स्थानीय किसानों के चेहरों की चमक बढ़ गई है। इस वर्ष गत 22 जून से 5 जुलाई तक आद्रा नक्षत्र है। इस नक्षत्र को लेकर यहां प्रचलित "चढ़ती जो बरसे आद्रा, उतरत बरसे हस्त, कितनो राजा दंड ले, हारे न गृहस्थ" जैसी कहावत के संदर्भ में देखा जाता है। बताते चलें कि इस समर्पण का सबूत पेश करते हुए आज बसिया के कलिगा गांव में बूढ़ी करम परब का आयोजन किया गया। यह पर्व मुख्यतः खड़िया जनजाति की महिलाओं के द्वारा मनाया जाता है जबकि गांव की तमाम महिलाएं इसके लिए आयोजित शिवस्नान कार्यक्रम में भाग लेती हैं। आज भी यहां भगवान इंद्र से अच्छी वर्षा की कामना करते हुए भगवान शिव के जलाभिषेक परंपरा का बखूबी निर्वाह किया गया। स्थानीय परंपरा के अनुसार हर वर्ष आद्रा नक्षत्र की बूंदों के स्वागत में यहां बूढ़ी करम का पर्व का आयोजन किया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार इस क्षेत्र में खरीफ को मुख्य फसल के तौर पर लिया जाता है और बूढ़ी करम पर्व का मुख्य उद्देश्य भी इसी फसल के लिए भगवान इंद्र से अच्छी वर्षा की कामना से संबंधित है।

## आम महोत्सव सह बागवानी मेला आयोजित



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को मनरेगा योजना के अंतर्गत आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला कृषकों ने अपने खेतों में तैयार की गई आम की फसल और आम के पौधों का स्टॉल लगाकर प्रदर्शन एवं बिक्री की। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अरुण कुमार सिंह, प्रमुख पारसनाथ उरांव, बीएओ रामकुमार ओहदार और जेएसएलपीएस के बीपीएम नीलकंठ कच्छप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बताया गया कि मनरेगा योजना के तहत प्रखंड की सभी पंचायतों में महिलाओं को बिरसा हरित क्रांति आम बागवानी योजना के तहत आम के पौधे उपलब्ध कराए गए थे। इन पेड़ों से अब अच्छी पैदावार शुरू हो गई है और विभिन्न किस्म के आमों को महिला कृषकों द्वारा बाजार में बेचा जा रहा है, जिससे उन्हें अच्छा लाभ हो रहा है।

## भाजपा का सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन



**भरनो (गुमला)।** भरनो में मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही के नेतृत्व में राज्य की हेमंत सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली एवं धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया था, जिसमें राज्य सरकार की नीतियों और प्रशासनिक विफलताओं के विरुद्ध आवाज उठाई गई। रैली की शुरुआत भाजपा मंडल कार्यालय के समीप से हुई, जो ब्लॉक चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर तक पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया और बाद में बीडीओ अरुण कुमार सिंह को विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा गया। मौके पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने झारखंड की वर्तमान सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए राज्य में गिरती कानून-व्यवस्था पर चिंता जताई और जल्द सुधार की मांग की। धरना में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही, संतोष कुमार पांडा, पारस नाथ उरांव, अशोक कुमार केशरी, श्रीकांत केशरी, नीलम गुप्ता, मुन्ना शाही, पीके सिंह, चंद्रमोहन महतो, काली प्रसाद शाही सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भरनो में रक्तदान शिविर आयोजित

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को ब्लड बैंक, सदर अस्पताल गुमला के तत्वावधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जनसहयोग से रक्त की आपूर्ति सुनिश्चित करना था, लेकिन अपेक्षित सहभागिता नहीं मिल सकी। शिविर में केवल नवपदस्थापित पांच चौकीदारों ने ही रक्तदान किया, जबकि अन्य विभागों के कर्मी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिकों की भागीदारी नगण्य रही। परिणामस्वरूप शिविर में सिर्फ 5 यूनिट रक्त ही संग्रहित हो सका। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अरुण कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव, अंचल अधिकारी (सीओ) अविनाश कुजूर समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। मौके पर बीडीओ श्री सिंह ने कहा, "रक्तदान महादान होता है। यह एक ऐसा दान है जो सीधे किसी की जान बचा सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को इस पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए।" बीडीओ ने यह भी बताया कि सिकल सेल, थैलेसीमिया, एनीमिया, धात्री महिलाएं तथा दुर्घटना पीड़ितों को जीवन रक्षक रक्त की आवश्यकता होती है, जिसके लिए स्वैच्छिक रक्तदाताओं से संग्रह किया गया रक्त उपयोग में लाया जाता है। रक्त देने से पहले दाताओं का हीमोग्लोबिन और शुगर टेस्ट किया जाता है ताकि सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**भरनो (गुमला)।** भरनो पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान थाना प्रभारी कंचन प्रजापति के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को रोका गया और सुरक्षा के दृष्टिकोण से उन्हें थाना परिसर लाया गया। थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने मौके पर ही सभी चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया। थाना प्रभारी ने कहा कि हेलमेट न केवल कानून का पालन है, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा के लिए भी बेहद आवश्यक है। उन्होंने सभी बाइक चालकों से अपील की कि जब भी सड़क पर निकलें, हेलमेट जरूर पहनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जागरूकता के बाद सभी बाइक चालकों को हेलमेट पहनने की सख्त हिदायत देते हुए चेतावनी के साथ छोड़ा गया।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत चला छापेमारी अभियान

**भरनो (गुमला)।** नशा मुक्ति अभियान के तहत भरनो प्रखंड प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए भरनो चट्टी मुख्य रोड स्थित कई दुकानों पर छापेमारी की। यह अभियान प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। छापेमारी के दौरान दुकानदार तंजीम चौधरी, इब्राहिम खान, किसुन उराँव, उर्मिला उराँव, कुंजू उराँव, लक्ष्मी देवी, समीना बीबी और असब चौधरी की दुकानों से प्रतिबंधित गुटखा और विभिन्न प्रकार के पान मसाले जब्त किए गए। मौके पर ही जब्त सामग्री को नष्ट कर दिया गया।

# नशे में की हालत में बेटे ने माता-पिता को उतारा मौत के घाट

नवीन मेल संवाददाता



**बिशुनपुर (गुमला)।** झारखंड के गुमला जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीलपीदह गांव में पारिवारिक विवाद के दौरान एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। मंगलवार की सुबह करीब नशे की हालत में पहुंचे प्रकाश असुर (35 वर्ष) ने गुस्से में आकर अपने वृद्ध पिता शनिचरवा असुर (60 वर्ष) और मां देवमणिया असुर (55 वर्ष) की कुल्हाड़ी से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना में आरोपी की पत्नी राजमुनि असुर भी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। घटना के बारे में राजमुनि असुर ने बताया कि उसका पति प्रकाश नशे में घर लौटा और अपने द्वारा खरीदी गई गाड़ी से खेल रहे दो वर्षीय बेटे प्रीतम असुर को अधजली लकड़ी से मारने लगा। विरोध करने पर उसने पत्नी के सिर पर हथौड़े से वार किया और घर में कुल्हाड़ी खोजने लगा। इसी दौरान राजमुनि अपने सात माह के बेटे कृष्ण असुर को लेकर घर से भाग निकली। पीछे-पीछे उसके ससुर ने भी प्रकाश को समझाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद जब राजमुनि वापस घर लौटी तो देखा कि उसके सास-ससुर खून से लथपथ मृत पड़े थे और आरोपी पति फरार हो चुका था। दोनों मासूम बच्चे घर में रो रहे थे। इसके बाद उसने पास में ही रहने वाले अपने जेठ को घटना की सूचना दी, जिसके बाद गांव वाले भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी तुरंत बिशुनपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल पत्नी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए बुधवार को भेजा जाएगा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस जघन्य कृत्य से पूरे गांव में आक्रोश और भय का माहौल है।

### डीसी प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक की अधिवक्ताओं संग समंवय बैठक

# बेहतर सुविधाएं प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में गुमला बार एसोसिएशन के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मां, मुख्य न्यायाधीश गुमला समेत जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में व्याप्त जनसुविधाओं की कमी, विशेष रूप से पिछले 15 वर्षों से भवन में न तो रंग-रोगन हुआ है और न ही कोई आवश्यक मरम्मत कार्य किया गया है — इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। अधिवक्ताओं ने कहा कि भवन की जर्जर स्थिति से न केवल कार्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि आम जनता को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अधिवक्ताओं की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि भवन की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण हेतु शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि न्यायिक परिसर में कार्यरत सभी वर्गों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में नशा मुक्ति अभियान को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि गुमला जिले में नशाखोरी एक सामाजिक विकृति बन चुकी है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अधिवक्ताओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास ही इस समस्या का स्थायी समाधान है। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मां ने बैठक में बताया कि जिले में नशे की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने के लिए सतत छापेमारी एवं निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन सहित समाज के जागरूक नागरिकों का सहयोग मिलने से अभियान और प्रभावी हो सकेगा।



### जिला पेंशनर समाज ने डीसी को सौंपा मांग पत्र

**गुमला।** जिला पेंशनर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवपदस्थापित उपायुक्त से शिष्टाचार भेंट की और अखिल भारतीय राज्य पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित एक मांग पत्र सौंपा। पेंशनर समाज ने ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा पारित विधेयक के आलोक में उत्पन्न स्थिति पर चिंता जताई है। यह विधेयक केंद्रीय सिविल सेवा नियमों तथा भारत की संचित निधि से पेंशन व्यय से संबंधित सिद्धांतों को वैध बनाता है, जिससे केंद्र सरकार को पूर्व और वर्तमान पेंशनधारकों के बीच भेदभाव करने का अधिकार प्राप्त हो गया है।

## चार आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति

**गुमला।** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अनुकंपा समिति की अनुशंसा के आधार पर चार पात्र आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। ये नियुक्तियाँ सरकारी सेवकों की मृत्यु के उपरांत उनके आश्रितों को तृतीय वर्गीय पदों पर अनुकंपा के आधार पर दी गई हैं। नियुक्ति प्राप्त करने वालों में आदि आर्यन थॉमस (निम्न वर्गीय लिपिक, अंचल कार्यालय घाघरा), प्रसन्न विकाश खाखा (निम्न वर्गीय लिपिक, अंचल कार्यालय रायडीह), विकाश तिर्की (निम्न वर्गीय लिपिक, प्रखंड कार्यालय डुमरी), तथा सरिता देवी (अनुसेवक, अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय कंदा पाठ, डुमरी) शामिल हैं। इस अवसर पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी चयनित कर्मियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## भ्रष्टाचार का अड्डा है अंचल कार्यालय: किशोर जायसवाल




नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा।** भाजपा के द्वारा एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया भारतीय जनता पार्टी घाघरा प्रखंड में घाघरा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार जायसवाल के नेतृत्व में राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, अवैध बालू पत्थर कोयला के लुट, बिजली पानी की लचर व्यवस्था अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने भी अपने संबोधन में राज्य के सरकार के खिलाफ जन्म प्रमाण पत्र और मृत्यु प्रमाण पत्र में भी साथ ही बूढ़ा बुजुर्ग लोगों का पेंशन रुकने जमीन सुधार करने में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि जनता कि आवाज को अगर नहीं सुना गया तो जिला के डीसी एसी के पास जिला ऑफिस में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, आदर भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू गुप्ता, विपिन बिहारी सिंह भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी गोपाल गोप सीमा देवी सुरेश सिंह, संजय सिंह, हरिलाल भगत राधेश्याम यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित है।

# विभिन्न दुकानों व होटलों में खाद्य सुरक्षा दल ने चलाया छापेमारी अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**सिसई (गुमला)।** उपायुक्त गुमला के निर्देश पर सोमवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में प्रखंड के मेन रोड, बसिया रोड, थाना रोड, छारदा रोड, बाजार डांड व कुम्हार मोड़ में विभिन्न दुकानों व होटलों में छापामारी अभियान चलाया गया।

इस दौरान होटलों से खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रह कर उसे जांच के लिए रांची भेजा गया। छापेमारी अभियान में टीम बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रोशन खलखो, सिसई पुलिस एस आई प्रमोद कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का पालन नहीं करने एवं साफ-सफाई में लापरवाही बरतने पर मेन रोड स्थित अंजली स्वीट्स को दस हजार, कृष्णा होटल को तीन हजार ,शिव शक्ति स्वीट्स को दो हजार व न्यू भारत बेकरी को दस हजार का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा थाना मोड़, स्कूल मोड़ व माघी रोड पर स्थित रानी किराना स्टोर, राहुल राम और अनीता देवी स्टोर स्कूल से 100 मीटर के दायरे पर बेच जा रहा था जिसे कोटपा एक्ट के तहत सभी दुकानदारों से पांच पांच सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं अंजली स्वीट्स से रसगुल्ला, कृष्णा होटल से पनीर, शिव शक्ति स्वीट्स और अमर होटल से कलाकंद के सैंपल लेकर जांच हेतु रांची लैब भेजा गया।

# तंबाकू निषेध अभियान पर कई दुकानों में छापे

- भारी जुर्माना वसूला गया

नवीन मेल संवाददाता




**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के चौक-चौराहों पर मंगलवार को तंबाकू निषेध कार्यक्रम के तहत एक बड़ी कार्रवाई की गई, जिसमें दर्जनों दुकानों पर औचक छापेमारी कर गुटखा, सिगरेट और अन्य नशीले पदार्थ जब्त किए गए। यह अभियान प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता और थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में चलाया गया।उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के आदेश पर चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में गुटखा, तंबाकू, सिगरेट सहित सभी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री पर सरकार ने पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। बीडीओ यादव बैठा ने बताया कि इस प्रतिबंध के बावजूद कई दुकानदार चोरी-छिपे इन प्रतिबंधित पान मसालों की बिक्री कर रहे थे।इसी को रोकने के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान कुल दस दुकानों से जुर्माना वसूला गया और सभी दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि अगली बार छापेमारी में कोई दुकानदार बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू या गुटखा बेचते हुए पाया जाता है, तो उस पर 10,000 का भारी जुर्माना लगाया जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## खेत में बने डोभा में डूबने से हुई महिला की मौत



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के जलका केनटोली निवासी 70 वर्षीय भीखईन उराईन की खेत में बने डोभा में डूबने से मौके पर हुई मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग छह बजे गांव के लोगों ने जब खेत तरफ काम करने गए तो देखा कि तेतरा मोड के खेत में बने ढोभा में भीखईन उराईन मुंह के बाल गिरी हुई। गांव वालों ने इसकी पहचान गांव के ही जलका केनटोली निवासी भीखईन उराईन के रूप में किया। गांव वालों ने बताया कि गांव में ही एक शादी समारोह में शामिल थी। जिसके बाद मृतक को किसी ने रात में नहीं देखा। सुबह जब खेत में काम करने गए ग्रामीण ने देखा एवं इसकी सूचना तुरंत गांव वाले को दी जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई घाघरा थाना शव को अपने को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया ।

## हाई वॉल्टेज तार खेत में गिरने से ग्रामीणों में भय



**सिसई (गुमला)।** मंगलवार सुबह 9 बजे के आसपास ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिसई प्रखंड क्षेत्र के रेड़वा के पास एक खेत में एक लाख 32 हजार हाई वॉल्टेज बिजली का तार गिरा हुआ है। सोमवार शाम की मूसलधार बारिश और वज्रपात के समय यह बिजली का तार गिरा है। जब सुबह ग्रामीणों ने खेत में इतने हाई वॉल्टेज बिजली का तार गिरा हुआ देखा तो लोग भयभीत हो गए। ग्रामीणों ने कहा अगर इसमें बिजली प्रवाहित हो रही हो तो काफी खतरा होने की आशंका है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इस हाई वॉल्टेज बिजली के तार को खेत से हटाने की गुहार लगाई है अक्सर किसान बरसात के मौसम में खेती के लिए हल से जुताई करते हैं यदि इस खेत में गलती से कोई किसान पहुंच जाए तो फिर कोई बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है।

## पशु चिकित्सालय के गेट पर समय से पूर्व ताला लटकते देख नाराज हुई प्रमुख

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड प्रमुख मीना देवी ने पंचायत समिति सदस्यों की टीम के साथ पशु चिकित्सालय सिसई का औचक निरीक्षण करने पहुंची। जहां निरीक्षण के दौरान प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय को समय से पूर्व ही बंद पाई। प्रमुख अपने टीम के साथ 4 बजे कार्यालय परिसर पहुंची थी। प्रमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि समय से पूर्व ही कार्यालय के बंद होने का कारण क्या है ये जानकारी लेने के लिए पशुपालन विभाग के पदाधिकारी डॉक्टर अभिनव कुमार को फोन की परंतु फोन नहीं उठाया उसके बाद सहयोगी कर्मचारी को फोन की परंतु वे लोग भी फोन रिसीव नहीं किये और ना ही कॉल बैक किए ।

यह सब देखकर प्रमुख भड़क गई। सिसई प्रखंड कार्यालय अंतर्गत संचालित सभी विभाग में इसी प्रकार का रवैया देखा जा रहा है। जिसको लेकर कई बार सुधार के नाम पर उग्र आंदोलन भी किया जा चुका है। परंतु सुधार होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इससे स्पष्ट पता चलता है कि विकास कार्यगति सीधे पांच साल पीछे जा रहा है। प्रमुख मीना देवी ने कहा कि सभी मामले से उपायुक्त गुमला को लिखित तौर पर अवगत कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उप प्रमुख निलेश उरांव और पंचायत समिति सदस्य जय मंगल उरांव मौजूद थे।


**कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद**
Email:- nphussainabad@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना सं0 – NPH/02/2025-26 (2nd Call)**

| क्रम सं0 | वार्ड सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | Const of Brick Drain from Manjur Alam to SM Akram House | 3,40,099.00 | 6900.00 | 1000 | 2 माह |
| 2 | 1 | Construction of PCC Road from Tree of Mango to House of Somaru Prasad Mehta | 4,04,065.00 | 8100.00 | 1000 | 2 माह |
| 3 | 1 | Construction of PCC Road from House of Sidheshwar Pathak to House of Sambihari Singh | 3,75,332.00 | 7600.00 | 1000 | 2 माह |
| 4 | 3 | Construction of PCC Road from House of Mrityunjay Giri to House of Sanjay Singh | 6,90,300.00 | 13900.00 | 5000 | 2 माह |
| 5 | 3 | Const of Pcc road from House of Kedar singh to Nabinagar Road under Nagar panchayat Hussainabad | 5,46,986.00 | 11000.00 | 5000 | 2 माह |

Part-B

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | 01.07.2025 अपराहन 2:00 बजे तक कार्यालय अवधि में (कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद) |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं स्थान | 03.07.2025 अपराहन 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद परिसर में। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान | 03.07.2025 अपराहन 12:30 बजे से कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद परिसर में। |

नोट– निविदा संबंधी शर्त नगर पंचायत हुसैनाबाद के सूचना पट्ट पर पढ़ा जाय।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR.NO.355854 District(25-26):D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**
Email – dddopalamu@gmail.com

**–:दुधारू पशु वितरण हेतु पलामू जिला के लिये सभी सूचीबद्ध पशु आपूर्तिकर्ताओं एवं चयनित लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना:**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(गव्य विकास निदेशालय) झारखण्ड, राँची द्वारा **पलामू जिला के लिये सूचीबद्ध दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना दो दुधारू गाय/भैंस एवं कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजनान्तर्गत (05 गाय/भैंस, 10 गाय/भैंस) में चयनित लाभुकों को दुधारू मवेशी उपलब्ध कराने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज में दुधारू पशुमेला संचालित है।** पशुमेला में पशु आपूर्तिकर्ता को पशु लाने संबंधी आवेदन जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू को उपलब्ध करायेंगे एवं साथ ही जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू से सम्पर्क स्थापित करेंगे।

**दुधारू पशुमेला में पशुआपूर्तिकर्ता द्वारा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।**

| क्र0 | विवरणी | शर्तें |
|---|---|---|
| 1. | दुधारू गाय | अधिक से अधिक संख्या में उन्नत देषी नस्ल की दुधारू गाय साहिवाल/गिर/रेड सिन्धी(लाभुक के माँग अनुसार संकर हॉलस्टीन फिजियन/जर्सी)। |
| 2. | ब्याँत | पहली/दूसरी ब्याँत(अधिकतम 01 माह तक के अंदर का बाछा/बाछी। प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी द्वारा जाँचोपरान्त क्रय की कार्रवाई की जायेगी। |
| 3. | दूध देने की क्षमता | न्यूनतम 10–12 लीटर प्रतिदिन। |
| 4. | पशु स्वास्थ्य | राज्य के बाहर से जहाँ से गाय लाते हैं, के संबंधित स्थल के पशुचिक्तिक से संक्रमण बिमारी (Thileria, Redwater, HS, BQ & FMD) का टीकाकरण एवं स्वस्थ्य प्रमाण–पत्र का उल्लेख/अंकित अनिवार्य होगी अथवा स्थानीय पशुमेला स्थल के पशुचिकित्सक द्वारा टीकाकरण कराकर संगरोध प्रमाण पत्र अंकित कराकर कार्यालय को उपलब्ध कराना अतिआवष्यक होगा अन्यथा गाय की बिक्री करने की अनुमति नहीं होगी। |
| 5. | पशु व्यापारियों को राज्य के बाहर से ही दुधारू पशु बिक्री हेतु लाना है। पशु व्यापारियों(विक्रेता) द्वारा पशु–क्रय से संबंधित रसीद/वाहन संख्या के साथ नोटराईज्ड शपथ–पत्र संलग्न करना आवष्यक है। | |
| 6. | दुधारू पशुओं को रखने के लिए अस्थायी शेड का निर्माण पशु विक्रेता स्वयं के खर्च पर करेंगे एवं कार्यालय द्वारा पानी, बिजली उपलब्ध कराई जायेगी। | |
| 7. | लगातार तीन शाम दूध की दूहाई देखने के बाद ही पशु व्यापारियों एवं किसान/पषुपालक की आपसी सहमति के आधार पर दुधारू पशु की कीमत/गाय का मूल्य निर्धारण उपरान्त दुधारू गाय क्रय करेंगे। | |
| 8. | कम से कम 14 दिनों तक कोरेन्टाईन समय का पालन करना अति आवष्यक होगा। | |
| 9. | खून एवं संक्रमण रोग संबंधी जाँच पशु व्यापारी द्वारा अपने खर्च पर कराया जायेगा। | |

लाभुकों के द्वारा दुधारू गाय पसंद करने के उपरांत कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 12–15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से ही क्रय–विक्रय का कार्य किया जायेगा।

**वितीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में चयनित वैसे लाभुक जो अभी तक प्रथम/द्वितीय चरण के दुधारू मवेशी क्रय नहीं किए हैं उनसे अनुरोध है कि यथाशीघ्र लाभुक अंशदान जमा करते हुए दुधारू पशुमेला जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज से दुधारू गाय का क्रय कर लें ताकि योजना ससमय शत्–प्रतिशत पूर्ण हो सके।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 355828 Animal Husbandry(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने समाज और देश के प्रति जागरूक रहे। उसे अपने समाज और देश की समस्याओं के बारे में सोचना चाहिए और उनका समाधान खोजने का प्रयास करना चाहिए।" - हजारी प्रसाद द्विवेदी


## संपादकीय

### तीसरा विश्व युद्ध या तख्ता पलट

युद्ध विराम कराने का झूठा दावा करने वाले राष्ट्रपति ट्रंप के बयानों और बढ़ती युद्ध की विभीषिका में अशांति तो मुद्दा है ही चर्चा आम है कि इस्राइल जैसा छोटा-सा देश, जो मुस्लिम देशों से घिरा होने के बावजूद, ईरान जैसे ताकतवर मुस्लिम राष्ट्र से युद्ध भूमि में दो-दो हाथ कैसे कर पा रहा है। ईरान के प्रॉक्सी संगठनों-हमास, हिजबुल्ला और हूती विद्रोहियों को बैकफुट पर धकेलकर अब सीधे ईरान में बारूदी कोहराम मचा रखा है। यह कैसे संभव हो पा रहा है? वर्तमान परिदृश्य में इसके चार कारण सीधे-सीधे नजर आते हैं-पार्श्व में अमेरिका, खुफिया एजेंसी मोसाद, इस्राइल डिफेंस फोर्स और उनका मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम। लेकिन, इनके अतिरिक्त एक महत्त्वपूर्ण कारण और है। वह भले ही युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से मौजूद नहीं है, लेकिन उसके दंश ने यहूदियों को अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए फौलाद के समान मजबूत और साहसी बना दिया और वह है-'होलोकॉस्ट'। 1940 के दशक में यूरोपीय यहूदियों का नरसंहार हुआ, जिसे होलोकॉस्ट के रूप में जाना जाता है। जर्मनी में 1933-45 तक तानाशाह शासक एडोल्फ हिटलर का शासन रहा। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नाजी जर्मन और उसके सहयोगियों ने करीब 60 लाख यहूदियों का नरसंहार किया था। इतिहास में यह एक ऐसी त्रासदी थी, जिसमें यहूदियों का ही नहीं, सोवियत बंदी, पोलिश और सोवियत नागरिकों का भी कत्लेआम हुआ। उस वक्त हिटलर के खौफ के कारण पोलैंड से कई नागरिक समुद्री मार्ग से भागकर गुजरात के जामनगर तट पहुंचे, जहां उन्हें तत्कालीन महाराजा दिग्विजय सिंह ने, जिन्हें हम जाम साहिब के नाम से भी जानते हैं, वर्षों तक अपने यहां शरण दी। यही कारण है कि आज पोलैंड में जाम साहिब का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। हिटलर के शासनकाल में पूरे यूरोप में नाजी विचारधारा ने यहूदियों की आजीविका छीन ली, उनके घर और प्रार्थना स्थल नष्ट करके उन्हें यातना शिविरों में कैद कर दिया गया। सितंबर 1939 में जर्मनी द्वारा पोलैंड पर आक्रमण ने यहूदियों के उत्पीड़न के साथ एक नई चरमपंथी सोच को भी जन्म दिया। यूरोपीय यहूदियों पर हुए अत्याचारों का जीवंत और रूह कंपा देने वाला चित्रण ऐनी फ्रैंक की डायरी में देखने मिलता है; जिसमें उसने एमस्टर्डम में प्रिंसेंग्राच पर स्थित एक गुप्त एनेक्स यानी 'छिपा हुआ कमरा' का उल्लेख किया है, जहां होलोकॉस्ट की शिकार ऐनी अपने परिवार के साथ एक बंदी के रूप में यातना से गुजरते हुए नाजी अत्याचारों की पराकाष्ठा को अपनी डायरी में शब्दबद्ध करती हैं। द्वितीय विश्वयुद्ध मानव इतिहास का सबसे विनाशकारी युद्ध है, तो यहूदियों के लिए काला अध्याय भी। लाखों यहूदी मार दिए गए और जो बचे, उन्हें विस्थापन का दंश झेलना पडा। होलोकॉस्ट के लिए हिब्रू भाषा में 'शोआह' शब्द का जिक्र होता है, जो समग्र विनाश या आपदा के प्रतीकात्मक रूप में प्रयुक्त होता है। होलोकॉस्ट रूपी दर्दनाक घटना के बाद यहूदी समुदाय ने अपनी पहचान एवं संस्कृति को जिंदा रखने की दिशा में काम किया। भयंकर उत्पीड़न के उस नाजी दंश को जेहन में ताजा रखते हुए, एकजुटता, आत्मविश्वास, जिजीविषा एवं पुनर्निर्माण के संकल्प को जिंदा रखा। होलोकॉस्ट की घटना यहूदियों के राष्ट्र प्रेम को और मजबूत करती है। 1948 में हुई आधुनिक इस्राइल की स्थापना भी इसी का परिणाम है। 1959 में इस्राइल की राष्ट्रीय विधायिका नेसेट ने प्रतिवर्ष 'होलोकॉस्ट स्मरण दिवस' मनाने की घोषणा की, ताकि नाजी अत्याचारों की वह दास्तां उन्हें हमेशा याद रहे।

*ईरान-इस्राइल युद्ध के हालिया घटनाक्रम ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान इस्लामी ईरान के खिलाफ यहूदी राष्ट्र इस्राइल का अप्रत्यक्ष रूप से साथ देगा।*

# नए भारत की नई कहानी : ग्रोथ मार्केट से ग्रोथ इंजन तक



एक राष्ट्र की प्रगति केवल उसके आर्थिक सूचकांकों से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से तय होती है कि उस विकास से आम जनजीवन में कितनी गरिमा, अवसर और आत्मबल का संचार हुआ है। जब हम आज भारत की ओर देखते हैं, तो यह केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक जाग्रत समाज की तस्वीर है, जो आगे बढ़ना जानता है, जो अपने अतीत से सीखता है और अपने भविष्य को स्वयं गढ़ रहा है। मेरे लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर, जो वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में 7.4% रही, एक आकंड़ा मात्र नहीं है। यह उस किसान की मेहनत का सम्मान है, जिसने आधुनिक तकनीक को अपनाकर पैदावार बढ़ाई। यह उस महिला उद्यमी की कहानी है, जिसने स्वयं सहायता समूह से यात्रा शुरू कर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पाद दुनिया तक पहुंचाए। यह उस युवा इंजीनियर का आत्मविश्वास है, जिसने मेक इन इंडिया के अंतर्गत नौकरी ढूंढ़ने के बजाय नौकरी देने वाला बना।

आज भारत की औसत विकास दर 6.5% है, और नॉमिनल जीडीपी 330 ट्रिलियन को पार कर चुकी है। जीएसटी संग्रह लगातार दो महीने 2 लाख करोड़ से ऊपर रहा है। यह आर्थिक आत्मबल अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह गाँवों, छोटे कस्बों और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँचा है।

डिजिटल क्रांति ने भारत के सामाजिक ताने-बाने में एक ऐतिहासिक परिवर्तन लाया है। गाँव का एक युवा अब मोबाइल से भुगतान करता है, सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे खाते में प्राप्त करता है और ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से अपने सपनों को साकार करता है। आज यूपीआई के जरिए 25 ट्रिलियन से अधिक ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। यह डिजिटल समावेशन केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं है, यह सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण का नया अध्याय है।भारत ने वैश्विक व्यापार में भी अपनी मज़बूत उपस्थिति दर्ज की है।

केवल अप्रैल 2025 में ही भारत से 3 मिलियन आईफोन एक्सपोर्ट हुए, चीन से तीन गुना ज़्यादा। यह दर्शाता है कि भारत अब केवल बाज़ार नहीं, ग्लोबल वैल्यू चेन का प्रमुख स्तंभ बन चुका है।

बीते दशक में भारत में 500 बिलियन से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है, जो इनोवेशन, रोज़गार और आत्मनिर्भरता के नए द्वार खोल रहा है। हमारे किसान भी इस बदलाव के सशक्त भागीदार बने हैं। आज 51 मिलियन किसानों के पास डिजिटल किसान आईडी है, जिससे उन्हें उनकी भूमि, फसल और योजनाओं का सीधा लाभ मिलता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डिजिटल मंडियां, और आत्मनिर्भर कृषि मिशन जैसे प्रयासों ने उन्हें सहयोगी नहीं, सहभागी बनाया है। भारत में गरीबी दर 2011-12 के 29.5% से घटकर आज 9.4% रह गई है। यह केवल आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का विस्तार है। विश्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि अत्यंत गरीबी अब मात्र 5.3% रह गई है। इस परिवर्तन में उस ग्रामीण परिवार की कहानी छिपी है, जिसके बच्चे पहली बार स्कूल गए, जिसने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को नज़दीक पाया, और जिसने आत्मनिर्भरता को अपनी पहचान बनाया। इंफ्रास्ट्रक्चर में भी भारत ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। आज भारत एक साल में 1,600 इंजन बनाकर विश्व का सबसे बड़ा लोकोमोटिव निर्माता है। ऊर्जा क्षेत्र में 49% क्षमता अब नवीकरणीय स्रोतों से है। भारत अब सस्टेनेबल विकास की राह पर तेज़ी से अग्रसर है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे क्षेत्रों में भी भारत की क्षमता को वैश्विक मान्यता मिल रही है। ओपनएआई जैसी संस्थाओं ने भारत में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय एआई अकादमी शुरू की है, यह हमारे युवाओं की प्रतिभा और संभावनाओं में भरोसे का प्रमाण है। नए भारत की विकास यात्रा में टेक्सटाइल सेक्टर भी एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है।

तकनीकी वस्त्रों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन (एनटीटीएम) और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना एक-दूसरे के पूरक बनकर कार्य कर रही हैं। एनटीटीएम के तहत 510 करोड़ की सहायता से 168 नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। वहीं, टेक्सटाइल इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक मानकों पर लाने के लिए देशभर में 7 पीएम मित्रा पार्क स्थापित किए जा रहे हैं, जहां पूरी वैल्यू चेन को 'प्लग-एंड- प्ले' मॉडल पर काम करने की सुविधा मिलेगी। यह क्षेत्र अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि तकनीक, नवाचार और निर्यात का नया प्रतीक बन चुका है।

आज भारत को डब्ल्यूटीओ और डब्ल्यूईएफ जैसे वैश्विक संस्थान केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि ग्रोथ इंजन के रूप में देख रहे हैं। यह उस समर्पित प्रयास का परिणाम है, जो आदरणीय प्रधानमंत्री जी की नीतियों, योजनाओं और नागरिकों की सहभागिता से संभव हुआ है।

मैं दृढ़ता से मानता हूँ कि यह यात्रा केवल सरकार की नहीं, हर भारतीय की है। हमारे सामने आज जो उपलब्धियाँ हैं, वे उस संकल्प का परिणाम हैं जिसने हर गाँव, हर परिवार और हर नागरिक को जोड़ा। भारत आज एक विकल्प नहीं, एक प्रेरणा है, आत्मनिर्भरता की, समावेशिता की और वैश्विक नेतृत्व की। जब हम अमृतकाल में विकसित भारत @2047 की परिकल्पना करते हैं, तो वह केवल एक सपना नहीं, एक साझा संकल्प है और मुझे विश्वास है इस संकल्प की सिद्धि का समय अब दूर नहीं।

आज की बात



**गिरिराज सिंह**
वस्त्र मंत्री, भारत सरकार

### कफन के नीचे कविता

शहर के पुराने मोहल्ले में एक बूढ़ा लेखक रहता था-नाम था हरद्वारीलाल 'विषपायी'। नाम सुनते ही लोग सोचते थे कि ज़रूर कोई अल्कोहलिक होगा, पर असली नशा तो उसके विचारों में था, जो चखने वाले को उल्टियाँ करवा देता था। उसने जीवन भर लिखा, छपवाया, झिड़कियां खाईं, सराहना मिली, फिर उपेक्षा मिली, फिर पुरस्कार मिला, और अंत में क्या मिला? एक अदद सरकारी मरणोत्तर प्रमाणपत्र-"यह लेखक था।" मोहल्ले के लौंडे कहते-"क्या यार, ये भी कोई करियर है?" और वह मुस्कराकर जवाब देता-"बेटा, ये करियर नहीं, कराहियर है।" हरद्वारीलाल को आत्मकथा लिखने का बड़ा शौक था। हर हफ्ते नया पहला पेज लिखता और फिर रद्दी वाले को बेच देता, ताकि 'सच' न छपने पाए। उसके पास इतने पहले पेज थे कि एक दिन एक अखबार वाले ने उसके रद्दी संग्रह से एक उपन्यास छाप दिया और नाम रख दिया-'मैं, मेरा मैं और सिर्फ मैं'। उस किताब को पढ़ने के बाद समीक्षकों ने कहा-"ये लेखक नहीं, आत्ममुग्धता का शिलालेख है।" हरद्वारीलाल ने जवाब दिया-"कम से कम शिलालेख तो बना!" जब-जब उसे पुरस्कार मिलता, तब-तब वह घर की छत पर चढ़कर चिल्लाता-"देखो मोहल्लेवालों! मैं मरने के बाद याद किया जाऊँगा!" एक बार नीचे से आवाज़ आई-"तब ही क्यों? अभी क्यों नहीं?" जवाब में उसने चुपचाप नीचे आकर नल से पानी पिया और लिखा-"यह समाज कलाकार की प्यास नहीं समझता, बस उसका गला पकड़ लेता है।" वो लेखक था पर लेखकों वाला चेहरा नहीं था। मोहल्ले की चाची कहती-"बेटा, थोड़ी हल्दी-फेसपैक लगा ले, चेहरे से 'दुख' टपकता है।" और हरद्वारीलाल कहता-"चाची, दुख मेरी आय का स्रोत है।" जब उससे पूछा गया कि कितनी कमाई होती है लिखने से, तो बोला-"इतनी कि बगैर खाए लिख सकता हूँ, और लिखकर भूख भूल सकता हूँ।" एक बार साहित्य अकादमी ने कहा-"आपको जीवन-पर्यंत लेखन के लिए नवाजा जाएगा।" हरद्वारीलाल खुशी से कांप गया और बोला-"मगर मेरे पास जीवन बचा कहाँ है?" समारोह में मंच पर चढ़ते वक्त वो लड़खड़ा गया, और पीछे से उद्घोषक ने कहा-"लेखक की भाषा चाहे जितनी तेज़ हो, उसकी हड्डियां सरकारी कार्यक्रमों में ही चटकती हैं।" हरद्वारीलाल को गिरते हुए सिर्फ एक बात याद रही-"टाइमिंग सबकुछ होती है, बेटा!" आखिरी बार वह अस्पताल में भर्ती हुआ, तो नर्स ने पूछा-"क्या करते हैं?" उसने कहा-"लेखक हूँ।" नर्स मुस्कराई-"कोई काम नहीं है क्या?" उसने कहा-"आपकी ड्रिप में जो खामोशी है, वही मेरी कहानियों का पन्ना है।" अगली सुबह उसके पास सिर्फ एक चिट्ठी थी, जिसमें लिखा था-"लेखन के लिए धन्यवाद, आपकी अंतिम रचना फाइल हो चुकी है।" और उसके मुँह से बस एक शब्द निकला-"समथिंग विल टर्न अप!"

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

व्यंग्य की बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

## नारी जब सिंहनी बनी : गोंडवाना की अमर प्रहरी रानी दुर्गावती

भारतीय इतिहास की वीरगाथाओं में कुछ नाम ऐसे हैं, जो समय की धूल में कभी धूमिल नहीं होते। वे न केवल अपने युग की प्रतीक होती हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर अमर हो जाती हैं। ऐसी ही एक नाम है रानी दुर्गावती-एक ऐसी वीरांगना, जिन्होंने अपने साहस, स्वाभिमान और बलिदान से भारत की मिट्टी को गौरवान्वित किया। उनकी गाथा केवल युद्ध और विजय की कहानी नहीं, बल्कि एक नारी के अटल संकल्प, नेतृत्व और मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम की अमर दास्तान है। रानी दुर्गावती ने यह सिद्ध किया कि जब बात सम्मान और स्वतंत्रता की हो, तो नारी शक्ति किसी भी चुनौती से कम नहीं। उनकी वीरता का आलम यह था कि मुग़ल साम्राज्य जैसी विशाल शक्ति भी उनके सामने ठिठक गई। 1524 में चंदेल वंश के गौरवशाली कालिंजर किले में जन्मीं दुर्गावती बचपन से ही असाधारण थीं। उनके पिता, राजा कीरत राय, ने उन्हें केवल एक राजकुमारी के रूप में नहीं, बल्कि एक योद्धा के रूप में तैयार किया। उस युग में, जब अधिकांश स्त्रियां महलों की चारदीवारी तक सीमित थीं, दुर्गावती ने तलवारबाज़ी, तीरंदाज़ी, घुड़सवारी और युद्धनीति में महारत हासिल की। उनकी शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं थी; वे रणभूमि की चुनौतियों को समझने वाली कुशल रणनीतिकार थीं। उनके हृदय में देश और धर्म के लिए कुछ कर गुजरने की ललक थी, जो उनके हर निर्णय में झलकती थी। उनका विवाह गोंडवाना के शासक दलपत शाह से हुआ, जो चंदेल और गोंड संस्कृतियों का अनूठा संगम था। यह विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो शक्तिशाली परंपराओं का एकीकरण था। किंतु नियति ने उनके जीवन में एक कठिन मोड़ ला दिया। विवाह के कुछ वर्ष बाद ही दलपत शाह का असामयिक निधन हो गया। उस समय उनका पुत्र वीर नारायण अभी बालक था। सामान्य स्त्री के लिए यह स्थिति टूटने का कारण बनती, पर दुर्गावती ने इसे अवसर में बदला। उन्होंने गोंडवाना की बागडोर अपने हाथों में ली और एक कुशल शासिका के रूप में अपनी पहचान बनाई। रानी दुर्गावती का शासनकाल, जो लगभग 16 वर्षों तक रहा, न केवल गोंडवाना के इतिहास में स्वर्णिम काल था, बल्कि यह एक आदर्श प्रशासन का उदाहरण भी था। उन्होंने कृषि और जल प्रबंधन को बढ़ावा दिया, सड़कों का निर्माण करवाया, और न्याय व्यवस्था को इतना सुदृढ़ किया कि प्रजा उन्हें माता के समान पूजने लगी। उनकी प्रजा के प्रति संवेदनशीलता और निष्पक्षता ने उन्हें एक लोकप्रिय शासिका बनाया। वे केवल राजमहल में बैठकर शासन नहीं करती थीं; वे युद्ध के मैदान में भी उतनी ही प्रखर थीं। उनकी सेना में सैनिकों का मनोबल उनकी उपस्थिति मात्र से दोगुना हो जाता था। लेकिन उस युग में स्वतंत्र रियासतों का अस्तित्व बनाए रखना आसान नहीं था। मुग़ल सम्राट अकबर की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाएँ गोंडवाना की ओर बढ़ रही थीं। 1564 में अकबर ने अपने सेनापति आसफ खाँ को गोंडवाना पर आक्रमण करने का आदेश दिया। यह वह क्षण था, जब रानी दुर्गावती के साहस और नेतृत्व की सच्ची परीक्षा हुई। उन्होंने आत्मसमर्पण का रास्ता चुनने के बजाय युद्ध का बिगुल बजा दिया। उनकी सेना संख्या में मुग़ल सेना से बहुत कम थी, पर रानी की रणनीति और सैनिकों का जोश इस कमी को पूरा कर रहा था। नरई नाले के किनारे हुए युद्ध में रानी ने स्वयं सेना का नेतृत्व किया। घोड़े पर सवार, धनुष-बाण से सुसज्जित, वे किसी देवी की तरह रणभूमि में उतरीं। उनके प्रहारों ने मुग़ल सेना को हतप्रभ कर दिया। पहले दिन का युद्ध रानी के पक्ष में रहा, पर मुग़ल सेना की विशाल संख्या और निरंतर हमले ने स्थिति को जटिल बना दिया। दूसरे दिन, जब युद्ध अपने चरम पर था, रानी का घोड़ा घायल हो गया। उनके शरीर पर तीरों के घाव थे, और तरकश खाली हो चुका था। फिर भी, उनकी आँखों में हार का कोई भाव नहीं था। जब उन्हें आभास हुआ कि अब जीत संभव नहीं और मुग़ल सेना उन्हें बंदी बना सकती है, तो रानी ने अपमानजनक पराजय को स्वीकार करने के बजाय आत्मबलिदान का मार्ग चुना। 24 जून 1564 को, उन्होंने अपनी कटार से स्वयं को समाप्त कर लिया, पर अपने स्वाभिमान और मातृभूमि के सम्मान को अक्षुण्ण रखा। यह बलिदान केवल एक जीवन का अंत नहीं था; यह एक ऐसी ज्वाला थी, जो आज भी भारत के कोने-कोने में प्रज्ज्वलित है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)



देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

सिद्धों के संग रह हुए, कुछ जन मालामाल।
साधन में फंस कर हुए, कई लोग कंगाल।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## जो खुद से लड़ रहा, वो दूसरों को कैसे खुश रख सकता है?

परमहंस योगानन्द जी कहा करते थे कि दूसरों के साथ मिलजुलकर रहना एक कला है, जो भी व्यक्ति दूसरों के साथ मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण तरीके से रहते हैं, दरअसल वैसे लोग सुंगधित फूलों की तरह होते हैं। उक्त बातें आज रांची के योगदा सत्संग आश्रम के श्रवणालय में आयोजित रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए स्वामी ललितानन्द गिरि ने योगदा भक्तों के बीच में कही। उन्होंने कहा कि दूसरों के साथ मिलजुलकर रहने से व्यक्ति तनावरहित व चिन्तामुक्त रहता है। उन्होंने बताया कि पिछले चार-पांच सालों में आम आदमी की जीवन शैली में काफी बदलाव आया है। खासकर कोविड के आने के बाद हर व्यक्ति का जीवन शैली प्रभावित हुआ है। जो लोग पहले जैसे रहा करते थे, अब वैसा नहीं हैं। कोविड ने हर व्यक्ति की जीवन शैली को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जो पशुप्रेमी होते हैं। वे पशुओं के साथ बड़े प्रेम से रहा करते हैं। पशुओं के साथ मेल-जोल बढ़ाना आसान भी हैं, क्योंकि वे शब्दों और अपने कार्यों से रिएक्ट नहीं करते। लेकिन आम आदमी से आप वैसी आशा नहीं रख सकते। आम आदमी आपकी कार्य शैली को देख शब्दों और कार्यों दोनों से रिएक्ट करते हैं। आप हर व्यक्ति से वैसी आशा नहीं रख सकते, जिसकी आपको चाहत हैं। वो उस व्यक्ति पर निर्भर करता है कि उसने आपके बारे में क्या सोच बना रखी है। स्वामी ललितानन्द ने कहा कि हर व्यक्ति परिवार से जुड़ा होता है। जहां उसका भावनात्मक लगाव होता है। परिवार मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। परिवार से हमारा जुड़ाव हर प्रकार से हमारी स्थितियों को प्रभावित करता है, हम परिवार को नजरंदाज नहीं कर सकते, क्योंकि हमारे जीवन का ज्यादा समय परिवार में ही गुजरता है। इसके बाद स्थान आता है, उस कार्यालय का जहां हमारा परिवार के बाद ज्यादा समय बीतता है। कार्यालय के लोगों के साथ भी हमारा आचरण सौहार्दपूर्ण होना चाहिए। अगर हम कार्यालय में अपने सहयोगियों के साथ बेहतर वातावरण बनाकर काम करेंगे, तो हम बेशक तनावमुक्त होंगे, कार्य में तेजी आयेगी, नहीं तो दूसरी नौकरी ढूंढने के सिवा आपके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं होगा। परिवार, कार्यालय के बाद हमारा ज्यादातर समय सामाजिक दायरे में बीतता है। इस सामाजिक दायरे में वैसे मित्र होते हैं, जिनसे हम वो बाते शेयर करते हैं, जो हम अपने परिवार के साथ शेयर नहीं कर सकते, सामाजिक दायरे में हमारी सहजता और सरलता होनी चाहिये। हम सामाजिक दायरे में जितना खुद को सहज और सरल बनायेंगे, उसका लाभ हमें उतना ही अधिक मिलेगा। स्वामी ललितानन्द ने यह भी कहा कि परिवार, कार्यालय और समाज से भी ज्यादा प्रमुख है कि आप स्वयं के साथ कैसे सामंजस्य बनाकर चलते हैं। अगर आप खुद से खुश नहीं हैं, तो आपको कोई भी खुश नहीं रख सकता और न आप किसी के साथ खुश रह सकते हैं। इसलिए हर व्यक्ति को खुद को खुश रखने के महत्व को भी समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमहंस योगानन्द जी के अनुसार जो व्यक्ति खुद ही खुश नहीं है और खुद से लड़ रहा है, वो भला दूसरों या खुद को कैसे खुश रख सकता है। इसलिए यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण बिंदु है – खुद को खुश रखना। आप खुद को खुश रखें, खुद को पसन्द करें, आप स्वयं से प्रेम करना सीखिये। स्वयं से प्रेम करने का मतलब दिव्यता को अनुभव करना, खुद को ईश्वर से एकाकार करना है। खुद को ईश्वर की संतान समझना है, न कि आपके अंदर छुपे अंधकार, अहंकार और स्वार्थ से हैं। स्वामी ललितानन्द ने कहा कि हम जितना खुद को ईश्वर से एकाकार करेंगे। हम उतना ही खुद से प्रेम करना सीखेंगे। ईश्वर से एकाकार करने का एकमात्र तरीका ध्यान है। उन्होंने प्रेम और ज्ञान का विशाल भंडार आपके अंदर हैं, इसे आप नहीं जानेंगे तो आप हमेशा अनिश्चितता और अंधकार में तैरते रहेंगे। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि उन्हें कोई प्रेम नहीं करता। जबकि सच्चाई यही है कि वे खुद से प्रेम नहीं करते। जब तक लोग इन भावनात्मक चीजों को बाह्य जगत में ढुंढेंगे, तब तक यह अप्राप्त रहेगा। लेकिन जैसे ही ये व्यवस्थित व अनुशासित होकर एकाग्रता के साथ ध्यान करना शुरू करेंगे, वे ईश्वर को जानने की कोशिश करने लगेंगे। उन्होंने कहा कि वास्तविक प्रेम का स्रोत आत्मा ही है। उन्होंने कहा कि स्वयं के साथ निभाने की कला के साथ-साथ दूसरे के साथ भी निभाने की कला आपको आनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अलग बात



**कृष्ण बिहारी मिश्र**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं

# 22 मिनट में ही दुश्मन ने टेके थे घुटने : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज का भारत देशहित में जो सही है, उसके हिसाब से कदम उठाता है। पीएम मोदी मंगलवार को दिल्ली में आयोजित श्रीनारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत की शताब्दी समारोह बैठक में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने मंच से सशक्त होते भारत के जज्बे को सलाम किया। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। कहा कि 22 मिनट में ही हमने दुश्मन को घुटने पर ला दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत तेजी से दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। हाल में दुनिया ने देखा है कि भारत का सामर्थ्य क्या है।

#### ऑपरेशन सिंदूर: आतंक पर 'मेड इन इंडिया' प्रहार



ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी कठोर नीति को दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।प्रधानमंत्री मोदी ने 'मेड इन इंडिया' हथियारों की प्रशंसा करते हुए कहा, "आज का भारत देशहित में कदम उठाता है। आज सैन्य जरूरतों के लिए भी भारत की विदेशों पर निर्भरता लगातार कम हो रही है। हम डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर हो रहे हैं, जिसका प्रभाव हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखा है। हमारी सेनाओं ने भारत में बने हथियारों से दुश्मन को 22 मिनट में घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में 'मेड इन इंडिया' हथियारों का डंका पूरी दुनिया में बजेगा।

कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, "देश के संकल्पों को पूरा करने के लिए हमें श्रीनारायण गुरु की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। इसके लिए सरकार भी सक्रियता के साथ काम कर रही है। हम शिवगिरी सर्कल का निर्माण करके श्रीनारायण गुरु से जुड़े तीर्थ स्थानों को जोड़ रहे हैं। मुझे विश्वास है कि उनके आशीर्वाद और उनकी शिक्षाएं अमृतकाल की यात्रा में रास्ता दिखाती रहेंगी। हम सब एक साथ मिलकर विकसित भारत के सपने को पूरा करेंगे।

# कांग्रेस का काम केवल झूठ और भ्रांतियां फैलाना : अन्नपूर्णा देवी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि उसका काम केवल झूठ और भ्रांतियां फैलाना और हमारी सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा डालना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता और समावेश सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से टेक-होम राशन वितरित करने के लिए फेशियल रिकगनिशन सिस्टम (एफआरएस) अनिवार्य करने के लिए सरकार की आलोचना करना सही नहीं है।अन्नपूर्णा देवी ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश को जवाब देते हुए कहा कि चेहरे की पहचान प्रणाली, बायोमेट्रिक और आधार जैसी आधुनिक तकनीकों की मदद से सरकार आज अंतिम पंक्ति के लाभार्थी तक पहुंचने में सफल हो रही है। यह कहना सरासर गलत है कि तकनीक के उपयोग से प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के लाभार्थियों में गिरावट आई है। वर्ष 2019-20 में पहली बार के लाभार्थी की संख्या 72.05 लाख हो गई है। 2024-25 में बढ़कर यह संख्या 80.48 लाख (अब तक की सर्वाधिक संख्या) हो गई है। 2025-26 की पहली तिमाही में लाभार्थियों की संख्या 27 लाख से अधिक हो गई है। पीएम-किसान से 10 करोड़ किसानों को हर महीने आधार से प्रमाणित सीधा लाभ खाते में जा रहा है व राशन का लाभ मिल रहा है।



- **मोदी सरकार टेक्नोलॉजी की मदद से कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता और सुनिश्चित कर रही है**

## महाराष्ट्र चुनाव पर चर्चा को तैयार चुनाव आयोग, राहुल गांधी को दिया संवाद का न्यौता

**एजेंसी। नई दिल्ली**





लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 पर चर्चा की मांग का चुनाव आयोग ने जवाब दिया है। उन्होंने राहुल गांधी को चुनाव आयोग के साथ बातचीत के लिए निमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलने और सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए भी तैयार है। भारत निर्वाचन आयोग सचिवालय ने कहा, "पिछले साल हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों पर एक अखबार में प्रकाशित आपके लेख के मद्देनजर मुझे यह बताने का निर्देश दिया गया है कि नवंबर 2024 में विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) की ओर से इसी तरह के मुद्दे उठाए गए थे। आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को आईएनसी को एक विस्तृत जवाब दिया था, जिसकी प्रति ईसीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसमें आगे कहा गया, "सभी चुनाव भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा संसद द्वारा पारित निर्वाचन कानूनों, उनमें बनाए गए नियमों और समय-समय पर जारी किए गए आयोग के निर्देशों के अनुसार सख्ती से आयोजित किए जाते हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि पूरी चुनाव प्रक्रिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर विकेंद्रीकृत तरीके से आयोजित की जाती है।

### दिल्ली में बिजनेस खोलना और चलाना हुआ आसान

# पुलिस से वापस ली गईं 7 लाइसेंसी शक्तियां : सीएम

- **पुलिस लाइसेंस की अनिवार्यता समाप्त :** अब भोजनालयों, डिस्कोथेक और मनोरंजन पार्क जैसे व्यवसायों को संचालन के लिए दिल्ली पुलिस से लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं होगी।
- **लालफीताशाही से राहत :** व्यापारियों ने इस फैसले का स्वागत किया, इसे 40 साल पुरानी बाधा का अंत और "लालफीताशाही से बड़ी राहत" बताया।
- **25,000 प्रतिष्ठानों को मिलेगा लाभ :** इस निर्णय से लगभग 25,000 व्यवसायिक प्रतिष्ठान और 10-20 लाख लोग लाभान्वित होंगे जो प्रक्रिया में देरी से जूझ रहे थे।
- **दोहरे लाइसेंस का अंत :** अब दोहरी लाइसेंसिंग के कारण पैदा होने वाला भ्रम समाप्त होगा, जिससे पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ेगी।

#### दिल्ली में व्यापार के लिए पुलिस लाइसेंस अनिवार्यता खत्म



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे दिल्ली के लिए एक "ऐतिहासिक" लोक कल्याणकारी आदेश बताते हुए, सीएम ने कहा कि यह नया निर्णय प्रक्रिया को सरल बनाएगा, समय और लागत की बचत करेगा और राजधानी में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि इन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पुलिस लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होगी, फिर भी उन्हें दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी बोर्ड से अनुमति के लिए आवेदन करना होगा।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अब राष्ट्रीय राजधानी में भोजनालयों, डिस्कोथेक और मनोरंजन पार्कों के व्यवसाय मालिकों और प्रतिष्ठानों को परिचालन गतिविधि के लिए दिल्ली पुलिस से लाइसेंस प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। राष्ट्रीय राजधानी के व्यवसाय मालिकों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए दिल्ली पुलिस लाइसेंस की आवश्यकता को समाप्त करने के फैसले का स्वागत किया है और इसे लालफीताशाही से बड़ी राहत बताया है।

गुप्ता ने कहा, "यह दिल्ली के लोगों और व्यापारिक समुदाय की 40 साल से भी अधिक समय से लंबित मांग थी। करीब 25,000 प्रतिष्ठानों में देरी हो रही थी और उनसे जुड़े करीब 10 से 20 लाख लोग इस सार्वजनिक प्रबंधन बाधा के कारण परेशान थे। यह आज खत्म हो गया।" मुख्यमंत्री ने कहा, "दोहरी लाइसेंसिंग से पहले इस बात को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा होती थी कि कौन क्या करेगा। इस सुधार के साथ हम पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए एकल खिड़की प्रणाली ला रहे हैं। यह दोहरी इंजन वाली सरकार का लाभ है।" मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पुलिस को व्यवसायों को लाइसेंस जारी करने की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिए जाने से अब दिल्ली पुलिस को अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे अपने मूल कर्तव्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अधिक समय मिलेगा। गुप्ता ने यह भी कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पुलिस पर व्यवसाय लाइसेंस जारी करने जैसे गैर-मुख्य कार्यों का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। दिल्ली में पुलिसिंग का विषय केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है।

## हिंदी को 100% राष्ट्रभाषा घोषित किया जाना चाहिए : अबू आजमी

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य करने पर महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आज़मी ने बड़ा बयान दिया है। अबू आज़मी ने कहा कि मराठी पहली भाषा है, लोग अंग्रेज़ी के पीछे भागते हैं क्योंकि वे 'गुलाम' हैं, इसलिए यह दूसरी भाषा है। मैं बार-बार दोहराता हूँ कि तीसरी भाषा हिंदी होनी चाहिए। संसद में एक समिति है जो हिंदी को बढ़ावा देने के लिए देश भर में जाती है और केंद्र सरकार के सभी काम भी हिंदी में होते हैं। कुछ लोग राजनीति करना चाहते हैं... हिंदी को 100% राष्ट्रीय भाषा घोषित किया जाना चाहिए, जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक बोली जानी चाहिए। अगर मैं असम जाऊँ तो क्या मुझे असमिया सीखना चाहिए?महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार रात घोषणा की कि राज्य के स्कूलों में त्रिभाषा फार्मूला लागू करने पर अंतिम निर्णय लेखकों, भाषा विशेषज्ञों, राजनीतिक नेताओं और अन्य सभी संबंधित हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद ही लिया जाएगा। यह कदम स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शामिल करने के सरकार के फैसले के व्यापक विरोध के बीच उठाया गया है। यह घोषणा मुख्यमंत्री आवास पर तीन-भाषा फॉर्मूले पर एक बैठक के बाद की गई। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, स्कूली शिक्षा मंत्री दादा भुसे, राज्य मंत्री पंकज भोईर और शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हुए।सरकार द्वारा जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, नेताओं ने इस मुद्दे पर विचार-विमर्श किया और भाषा नीति पर सभी हितधारकों की स्थिति प्रस्तुत करने का निर्णय लिया। सरकार ने सभी विकल्पों को शामिल करते हुए एक विस्तृत प्रस्तुति तैयार करने का निर्णय लिया है, जिसमें यह सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा कि मराठी छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 में परिकल्पित एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, अकादमिक बैंक ऑफ़ क्रेडिट के संबंध में शैक्षणिक नुकसान न हो। बयान के अनुसार, इस उद्देश्य के लिए मराठी भाषा के विद्वानों, साहित्यकारों और राजनीतिक नेताओं सहित सभी हितधारकों के साथ एक प्रस्तुति और परामर्श प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

- **मराठी को दी प्राथमिकता :** आज़मी ने कहा कि मराठी पहली भाषा होनी चाहिए, अंग्रेज़ी दूसरी और हिंदी तीसरी, लेकिन हिंदी का महत्व पूरे देश के लिए जरूरी है
- **मुख्यमंत्री आवास पर बैठक :** त्रिभाषा फॉर्मूला पर बैठक हुई, जिसमें डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे, शिक्षा मंत्री दादा भुसे, अन्य मंत्री और अधिकारी शामिल रहे

## थरूर ने की पीएम मोदी की वैश्विक भूमिका की प्रशंसा, कांग्रेस असहज

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक ''अहम पूंजी'' बनी हुई है, लेकिन इसे अधिक सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी एक बार फिर कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल सकती है तथा पार्टी नेतृत्व के साथ उनके संबंधों में दरार और गहरी हो सकती है। प्रधानमंत्री के लिए थरूर की प्रशंसा ऐसे समय आई है जब कांग्रेस विदेश नीति को लेकर मोदी सरकार पर निरंतर हमले कर रही है और आरोप लगा रही है कि भारतीय कूटनीति चरमरा गई है और देश विश्व स्तर पर ''अलग-थलग'' पड़ गया है। थरूर ने अंग्रेजी दैनिक 'द हिंदू' के लिए लिखे एक लेख में कहा कि ''ऑपरेशन सिंदूर'' के बाद किया गया राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर थरूर के इस लेख को साझा किया और कहा, लोकसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. शशि थरूर लिखते हैं: ''ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित वैश्विक पहुंच से सबक।' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने थरूर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करने को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष किया और कहा कि तिरुवनंतपुरम से सांसद ने राहुल गांधी को ''बेनकाब'' कर दिया है।

## राजद कल्चर ने बिहार को बर्बाद किया : विजय सिन्हा

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव का फिर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। ऐसे में बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार को राजद पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि राजद कल्चर ने बिहार को बर्बाद कर दिया। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने लालू यादव पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के ये ऐसे शिष्य हैं जिन्होंने लोकतंत्र को कलंकित किया और संविधान को दागदार किया। सजायाफ्ता अपराधी जब किसी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और सत्ता में बैठकर लोगों का आदर्श बनने की भावनाओं का प्रकटीकरण करे, यह राजद में ही संभव है।इस राजद कल्चर ने बिहार को बर्बाद कर दिया। उन्होंने आगे तंज कसते हुए कहा, "राजद कल्चर में पढ़ने वाले लोग भी उसी रास्ते पर चल रहे हैं। ये बिहार के हितैषी नहीं हैं। ये बिहार को बदनाम और बर्बाद करने वाले लोग हैं। राजद अभी भी नहीं सुधरा है और कल भी नहीं सुधरेगा।" उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने आगे कहा कि राजद लोकतंत्र की पार्टी नहीं है।

## धर्म और ज्ञान, क्रांति व चेतना का केंद्र है बिहार : जगदीप धनखड़

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित ललित नारायण (एलएन) मिश्रा कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के स्थापना दिवस समारोह में मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल हुए। इस मौके पर उपराष्ट्रपति ने अपने सम्बोधन में कहा कि बिहार शिक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ रहा है। बिहार धर्म और ज्ञान की भूमि रही है, जिसने देश को अनेक क्रांतिकारी और चिंतक दिए हैं। इस भूमि पर आकर मुझे नई ताकत और ऊर्जा की अनुभूति होती है।उपराष्ट्रपति ने आपातकाल के दौर को याद करते हुए कहा, ''उस समय लोकतंत्र को दबाने का प्रयास किया गया था।

## वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक शुरू, विभिन्न मुद्दों पर होगा मंथन

**एजेंसी। वाराणसी**

- **बैठक में अमित शाह, यूपी, उत्तराखंड, मप्र व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी शामिल**
- **बैठक के शुरूआत में सीएम योगी ने गृहमंत्री को स्मृतिचिंह देकर किया स्वागत**

देश की सांस्कृतिक राजधानी काशी में मंगलवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक नदेसर स्थित तारांकित होटल ताज में शुरू हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव के अलावा इन राज्यों के मुख्य सचिव, और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भाग ले रहे है। बैठक की शुरूआत में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। बैठक में सामाजिक विकास, परिवहन सीमा विवाद, कानून व्यवस्था, पर्यावरण और अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो रही है। माना जा रहा है कि खास कर उन मुद्दों पर भी चर्चा होगी जो बिना केंद्र की सहायता के मुद्दे राज्य सुलझा नहीं सकते हैं। इसमें राज्य की संपत्ति, पानी विवाद या सीमा विवाद से जुड़े मामले भी हो सकते हैं। इसके अलावा सामाजिक विकास, पर्यावरण, कानून व्यवस्था समेत कई अन्य मुद्दों पर भी बात की जाएगी। इस बैठक से पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

## बेंगलुरु समेत कई अन्य जिलों में लोकायुक्त की छापेमारी

**एजेंसी। बंगलूरू**





- **आय से अधिक संपत्ति मामले की गयी कार्रवाई**

कर्नाटक में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के तहत लोकायुक्त अधिकारियों ने मंगलवार सुबह कई जिलों में विभिन्न सरकारी अधिकारियों के घरों और दफ्तरों पर छापेमारी की। छापेमारी शिवमोग्गा, चिक्कमगलुरु, बेंगलुरु, गडग, धारवाड़ और कलबुर्गी समेत कई अन्य जिलों में की गई। लोकायुक्त की टीम ने दस्तावे जों की भी जांच की। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु समेत कई अन्य जिलों में लोकायुक्त ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापेमारी की। बीबीएमपी, चिक्कमगलुरु टाउन नगर पालिका, अनेकल टाउन नगर पालिका और अन्य के अधिकारियों के परिसर पर दबिश दी गई। जिन स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की गयी, उनमें बेंगलूरू, शिवमोग्गा, चिक्कमगलुरु, अनेकल, गडग, धारवाड़ और कलबुर्गी शामिल हैं। कि लोकायुक्त के अधिकारियों ने आठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े कई ठिकानों पर छापे मारे। उन पर अपनी आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। लोकायुक्त अधिकारियों द्वारा आरोपित अधिकारियों से जुड़े घरों, कार्यालयों और अन्य ठिकानों पर छापे मारे गए हैं। लोकायुक्त अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की समीक्षा जारी है।

## दिल्ली बॉर्डर पर एनकाउंटर, मारा गया हरियाणा का अपराधी

नई दिल्ली। हरियाणा-दिल्ली बॉर्डर पर मुठभेड़ में वांछित अपराधी रोमिल वोहरा मारा गया है। हरियाणा एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंगलवार को संयुक्त कार्रवाई में अपराधी को ढेर कर दिया। हालांकि इस मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। रोमिल कुख्यात काला राणा-नोनी राणा गैंग का सक्रिय शूटर था। पुलिस ने एनकाउंटर में रोमिल वोहरा के मौत की पुष्टि की है। बताया गया है कि रोमिल वोहरा हरियाणा में अपराध की दुनिया का बेताज बादशाह बनने का ख्वाब देख रहा था।

## मतदाता सूची को पारदर्शी तरीके से किया जाता है तैयार

**एजेंसी। मुंबई**

कांग्रेस समेत विपक्षी दलों द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सवाल उठाए जाने पर सियासत जारी है। इस मुद्दे पर महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय का बयान आया है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को पारदर्शी तरीके से तैयार किया जाता है। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर चुनाव को लेकर एक डेटा शेयर किया है। उन्होंने लिखा, "मतदाता सूचियां पारदर्शी तरीके से तैयार की जाती हैं और सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ उनकी प्रतियां साझा की गई हैं।"महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने पत्र में कहा, "मतदाता सूची पारदर्शी तरीके से तैयार की जाती है और इसकी प्रतियां सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को दी जाती हैं। 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले हुए।

## आज का राशिफल

**मेष :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृष :** अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**मिथुन :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है।

**कर्क :** दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**सिंह :** चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी।

**कन्या :** निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**तुला :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**वृश्चिक :** संतान पक्ष से थोड़ी इ्क्षचता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**धनु :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें।

**मकर :** मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**कुंभ :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

## पहलगाम हमले में आतंकियों को संरक्षण देने वालों का उमर अब्दुल्ला ने किया बचाव

**एजेंसी। श्रीनगर**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को स्थानीय निवासियों का बचाव किया, जब राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने "पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए घातक हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में दो कश्मीरी लोगों को गिरफ्तार किया। पत्रकारों से बात करते हुए, सीएम अब्दुल्ला ने कहा, "पहलगाम हमले में कोई स्थानीय संलिप्तता नहीं है, एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए स्थानीय निवासियों को आतंकवादियों की मदद करने के लिए मजबूर किया गया था"।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए घातक हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दो कश्मीरी लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। पहलगाम के रहने वाले आरोपी परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को जम्मू की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया और आगे की पूछताछ के लिए पांच दिनों के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया। एनआईए के अनुसार, दोनों व्यक्तियों ने हमले से पहले जानबूझकर तीन हथियारबंद आतंकवादियों को हिल पार्क में एक मौसमी झोपड़ी में पनाह दी, उन्हें भोजन, आश्रय और रसद सहायता प्रदान की। आतंकवादियों की पहचान प्रतिबंधित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिकों के रूप में की गई। एनआईए ने कहा कि आरोपियों ने पूछताछ के दौरान तीनों हमलावरों की पहचान बताई।

### भारतीय सभ्यता और संस्कृति में विश्व बंधुत्व का भाव संगोष्ठी का प्रतिवेदन

## भारत में ही विश्व बंधुत्व की भावना सन्निहित है : डॉ पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारतीय सभ्यता और सनातन संस्कृति में विश्व बंधुत्व का भाव विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 21-22 जून को किया गया। कार्यक्रम केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा, शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार तथा विश्वनाथ चेराली राष्ट्र भाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति विश्वनाथ असम के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। वहीं यह कार्यक्रम कृषि यंत्र और परीक्षण संस्थान उत्तर पूर्वी क्षेत्र विश्वनाथ के वातानुकूलित प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। मौके पर जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली की मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ वंदना झा ने कहा कि भारतीय सभ्यता और सनातन संस्कृति अति प्राचीन है और हमारी सनातन संस्कृति में देश प्रेम और विश्व बंधुत्व की भावना कूट कूट कर भरी हुई है। हमारे लिए अतिथि सर्वोपरि हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जंग बहादुर पांडेय ने कहा कि इस देश का नाम भारत है,इस नाम में ही विश्व बंधुत्व की भावना सन्निहित है। भ का अर्थ भरण पोषण करना है और रत का अर्थ लीन है। अर्थात् जो विश्व का भरण पोषण करे उसका नाम भारत होगा। इसीलिए गुरु वशिष्ठ ने अयोध्या नरेश दशरथ के द्वितीय पुत्र का नाम गुरु वशिष्ठ ने भरत रखा। डॉ पांडेय ने कहा कि जो अपने लिए जीता है,वह दुर्योधन है,जो अपनों के लिए जीता है,वह युधिष्ठिर है और जो सबके लिए जीता मरता है वे विश्वनाथ हैं। भारत सबके लिए जिने मरने वाला देश है-यही भारतीय सनातन संस्कृति का विश्व बंधुत्व भाव है। संगोष्ठी के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में डा वंदना झा, विशिष्ट अतिथि के रूप में डा जंग बहादुर पाण्डेय,डा हेम राज मीणा,डा सुनील कुमार तिवारी डा चंद्रशेखर चौबे,डा गीता वर्मा,डा अनु शब्द,रवि शंकर रवि, प्रो अशोक कुमार प्रामाणिक डा दिव्यांशु अवस्थी , सूरज नारायण पाण्डेय, कार्तिक गड़ और अध्यक्ष के रूप में श्री प्रभु नाथ सिंह उपस्थित थे।

# इजराइल-ईरान सीजफायर नाकाम इजराइल ने ईरान पर बम गिराए

## ट्रंप के फोन पर नेतन्याहू बोले- पहले हमला ईरान ने किया, हम जवाब देंगे



**तेहरान/तेल अवीव । एजेंसी**

इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। सीजफायर शुरू होने के करीब ढाई घंटे बाद ईरान ने इजराइल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। एक मिसाइल बीर्शेबा शहर में इमारत पर गिरी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं।

ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने अपनी सेना को तेहरान में हमले का आदेश दिया था। थोड़ी देर पहले इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है। ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा था। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने ट्रंप से कहा, 'मैं हमला नहीं रोक सकता, क्योंकि ईरान ने पहले सीजफायर का उल्लंघन किया और उसे जवाब देना जरूरी है।

### सीजफायर टूटने पर भड़के ट्रंप!

### ईरान बोला- हमने इजरायल पर नहीं दागी कोई मिसाइल



इजरायल के अलग अलग शहरों में रेड सायरन बजते नजर आ रहे हैं। सीजफायर के बाद भी ईरान के हमले जारी हैं। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि सीजफायर के बाद भी ईरान ने इजरायल पर बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इजरायल के शहरों में जबरदस्त धमाका देखने को मिल रहा है और लोगों की जान जा रही है। इन सब के बीच डोनाल्ड ट्रंप फिर से ईरान को चेताते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने साफ कहा कि सीजफायर का उल्लंघन न करें क्योंकि सीजफायर लागू हो चुका है। ईरान ने मंगलवार को इस बात से इनकार किया कि उसने पिछले कुछ घंटों में इजराइल पर मिसाइल दागी है।

### इजरायल पर भड़के ट्रंप, चेतावनी देते हुए कहा-

### अपने पायलटों को तुरंत घर वापस बुलाओ



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि दोनों देशों ने युद्ध विराम का उल्लंघन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह दोनों देशों, खासकर इजरायल से खुश नहीं हैं। हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि समझौते पर सहमति जताने के तुरंत बाद इजरायल ने अपना सामान उतार दिया।

## कंबोडिया में अभी तक तक एच5एन1 बर्ड फ्लू का सातवां मामला दर्ज

**नोम पेन्ह (आईएएनएस)**



कंबोडिया में 2025 तक एच5एन1 बर्ड फ्लू का सातवां मामला दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उत्तर-पश्चिमी कंबोडिया के सिएम रीप प्रांत की एक 41 वर्षीय महिला में एच5एन1 बर्ड फ्लू (इंसानों में होने वाला एवियन इन्फ्लूएंजा) की पुष्टि हुई है, जिससे इस वर्ष अब तक मामलों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। सोमवार रात को जारी बयान में कहा गया, "नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रयोगशाला परिणाम से 23 जून को पता चला कि महिला एच5एन1 वायरस के लिए पॉजिटिव थी। बयान के मुताबिक, "मरीज को बुखार, खांसी और सांस लेने में तकलीफ के लक्षण हैं और फिलहाल उसकी हालत गंभीर है। जांच के अनुसार, मरीज के घर और उसके पड़ोसियों के घर पर बीमार और मृत मुर्गियां थीं।

महिला बीमार होने से पांच दिन पहले बीमार और मरी हुई मुर्गियों के संपर्क में आई थी और उन्हें खाने के लिए पकाया भी था। स्वास्थ्य अधिकारी संक्रमण के स्रोत की जांच कर रहे हैं और समुदाय में प्रकोप को रोकने के लिए पीड़ित के संपर्क में आए किसी भी संदिग्ध मामले या लोगों की जांच कर रहे हैं। बयान में कहा गया है कि बर्ड फ्लू को फैलने से रोकने के लिए एंटीवायरल दवा टैमीफ्लू (ओसेल्टामिविर) भी उन लोगों को दी गई, जिनका मरीज के साथ सीधा संपर्क था। इस साल अब तक राज्य में एच5एन1 बर्ड फ्लू के कुल सात मानव मामले दर्ज किए गए हैं।

# जस्टिस शेखर यादव की मुश्किलें बढ़ेंगी!

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बीते वर्ष 8 दिसंबर 2024 को आरएसएस के 36 संगठनों में से एक 'विश्व हिन्दू परिषद' के एक कार्यक्रम में बोलते हुए, इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर यादव ने कहा था कि मुझे यह कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि यह हिंदुस्तान है... और देश उस बहुमत के अनुसार चलेगा जो हिंदुस्तान में रहता है। उन्होंने समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए मुस्लिम समुदाय का उल्लेख भी किया था। जस्टिस यादव के इस भाषण पर विवाद हो गया था। उनकी कही गई बातों के चलते राज्य सभा के 54 सांसदों ने उनके विरुद्ध महाभियोग का नोटिस दिया था। राज्य सभा में हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के किसी भी जज के विरुद्ध महाभियोग (जज को पद से हटाने के लिए) की प्रक्रिया चलाने के लिए कम से कम 50 सांसदों के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। इस नोटिस पर कम से कम 50 से ज्यादा सांसदों के हस्ताक्षर हैं। विपक्ष के लगातार माँग के बाद राज्य सभा सचिवालय ने इस वर्ष मार्च और मई में सांसदों को ईमेल व फोन करके उनके हस्ताक्षर की पुष्टि करने को कहा था। कहा जा रहा है कि अभी तक 44 सांसदों ने ही अपने हस्ताक्षर की पुष्टि की है।

**राज्यसभा के 50 सांसदों ने कर दी महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर की पुष्टि**

इस मामले में अंग्रेज़ी अख़बार 'द इंडियन एक्सप्रेस' ने बाकी 10 सांसदों , जिनके अभी तक हस्ताक्षर करने की पुष्टि नहीं करने की चर्चा है , में से 6 सांसदों से बात की है। उन्होंने नोटिस पर हस्ताक्षर की पुष्टि की है। तीन सांसदों से संपर्क नहीं हो सका। सूत्रों के अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अभी तक नोटिस को खारिज नहीं किया है।जज (जाँच) एक्ट के तहत दिए गए नोटिस पर फैसला लेने के लिए कोई समय सीमा नहीं है। इस अधिनियम के अनुसार, किसी जज पर महाभियोग चलाने के लिए राज्य सभा में कम से कम 50 या लोकसभा में 100 सांसदों की जरूरत होती है। यह नोटिस बीते वर्ष दिसंबर में राज्य सभा के 54 सांसदों ने दिया था। राज्यसभा सचिवालय ने 23 मई 2025 को शाम 5 बजे तक 54 में से 43 सांसदों से ईमेल या फोन पर संपर्क करके उनके हस्ताक्षर की पुष्टि की थी। अजीत कुमार भुयान नाम के एक सांसद ने भी बाद में अपने हस्ताक्षर की पुष्टि कर दी। 23 मई तक जिन सांसदों ने अपने हस्ताक्षर की पुष्टि नहीं की थी, उनमें कपिल सिब्बल, पी चिदंबरम, सुष्मिता देव, संजीव अरोड़ा, अजीत कुमार भुयान, जोस के. मणि, फैयाज अहमद, विकास रंजन भट्टाचार्य, जी. सी. चंद्रशेखर, राघव चड्ढा और एन. आर. इलांगो शामिल थे। इस बारे में कपिल सिब्बल ने कहा कि मैं चेयरमैन से कई बार मिला, उन्होंने मुझसे कभी हस्ताक्षर के बारे में नहीं पूछा। मुझे नहीं पता कि उन्होंने किस ईमेल आईडी पर मेल भेजा है। मैं ही वह व्यक्ति हूं जिसने हस्ताक्षर के साथ नोटिस उन्हें दिया था। उन्होंने कहा कि अगर चेयरमैन हस्ताक्षर की पुष्टि नहीं कर पा रहे हैं, तो उन्हें इसे खारिज कर देना चाहिए। ताकि हम सुप्रीम कोर्ट जा सकें। चिदंबरम ने कहा कि उन्होंने नोटिस पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि राज्यसभा सचिवालय ने उनसे सत्यापन के लिए संपर्क नहीं किया था। कांग्रेस के जी. सी. चंद्रशेखर ने कहा कि उन्होंने फोन पर ही सत्यापन कर दिया है। असम से निर्दलीय सांसद भुयान ने भी 'द इंडियन एक्सप्रेस' को बताया कि उन्होंने अपने हस्ताक्षर की पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि मुझे 15-20 दिन पहले एक कॉल आया था जिसमें पूछा गया था कि क्या मैंने हस्ताक्षर किए हैं और मैंने पुष्टि की थी कि मैंने किए हैं। केरल कांग्रेस के सांसद जोस के. मणि ने कहा कि उन्होंने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं और वह जल्द ही इसका सत्यापन करेंगे। सीपीआई-एम के सांसद विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि नोटिस में मेरे हस्ताक्षर के बारे में कोई संदेह नहीं है। मैं जल्द ही हस्ताक्षर को सत्यापित करने के लिए लिखूंगा।टीएमसी की सुष्मिता देव ने कहा कि उन्होंने अन्य सांसदों के साथ नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजीव अरोड़ा ने कहा कि वह लुधियाना पश्चिम में उपचुनाव में व्यस्त हैं। यह पता चला है कि राघव चड्ढा ने सत्यापन के लिए राज्यसभा सचिवालय के ईमेल के जवाब में चेयरमैन के साथ बैठक का अनुरोध किया है। आरजेडी के सांसद फैयाज अहमद और डीएमके के सांसद एन. आर. इलांगो से संपर्क नहीं हो सका। विपक्षी सांसदों ने 13 दिसंबर को 55 हस्ताक्षरों के साथ नोटिस दिया था। सिब्बल, विवेक तन्खा और के. टी. एस. तुलसी ने इसे सौंपा था। सिब्बल और तन्खा हस्ताक्षर करने वालों में शामिल थे।राज्यसभा के सूत्रों के अनुसार, सचिवालय को सांसदों के रिकॉर्ड के अनुसार नोटिस पर नौ हस्ताक्षरों में बेमेल पाया गया।

एक सांसद, सरफराज अहमद के हस्ताक्षर दो स्थानों पर दिखाई दिए, जिससे सभी हस्ताक्षरों को सत्यापित करने का निर्णय लिया गया। माना जाता है कि उन्होंने राज्यसभा सचिवालय को बताया था कि उन्होंने केवल एक बार हस्ताक्षर किए थे, जिससे हस्ताक्षरों की कुल संख्या 54 हो गई। जहां तक महाभियोग का सवाल है, यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके जरिए किसी जज को उसके पद से हटाया जा सकता है। भारत में, किसी जज पर महाभियोग चलाने के लिए राज्यसभा में कम से कम 50 या लोकसभा में 100 सांसदों की जरूरत होती है। इसके बाद, दोनों सदनों में इस प्रस्ताव को विशेष बहुमत से पारित करना होता है। अगर प्रस्ताव पारित हो जाता है, तो जज को पद से हटा दिया जाता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्यसभा के चेयरमैन हैं। उन्होंने अभी तक नोटिस को खारिज नहीं किया है। और न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत दिए गए नोटिस पर फैसला लेने के लिए कोई समय सीमा नहीं है।

## बांग्लादेश में झूठे ईशनिंदा का एक और मामला, भीड़ ने हिंदू नाई को पीटा

**ढाका (आईएएनएस)**




बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले में 69 वर्षीय एक हिंदू बुजुर्ग नाई (परेश चंद्र शील) को झूठे ईशनिंदा के आरोप में हिंसक भीड़ ने बेरहमी से पीट दिया। यह जानकारी मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज (एचआरसीबीएम) ने मंगलवार को दी। मानवाधिकार संस्था ने इस हमले की निंदा करते हुए बताया कि जब शील के बेटे ने भीड़ से अपने पिता की जान बख्शने की गुहार लगाई, तो उसे भी पीटा गया। एचआरसीबीएम के अनुसार, स्थानीय पुलिस ने पीड़ित की रक्षा करने के बजाय हिंसा को बढ़ावा दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यहां तक कह दिया कि "शील को उम्रभर जेल में रखने के लिए झूठे आरोप गढ़े जाएंगे," जो बांग्लादेश के संविधान और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का खुला उल्लंघन है। एचआरसीबीएम के मुताबिक, घटना 20 जून को दोपहर 2:30 बजे उस समय शुरू हुई जब अल-हेरा जामे मस्जिद, नमाटरी के स्वघोषित इमाम मोहम्मद अब्दुल अजीज शील की सैलून में बाल कटवाने आए।

### सरसंघचालक 28 जून को दिल्ली पहुंचेंगे

## संघ की अखिल भारतीय वार्षिक प्रांत प्रचारक बैठक 4 जुलाई से दिल्ली में

- संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम 2-10-2025 (विजयादशमी) से शुरू होकर 2-10-2026 तक चलेंगे

**ब्यूरो**



नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय वार्षिक प्रांत प्रचारक बैठक 4 से 6 जुलाई तक दिल्ली के संघ कार्यालय केशव कुंज में होगी। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में देश भर के 11 क्षेत्रों व 46 प्रांतों के प्रचारक, सह-प्रचारक, क्षेत्र प्रचारक , सह-क्षेत्र प्रचारक व संघ प्रेरित संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री आयेंगे।मालूम हो कि मार्च 2025 में हुई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के बाद अप्रैल, मई व जून में हुए प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा तथा आगामी योजनाओं के अमल पर चर्चा होगी। बैठक में प्रमुख रूप से संघ के प्रशिक्षण वर्गों की विस्तृत चर्चा और समीक्षा होगी। शताब्दी वर्ष (2025-26) के कार्यक्रमों की योजना व सरसंघचालक मोहन भागवत की 2025-26 की प्रवास योजना पर विचार-विमर्श किया जाएगा। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2025 (विजयादशमी) से शुरू होकर विजयादशमी 2026 तक चलेंगे।बैठक में सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, सी.आर. मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार, अतुल लिमये और अखिल भारतीय कार्य विभाग के प्रमुख, सह प्रमुख व कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। सरसंघचालक 28 जून को दिल्ली पहुंचेंगे। यह बैठक संघ की आगामी रणनीति और शताब्दी वर्ष की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## कांगो में हिंसा से हालात बदतर, 1.36 लाख से अधिक लोग बुंडी और युगांडा में शरण लेने को मजबूर : यूनिसेफ

**किंशासा (आईएएनएस)**



कांगो के पूर्वी हिस्से में बढ़ती हिंसा के चलते इस साल जनवरी से अब तक 1.36 लाख से अधिक लोग पड़ोसी देशों बुरुंडी और युगांडा में शरण लेने को मजबूर हुए हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने सोमवार को दी। यूनिसेफ के अनुसार, युगांडा ने पूर्वी कांगो से आए करीब 67,000 शरणार्थियों को आश्रय दिया है। वहीं, बुरुंडी में 70,000 से अधिक लोग, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं, शरण ले चुके हैं। यूनिसेफ ने इस मानवीय संकट को "दुनिया की सबसे गंभीर आपात स्थितियों में से एक" बताया है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, शरणार्थियों को भोजन, साफ पानी, चिकित्सकीय देखभाल और सुरक्षा की बेहद जरूरत है। युगांडा और बुरुंडी के ट्रांजिट सेंटर पहले से ही पूरी तरह भरे हुए हैं और अब अतिरिक्त दबाव झेलने में असमर्थ हैं। बताया गया कि बारिश का मौसम शुरू होने से स्थिति और खराब हो रही है। बाढ़, संक्रामक रोगों और विस्थापन के और बढ़ने का खतरा बढ़ गया है। बच्चों में कुपोषण, हैजा और खसरा जैसी गंभीर बीमारियों की दर भी बढ़ रही है।

यूनिसेफ ने राहत कार्यों को तेज करने के लिए 2.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 183 करोड़ रुपए) की तत्काल सहायता की अपील की है। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द धन नहीं मिला, तो जरूरी सेवाएं बाधित हो जाएंगी और लाखों लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है। पूर्वी कांगो में हालात जनवरी से और बिगड़ते जा रहे हैं।

## गल्फ एयरस्पेस बंद होने का असर, चेन्नई से आने-जाने वालीं 11 उड़ानें रद्द

**चेन्नई ।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव ने अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा को प्रभावित किया है। कतर, यूएई और बहरीन के हवाई क्षेत्र बंद होने से चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानें रद्द हुई हैं। ईरान के अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल हमलों और अमेरिका के ईरानी परमाणु ठिकानों पर हवाई हमलों का सीधा असर हवाई सेवा पर पड़ा है। मंगलवार को ही चेन्नई हवाई अड्डे पर 11 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की गईं, जिनमें 6 प्रस्थान (डिपार्चर) और 5 आगमन (अराइवल) करने वाली फ्लाइट शामिल हैं।

**कहानी फिल्म जगत की**


# कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी'

## के क्रोएशिया शेडयूल की शूटिंग पूरी की



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इस समय यूरोप में अपनी अगली बड़ी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं और हमेशा की तरह वह अपने प्रशंसकों को अपडेट रख रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में क्रोएशिया की प्राकृतिक सुंदरता और क्रू के साथ अपनी ऑफ-स्क्रीन दोस्ती को कैद करते हुए एक सहज इंस्टाग्राम फोटो डंप साझा किया। हाल ही में, कार्तिक ने अपनी आगामी फिल्म के सेट से पर्दे के पीछे की तस्वीरों और वीडियो का एक संग्रह पोस्ट किया। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, "तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी क्रोएशिया। कार्तिक आर्यन के साथ अनन्या पांडे इस फिल्म में अभिनय कर रही है। फिल्म का निर्देशन समीर विद्वांस कर रहे है। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया जा रहा है। यह फिल्म 13 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आर्यन ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर यह जानकारी साझा की। अभिनेता ने जहाज यात्रा की खुद की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए क्रोएशिया के उन स्थलों के नाम बताए, जहां फिल्म की शूटिंग हुई।

पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, "स्प्लिट, विस, हवार, ब्राक, बोल, सुपेतार, डबरोवनिक और जाग्रेब, इस तरह एक महीने से अधिक लंबे और रोमांचक क्रोएशियाई शेड्यूल की शूटिंग पूरी हुई।" यह फिल्म आर्यन और अनन्या को एक बार फिर एक साथ ला रही है, जिन्होंने इससे पहले फिल्म 'पति पत्नी और वो' में साथ काम किया था। 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के अलावा, आर्यन निर्देशक अनुराग बसु की आगामी फिल्म में श्रीलीला के साथ भी नजर आएंगे।



### मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित झारखंड भवन का किया निरीक्षण

# व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान नवनिर्मित झारखंड भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में मौजूद अधिकारियों को व्यवस्थाओं से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित झारखंड भवन में अतिथियों से जुड़ी सभी सुविधाओं का ख्याल रखा जाए एवं नियमित साफ-सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का मेंटेनेंस सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित झारखंड भवन स्थित अतिथि कक्ष, कांफ्रेंस हॉल, डाइनिंग हॉल समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। मौके पर विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, विधायक राजेश कच्छप, विधायक सोनाराम सिंकू, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल सहित झारखंड भवन नई दिल्ली के अन्य पदाधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



### यूजीटी नेट परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू

# परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** यूजीटी नेट -2025 परीक्षा दिनांक 25 से 29 जून तक रांची जिला के विभिन्न 06 परीक्षा केंद्रों में दो पालियों में आयोजित की गई है। परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था के लिए उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र, उनके अभिभावक अथवा असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह निषेधाज्ञा 25 से 29 जून के सुबह 07:00 बजे से अपराह्न 07:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।







## न्यूज बॉक्स

### देसी पिस्तौल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**रांची।** सोमवार को डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के माध्यम से सूचना मिली की दो व्यक्ति स्कूटी में सवार होकर रांची से उरूगुद्ध गांव से होते हुए पतरातु की ओर अवैध हथियार की खरीद बिक्री के लिए आ रहे है। मिली सुचना का सत्यापन के लिए एसएसपी के द्वारा ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर निर्देशन में खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में पतरातु स्थित ताहिर अंसारी के ईटा भट्ठा के पुलिस पहुंची जिसके बाद स्कूटी सवार दो व्यक्ति पुलिस को अपने ओर आते देख भागने लगे। गश्ती दल में शामिल पुलिस कर्मियों के द्वारा भाग रहे युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया, पकडे गए व्यक्तियों कि तलाशी ली गई तलाशी के दौरान स्कूटी के डिक्की से एक अवैध देसी पिस्तौल जिसमें मैग्जीन लगा हुआ बरामद किया गया है। पकड़ाये व्यक्ति से कागजात और अनुज्ञप्ति की मांग करने पर कोई कागज़ नहीं दिखाया गया। पुलिस के द्वारा मामले को दर्ज कर आगे कि कार्रवाई की जा रही है।

### तैत-टवेटा काउंटी में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया योगाभ्यास



**रांची।** वन अर्थ - वन फैमिली की कामना के साथ केन्या के तैत-टवेटा काउंटी में स्थानीय नागरिकों और केन्याई रक्षा बलों के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने योगाभ्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर बढ़ते भारत के मान की झलक दुनिया भर में देखने को मिल रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में रक्षा क्षेत्र ने कई देशों के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ किए हैं। योग के माध्यम से आज पूरी दुनिया जुड़ रही है। भारत की यह विधा दुनिया की एकजुटता को मजबूत बना रही है।

### प्रेम और भाईचारे के साथ मोहर्रम का जुलुस निकालने का निर्णय

**रांची (हि.स.)।** सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी की बैठक मंगलवार को मेन रोड मधुबन मार्केट में हुई। बैठक में मुहर्रम का जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक कमिटी के अध्यक्ष जावेद गद्दी की अध्यक्षता में हुई। दोनों प्रमुख खलीफा क्रमशः धवताल अखाड़ा के प्रमुख खलीफा जमशेद अली उर्फ पप्पू गद्दी, इमाम बख्श अखाड़ा के खलीफा मो महजूद के साथ दोनों अखाड़े के अधीन आने वाले तमाम क्षेत्रीय खलीफा और पदाधिकारी, सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य बैठक में शामिल हुए। बैठक मे सर्वसम्मति से इस वर्ष के मुहर्रम का जुलूस प्रेम और भाईचारे के साथ निकलने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मुहर्रम का चांद नजर आ जाने के बाद मुहर्रम से सम्बंधित तमाम कार्यक्रम पूर्व की तरह प्रत्येक अखाड़े और इमामबाड़े में आयोजित किए जाएंगे।

### आपातकाल के 50वें वर्ष पर भाजपा करेगी संगोष्ठी

**रांची।** प्रदेश भाजपा 25 और 26 जून को लोकतंत्र के काले अध्याय आपातकाल के 50 वें वर्ष में संगोष्ठी,मॉक पार्लियामेंट,प्रेसवार्ता जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनतावके बीच जाएगी। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रभारी और प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने दी। उन्होंने बताया कि 25 जून को प्रदेश के 24 सांगठनिक जिलों में संगोष्ठी, प्रेसवार्ता और प्रदर्शनी आयोजित होगी जिसमें प्रदेश के नेतागण मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कहा कि रांची, हजारीबाग और सरायकेला खरसावां जिला में 26 जून मॉक पार्लियामेंट, संगोष्ठी, प्रेसवार्ता और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हैं। बताया कि 25 जून को रांची ग्रामीण जिला में सीपी सिंह, रामटहल चौधरी, लोहरदगा विरांची नारायण, ओमप्रकाश सिंह, गुमला प्रदीप वर्मा, निर्मल बेसरा, सिमडेगा प्रवीण सिंह विमला प्रधान, खूंटी सुदर्शन भगत, प्रेम मित्तल, पश्चिम सिंहभूम डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, गीता कोड़ा, जमशेदपुर महानगर रघुवर दास, अभय सिंह, पूर्वी सिंहभूम योगेंद्र प्रताप सिंह, मेनका सरदार,गढ़वा श्यानारायण दुबे,शारदा महेश, पलामू समीर उरांव, सत्येंद्र तिवारी, लातेहार सुनीता सिंह, प्रेम सिंह चतरा आदित्य साहू, युगलकिशोर खंडेलवाल, रामगढ़ डॉ रविंद्र कुमार राय रणजीत सिन्हा, कोडरमा कालीचरण सिंह, रमेश सिंह, गिरिडीह बाबूलाल मरांडी, चंद्र मोहन प्रसाद, बोकारो नीलकंठ सिंह मुंडा, अमित मंडल, धनबाद महानगर राकेश प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, धनबाद ग्रामीण हरिप्रकाश लाटा, रणधीर सिंह,जामताड़ा राज सिन्हा, बाटुल झा, दुमका अमर कुमार बाउरी अभयकांत प्रसाद, देवघर भानुप्रताप शाही बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

### 264 प्रखंडों में भाजपा ने हेमंत सरकार के खिलाफ किया आक्रोश प्रदर्शन

# आदिवासी समाज की स्थिति इस सरकार से ज्यादा खराब कभी नहीं रही : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ मंगलवार को राज्य के 264 प्रखंडों में आक्रोश प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने राज्य की सरकार को विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार, विधि-व्यवस्था में गिरावट, खनिज संपदा की लूट, सरकारी अस्पतालों की बदहाली, सड़क-बिजली और पानी से जुड़ी समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया। प्रदर्शन के बाद पार्टी की मंडल इकाइयों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उपायुक्त के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह जिला के गावां प्रखंड में आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व किया। प्रदर्शन के बाद प्रखंड कार्यालय के समक्ष आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार के कार्यकाल में तमाम सरकारी कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गए हैं। आज आक्रोश प्रदर्शन तो सिर्फ आगाज है। यदि भ्रष्टाचार का सिलसिला नहीं रुका तो पूरे राज्य में आंदोलन और तेज होगा। राज्य की सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में आम आदमी डरा हुआ है। विधि-व्यवस्था इतनी बदतर हो चुकी है कि हर व्यक्ति असुरक्षा के माहौल में जी रहा है। हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाओं का रिकॉर्ड बन रहा है। मरांडी ने कहा कि राज्य की सरकार जिस आदिवासी समाज की रहनुमाई का दावा करती है, उनकी स्थिति इससे ज्यादा खराब कभी नहीं रही। भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय ने गिरिडीह जिले के राजधनवार प्रखंड कार्यालय के समक्ष हुए प्रदर्शन की अगुवाई की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की भ्रष्ट और निकम्मी सरकार के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है। इस सरकार को गद्दी से हटाने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। सरायकेला प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन की अगुवाई पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि झामुमो-कांग्रेस-राजद की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। राज्य में वृद्धों और दिव्यांगों को महीनों से पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। मंईयां सम्मान योजना की राशि भी तीन-चार महीनों से लंबित है। जितने बड़े वादे कर यह सरकार सत्ता में आई थी, उनमें से एक भी पूरा नहीं कर पाई। रांची में भाजपा विधायक सीपी सिंह, कांके में राज्यसभा सांसद आदित्य साहु, नगड़ी प्रखंड में सांसद प्रदीप वर्मा, हजारीबाग में विधायक प्रदीप प्रसाद, धनबाद में विधायक राज सिन्हा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बोकारो के चंदनकियारी में प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व किया। इसी तरह अन्य विधायक और पार्टी के प्रमुख नेता अन्य प्रखंडों में प्रदर्शन में शामिल हुए।



### आक्रोश प्रदर्शन भाजपा की हताशा व बौखलाहट का प्रतीक : झामुमो

**रांची।** भाजपा द्वारा झारखंड के प्रखंडों में किए गए "आक्रोश प्रदर्शन" को झामुमो ने राजनीतिक नौटंकी करार दिया है। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि यह प्रदर्शन न तो जनता के लिए था और न ही जनहित से इसका कोई वास्ता है, बल्कि यह भाजपा की हताशा और बौखलाहट का प्रतीक है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा को इस बात का कष्ट है कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आदिवासी-मूलवासी सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं सहित हर वर्ग के लिए काम कर रही है। भाजपा जिन सवालों को लेकर प्रदर्शन कर रही है, वे वही मुद्दे हैं, जिन्हें भाजपा ने अपनी सत्ता में पूरी तरह नजरअंदाज किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, बालू नीति, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर भाजपा का बोलना हास्यास्पद है, क्योंकि उनके शासनकाल में बालू माफिया सबसे ज्यादा सक्रिय थे, योजनाएं ठप थीं, स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई थी और युवाओं को रोजगार के नाम पर सिर्फ जुमले दिए गए थे। अपने इन्ही कृत्य के कारण भाजपा को प्रदेश की जनता ने सत्ता से बेदखल कर दिया था और इतिहास रचते हुए लगातार दूसरी बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व को आपार बहुमत देकर सत्ता की बागडोर सौंपी है। पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक समय मुख्यमंत्री रहने के बावजूद मरांडी जी झारखंड की जमीनी सच्चाई को नजरअंदाज कर रहे हैं। वे आज जिन मुद्दों पर सवाल खड़े कर रहे हैं, उन्हीं समस्याओं की जड़ें भाजपा शासन में पड़ीं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र का हिस्सा हो सकता है, लेकिन उसमें सच्चाई और नीयत की ईमानदारी होनी चाहिए। यह प्रदर्शन सिर्फ मीडिया की सुर्खियां बटोरने और लोगों को गुमराह करने की कवायद है। विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। पेसा कानून का लागू होना, स्थानीयता पर आधारित नियोजन नीति, महिला सशक्तिकरण, मंईयां सम्मान और शिक्षा व्यवस्था में सुधार जैसे कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं, जिनसे भाजपा घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की नीयत और राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है।



### ओबीसी मुद्दे पर झामुमो के आरोप पर आजसू पार्टी का पलटवार

# ओबीसी आरक्षण खत्म करने की झामुमो ने की साजिश : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी ने आरोप लगाया है कि झामुमो पिछड़ा वर्ग विरोधी है। झामुमो ने पंचायत और नगर निकाय चुनावों में ओबीसी का आरक्षण खत्म करने की साजिश रची थी, जिसे सुदेश महतो ने विफल कर दिया तो झामुमो बौखला गया है और बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। सुदेश महतो ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए हमेशा संघर्ष किया है, जबकि हेमंत सरकार की ओबीसी विरोधी साजिश के कारण पंचायत और नगर निकाय का चुनाव कई वर्षों से नहीं हो पा रहा है। आजसू के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो तथा वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने आज प्रेस कांफ्रेंस को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा कि झामुमो का आजसू पर आरोप झूठ का पुलिंदा है। मुंह से बोलने से नहीं चलेगा। तथ्यों के आधार पर झामुमो बात करे और जनता को गुमराह करना बंद करे। डॉ लंबोदर ने कहा कि सुदेश महतो ने पंचायत में दस हजार पदों पर ओबीसी को आरक्षण दिया था, जिसे इस सरकार ने एकमुश्त समाप्त कर दिया है। सरकार ट्रिपल टेस्ट के बिना ही पंचायत और निकाय चुनाव करवाना चाहती थी, ताकि ओबीसी को आरक्षण नहीं देना पड़े। पंचायत चुनाव को लेकर सुदेश महतो की पहल पर आजसू सांसद चंद्रप्रकाश सुप्रीम कोर्ट गए और कोर्ट ने निर्देश दिया तब जाकर यह सरकार ओबीसी के लिए ट्रिपल टेस्ट करवा रही है।



### अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस कल

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता सह हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष संजय सर्राफ ने कहा कि हर साल 26 जून को 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस' मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को नशे की लत और गैरकानूनी ड्रग्स के व्यापार के खतरों के बारे में जागरूक करना है। यह दिवस 1987 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के निर्णय के बाद शुरू हुआ था, ताकि दुनियाभर के देश मिलकर नशे की समस्या से लड़ सकें और एक नशामुक्त समाज बना सकें। हर वर्ष 26 जून को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक व अवैध तस्करी निरोधक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस मूलतः 7 दिसंबर 1987 को प्रस्तावित किया गया था, जिसके अनुसार 26 जून को वैश्विक स्तर पर नशा उन्मूलन के लिए जागरूकता बढ़ाने और सहयोग को मजबूत करने का समय माना गया था।

### शिक्षिका यौन शोषण मामला

# हाईकोर्ट ने डीएवी कपिलदेव के पूर्व प्राचार्य कुमार मनोज सिन्हा की जमानत रद्द की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने शिक्षिका के यौन शोषण के आरोपी डीएवी कपिलदेव के पूर्व प्राचार्य मनोज कुमार सिन्हा की जमानत रद्द कर दी है। जस्टिस एके चौधरी की अदालत में पीड़िता की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया गया। अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि आरोपी का जमानत पर रहना न्यायिक प्रक्रिया के लिए खतरनाक है, क्योंकि उसने सबूतों से छेड़छाड़ की और गवाहों को डराने-धमकाने का प्रयास किया। ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया है कि वह मुकदमे का सामना करने के लिए उसकी गिरफ्तारी के लिए सभी कठोर कदम उठाए। पीड़िता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मनोज कुमार सिन्हा ने केस को प्रभावित करने के लिए माओवादी संगठन पीएलएफआई के सदस्यों का सहारा लिया। पीड़िता के मंगेतर को व्हाट्सएप के माध्यम से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई और केस वापस लेने का दबाव बनाया गया। आरोपी को हाईकोर्ट ने अरगोड़ा कांड संख्या 163/2022 मामले में 21 नवंबर 2022 को जमानत की सुविधा प्रदान की थी। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि 11 अक्टूबर 2024 को एक बिना नंबर प्लेट की ऑटो रिक्शा ने जानबूझकर पीड़िता की दोपहिया वाहन को टक्कर मारी। इसके बाद 19 अक्टूबर को एक और गंभीर घटना सामने आई, जिसमें मनोज और उसके सहयोगियों ने पीड़िता की कार में छह जिंदा कारतूस रखकर उसे झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की। इस संबंध में पुलिस जांच के दौरान स्कूल के सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि हुई कि एक अज्ञात व्यक्ति ने वाहन में गोलियां रखीं थीं। कोर्ट ने इन तथ्यों और प्रस्तुत साक्ष्यों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि आरोपी ने न केवल न्याय प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया, बल्कि पीड़िता और उसके परिवार को खतरे में भी डाला। अदालत ने पीड़िता की दलीलों को स्वीकार करते हुए आरोपी मनोज कुमार सिन्हा की जमानत रद्द करने का आदेश दिया।




## पृष्ठ एक के शेष

**पत्नी की हत्या कर फरार हुआ पति...**

मृतका की मां के अनुसार सोमवार की रात कुछ अज्ञात लोग घर पर आकर झगड़ा और मारपीट किए थे। पूनम देवी का मायका सदर थाना क्षेत्र के लालीमाटी में है, जबकि ससुराल लेस्लीगंज प्रखंड के चौराबास डीह गांव में। फिलहाल आरोपी फरार है और पुलिस की ओर से छापेमारी जारी है। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की गहन जांच की जा रही है।

**जेजेएमपी के 5 लाख का इनामी सब...**

तो उनमें से एक को पकड़ने में सफलता मिली। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान फिरोज अंसारी के रूप में हुई। 35 वर्षीय फिरोज अंसारी लोहरदगा के जोबांग थाना क्षेत्र के रूबेद गांव का रहने वाला है। फिरोज अंसारी इसके पहले भाकपा माओवादी नक्सली संगठन से जुड़ा रहा है। वह पूर्व में दो साल जेल में भी रह चुका है। उसे गिरफ्तार करने वाली टीम में सर्किल इंस्पेक्टर विनय कुमार, बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह, घाघरा थाना प्रभारी पुनीत मिंज, एसआई तरुण कुमार, मो. जहांगीर एवं अन्य शामिल थे। ज्ञात हो कि इससे पहले 18 जून को इसी उग्रवादी संगठन के एक सब जोनल कमांडर बैजनाथ सिंह ने लातेहार जिला पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था।

**रक्षा मंत्रालय ने 2000 करोड़ की...**

एयर डिफेंस मिसाइलें और लांचर, ड्रोन और रिमोट से चलने वाले हवाई यंत्र, नई किस्म के हमलावर और निगरानी ड्रोन, बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट, रात में भी देखने वाली राइफल्स की दूरबीनें, तेज और मजबूत लड़ाकू वाहन शामिल हैं। इस पूरी खरीद में खास ध्यान रखा गया है कि ज्यादातर सामान स्वदेशी कंपनियों से ही लिया जाए। इससे एक तरफ देश की सुरक्षा मजबूत होगी, तो दूसरी तरफ देश की रक्षा इंडस्ट्री को भी बढ़ावा मिलेगा। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, तेजी से बदलते सुरक्षा हालात और आतंकियों की नई रणनीतियों के मुकाबले सेना को लगातार अपडेट करने की जरूरत है। ऐसे में ये खरीद फौज की ताकत को तुरंत बढ़ाने में बेहद असरदार साबित होगी।

**यात्री ट्रेन किराए में एक...**

करने के लिए यह कदम उठाया गया है।' रेलवे की तरफ से जारी नोटिस में ये भी कहा गया है कि '01 जुलाई 2025 से, आईआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन) की वेबसाइट या ऐप से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आधार कार्ड से प्रमाणित होना जरूरी है।' इसका मतलब है कि बिना आधार कार्ड के आप तत्काल टिकट बुक नहीं कर या करा सकेंगे। और, 15 जुलाई, 2025 से यात्रियों को तत्काल टिकट बुक करते समय आधार कार्ड के मार्फत ओटीपी ( वन टाइम पासवर्ड ) से भी प्रमाणित करना होगा। ये ओटीपी आपके आधार कार्ड से लिंक किए गए यानी जुड़े मोबाइल नंबर पर आएगा। देखिए इतना खट करम के बाद भी ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग में कुछ राहत मिलती है या नहीं। या आईआरसीटीसी व रेलवे वालों से अंदर खाने पहले की तरह तथाकथित कुछ गुणा गणित करके तथा नए सिरे से कुछ फर्जीगिरी करके टिकट दलाल फिर कुछ मिनट में टिकट ले लेते हैं। जिसके चलते पहले की तरह ही कुछ मिनट में ही तत्काल में कंफर्म टिकट फुल हो जाए और वेटिंग दिखाने लगे।

**पंचशील नगर नाले पर अतिक्रमण से जल जमाव...**

सब्जी बेचकर अपने घर को लौट रहे थे और तेज बहाव में बह गए थे। उनकी लाश तीन दिन के बाद मिली थी। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति भी बहे गए थे। उसके बाद रांची नगर निगम प्रशासन की तरफ से चेतावनी का बोर्ड और बैरिकेडिंग लगाया गया था।

**कार्रवाई की जा रही है : नगर प्रशासक**

पंचशील नगर में नाले के ऊपर बने अवैध घरों के संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने नगर प्रशासक सुशांत गौरव से बात की। पंचशील नगर में हुए अतिक्रमण के मुद्दे पर सवाल पूछा गया, तो नगर प्रशासक ने कहा कि कार्रवाई की जा रही है।

### अभियान | सारंडा का बदलता परिदृश्य विषय पर सेमिनार आयोजित

# सारंडा का बदलाव अब दिखने लगा है : सरयू राय

● लगातार खनन व वृक्षों की कटाई ने बर्बाद किया सारंडा को : जस्टिस पाठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक और सारंडा बचाओ अभियान के संयोजक सरयू राय ने कहा है कि अब सारंडा बदल रहा है। यह बदलाव दिख भी रहा है। सारंडा के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार ने अनेक वर्किंग प्लान बनाए। मेटल और माइनिंग की ट्रेडिंग सबके लिए खोल दिये जाने के बाद 2003 के आस-पास इनकी मांग बढ़ गई थी। सारंडा के जितना क्षेत्रफल है, उससे अधिक क्षेत्रफल के लिए खनन हेतु आवेदन खनन विभाग में आ गया था। यहां रांची प्रेस क्लब में आयोजित सारंडा का बदलता परिदृश्य विषय पर आयोजित सेमिनार में अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने कहा कि जिसने कभी माइनिंग का नाम नहीं सुना था, उसने भी माइनिंग लीज के लिए आवेदन कर दिया था। माइनिंग लीज के जो वास्तविक धारक थे, वे सरफेस रेंट के लिए जरूरी धनराशि जमा करा पाने में असमर्थ थे। माइनिंग सेक्टर में बूम आने के बाद वे अन्य उद्योगपतियों के साथ गठजोड़ करके इसको चलाने लगे। इसके कारण अवैध माइनिंग धड़ल्ले से शुरु हो गई। अवैध माइनिंग के बारे में पूरे भारत में जोरदार चर्चा शुरु हो गई। उसी दरम्यान सारंडा बचाओ अभियान ने एक पीआईएल फाइल किया। इस पीआईएल को फाइल करने में जस्टिस डॉ. एस. एन. पाठक की अहम भूमिका थी। तब वह सीनियर एडवोकेट थे। उन्होंने कोई फीस नहीं ली और साथ में काम करते रहे। उन दिनों डॉ. पाठक सीनियर वकील थे। बाद में जज बने और अब तो रिटायर भी हो गए लेकिन केस अब तक चल रहा है। इसमें हम लोगों की भी कमी रही। हम लोग उदासीन हो गए। इसी कारण कोई फैसला नहीं हो पाया। अभी दिवाकर उपाध्याय यह केस देख रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन युगांतर प्रकृति के अध्यक्ष अंशुल शरण ने किया। स्वागत भाषण प्रो. एमके जमुआर ने किया जबकि विषय प्रवेश डॉ. आर.के. सिंह और धन्यवाद ज्ञापन निरंजन सिंह ने किया।



### 700 पहाड़ियों वाला जंगल है सारंडा : पाठक

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति (रिटायर्ड) डा. एसएन पाठक ने कहा कि सारंडा जंगल जिसे कभी 700 पहाड़ियों की भूमि के रूप में जाना जाता था, जो हरे स्टील के रूप में जाने जाने वाले ऊँचे शाल के पेड़ों और मजबूत आदिवासी समुदायों से भरा हुआ था। सदियों तक सारंडा को एचओ मुंडा और संथाल लोगों के हाथों संरक्षित व पोषित किया गया था। जंगल सिर्फ पेड़ व जानवर नहीं थे। यह संस्कृति परंपरा और पूर्वी भारत की पारिस्थितिकी के लिए एक महत्वपूर्ण जीवन रेखा थी। लेकिन हाल के दशकों में इसे चुपचाप लेकिन लगातार खनन, वनों की कटाई, विस्थापन व कभी-कभी सिर्फ उदासीनता के कारण नुकसान पहुंचाया गया।

# मजबूत वेस्टइंडीज को हराकर पहली बार विश्व चैंपियन बनी थी टीम इंडिया



**नई दिल्ली।** क्रिकेट भारत में सबसे ज्यादा खेला और देखा जाने वाला खेल है। भारत का 10 में से 8 युवा अगर खेल में अपना करियर बनाना चाहता है तो उनकी पसंद क्रिकेट है। ऐसी स्थिति 1983 से पहले नहीं थी। 1983 एक ऐसे वर्ष के रूप में आया जिसने भारतीय क्रिकेट को न सिर्फ विश्व पटल पर स्थापित किया, बल्कि इस खेल को देश के हर गांव के बच्चों तक पहुंचा दिया। 25 जून 1932 को अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली भारतीय टीम ने ठीक 51वां साल बाद विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को हराकर 1983 का विश्व कप जीता था। वर्तमान में भारतीय क्रिकेट की मजबूत और प्रभावशाली स्थिति में 1983 के फाइनल में मिली उस जीत का अहम योगदान है। सचिन तेंदुलकर जैसे महान क्रिकेटर भी इसी जीत से प्रेरणा लेकर क्रिकेट में आए थे।

भारतीय टीम 1983 में वैश्विक स्तर पर कमजोर टीमों में गिनी जाती थी। विश्व कप में कपिल देव की कप्तानी में भारतीय टीम एक 'अंडरडॉग' की तरह गई थी। किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि भारतीय टीम विजेता बनकर उभरेगी। खुद भारतीय टीम को भी नहीं। लेकिन, जिससे अपेक्षा कम होती है, वही इतिहास रचता है। 1983 वनडे विश्व कप में 60 ओवरों का खेला गया था। फाइनल में भारत और वेस्टइंडीज आमने-सामने थे। वेस्टइंडीज पिछले दो विश्व कप जीत चुकी थी, इसलिए भारत के लिए मैच कहीं से भी आसान नहीं था।

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम 54.4 ओवर में 183 रन पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज के. श्रीकांत ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए थे। संदीप पाटिल ने 27 और मोहिंदर अमरनाथ ने 26 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के लिए एंडी रॉबर्ट्स ने तीन, मैल्कम मार्शल, माइकल होल्डिंग और लैरी गोम्स ने 2-2 विकेट लिए। जोएल गार्नर को एक विकेट मिला था।

## जब किदांबी श्रीकांत ने किया उलटफेर ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर सीरीज में जीता खिताब




**नई दिल्ली।** 25 जून का दिन भारतीय बैडमिंटन जगत के इतिहास में 'सुनहरे दिनों' के रूप में दर्ज है। यह वही दिन है, जब किदांबी श्रीकांत ने 'ऑस्ट्रेलियन ओपन' में उलटफेर करते हुए सुपर सीरीज जीती थी। साल 2017 को रविवार के दिन लोग टीवी के सामने बैठे थे। फैंस को उम्मीद थी कि उन्हें उस दिन किदांबी श्रीकांत से कुछ उलटफेर देखने को मिल सकता है, जिसने 18 जून को 'इंडोनेशिया ओपन' का खिताब जीता था। श्रीकांत ने दूसरे दौर में उलटफेर करते हुए साउथ कोरिया के सोन वान हो को 15-21, 21-13, 21-13 से शिकस्त देकर अगले दौर में जगह बनाई। इसके बाद हमवतन बी साईं प्रणीत को 25,23, 21-17 से मात देकर श्रीकांत सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां उन्होंने चीन के शी युकी को 21-10, 21-14 से मात देकर लगातार तीसरी बार सुपर सीरीज के फाइनल में जगह बना ली।

## वेस्टइंडीज ने 12 साल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ **पहली टी20** सीरीज जीत हासिल की



**बारबाडोस।** कप्तान हेली मैथ्यूज ने निर्णायक मैच में बेहतरीन व्यक्तिगत प्रदर्शन करते हुए अपनी क्लास दिखाई, जिससे वेस्टइंडीज ने केव हिल में तीसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका पर छह विकेट से जीत दर्ज करके 12 साल का सूखा खत्म किया। मैथ्यूज (50 गेंदों पर 65 रन) ने शानदार अर्धशतक बनाया और वेस्टइंडीज की रन चेज को गति दी, जिसमें शेमेन कैम्पबेल (38 गेंदों पर 42 रन) बेहतरीन जोड़ीदार साबित हुईं, जिससे कैरेबियाई टीम ने नौ गेंद शेष रहते दक्षिण अफ्रीका के 147/6 के स्कोर को हासिल कर लिया। इसकी मदद से वेस्टइंडीज ने प्रोटियाज पर 2-1 से सीरीज जीत दर्ज की, जो 2013 की शुरुआत के बाद पहली बार था जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को द्विपक्षीय टी20 सीरीज में हराया। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने मियान स्मिथ के पहले टी20 अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट पर 147 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लेकिन मैथ्यूज ने शानदार बल्लेबाजी की और नौ चौके और एक बड़ा छक्का लगाकर वेस्टइंडीज को जीत के करीब पहुंचा दिया। मैथ्यूज 16वें ओवर में 65 रन बनाकर सुने लुस का शिकार बनीं, जिससे दक्षिण अफ्रीका को कुछ उम्मीद बंधी, लेकिन चिनेल हेनरी (नाबाद 20) ने अपना अनुभव दिखाते हुए मेजबान टीम को जीत दिलाई। श्रृंखला हारने से निराश दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने कहा कि वेस्टइंडीज दौरे से उनकी टीम को काफी सकारात्मक चीजें मिली हैं।उन्होंने कहा,"आज के परिणाम से निराश हूं, खास तौर पर इसलिए क्योंकि मुझे लगा कि हमने काफी रन बनाए हैं। लेकिन हम अपनी गेंदबाजी लाइन सही नहीं कर पाए - उन्होंने विकेट के स्केवयर बहुत ज्यादा रन बनाए और हमने कुछ छोटी-छोटी चीजें गलत कीं। वोल्वार्ट ने कहा, "लेकिन हेली ने इतना अच्छा खेला कि उसे आउट करना मुश्किल था। कुल मिलाकर दौरे पर मुझे लगा कि हमने कुछ अच्छी युवा प्रतिभाओं को सामने लाया जिन्होंने अपना योगदान दिया और टीम के लिए अच्छा योगदान दिया।''




▶ इंटर मियामी और पाल्मेरास ने ड्रा खेला

# टीमें नॉकआउट के लिए क्वालीफाई

**एजेंसी। मियामी**

इंटर मियामी और पाल्मेरास ने मंगलवार (आईएसटी) को 2-2 से ड्रॉ खेला और इसके साथ ही दोनों टीमें फीफा क्लब विश्व कप 2025 के राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई कर गईं। पाल्मेरास ने लियोनेल मेसी के लिए एक बेहतरीन जन्मदिन का तोहफा छीन लिया। इंटर मियामी ने ग्रुप ए के अंतिम मैच में 79 मिनट तक बढ़त बनाए रखी, इससे पहले ब्राजीलियाई टीम ने लगातार दो गोल करके ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया। लुइस सुआरेज द्वारा मिडफील्ड में एक लंबी गेंद को आगे की ओर धकेलने के बाद हेरॉन्स ने बढ़त हासिल कर ली। युवा अर्जेंटीनाई खिलाड़ी पाल्मेरास के डिफेंडरों को चकमा देते हुए वेवर्टन को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया। सुआरेज ने दूसरे हाफ में समय को पीछे की ओर मोड़ दिया, कई डिफेंडरों को चकमा देते हुए गोल दागकर इंटर मियामी की बढ़त को दोगुना कर दिया। लेकिन मैच खत्म होने में दस मिनट बाकी थे, स्थानापन्न पॉलिन्हो और एलन ने मिलकर पेनल्टी एरिया में प्रवेश किया। पॉलिन्हो ने पाल्मेरास के प्रशंसकों के सामने गोल दागा, जिससे अंतिम चरण में एक रोमांचक मोड़ आया। समय समाप्त होने के साथ ही पाल्मेरास ने बॉक्स में गेंद फेंकी, जिसे ठीक से क्लीयर नहीं किया गया और स्थानापन्न मौरिसियो के पास गिरी, जिन्होंने बॉक्स के किनारे से गोल दागा, जिससे यात्रा कर रहे प्रशंसक खुशी से झूम उठे। "यह हमारे लिए एक शानदार मैच था, दक्षिण अमेरिका की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खेलना मुश्किल है। शायद अंत में मैच हमारे हाथ में था, इसलिए यह अजीब लग रहा था, लेकिन टूर्नामेंट की शुरुआत से अगर कोई मुझसे कहता कि हम इस तरह की टीमों के खिलाफ इस तरह का प्रदर्शन करने जा रहे हैं।


> *"यह एमएलएस के लिए एक ऐतिहासिक रात है क्योंकि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ 16 टीमों में शामिल हैं और सभी एमएलएस को इंटर मियामी पर गर्व होना चाहिए।"*
>
> **जेवियर मास्चेरानो**
> *मुख्य कोच*

## श्रीलंका बनाम बांग्लादेश: 25 जून से शुरू होगा 'निर्णायक' टेस्ट मुकाबला



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच 25 जून से दूसरे टेस्ट की शुरुआत होने जा रही है। दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था, जिसके बाद सीरीज का यह अंतिम मुकाबला निर्णायक बन चुका है। श्रीलंका-बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित होगा। मैच से पहले मेजबान श्रीलंका को बड़ा झटका लग चुका है। तेज गेंदबाज मिलन रत्नायके बाएं हिस्से में खिंचाव के चलते दूसरे मुकाबले से बाहर हो चुके हैं। दूसरी ओर, अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज भी पहले टेस्ट के बाद इस फॉर्मेट को अलविदा कह चुके हैं। ऐसे में इनकी जगह पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो और डुनिथ वेलालेज को टीम में शामिल किया गया है। बांग्लादेश की बात करें, तो नजमुल शांतो की कप्तानी में टीम दो मुकाबलों की इस सीरीज को अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी। नजमुल शांतो गॉले में खेले गए पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले बल्लेबाज थे। उनके अलावा मुशफिकुर रहीम ने भी 163 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी में बांग्लादेशी टीम को नईम हसन, हसन महमूद और तैजुल इस्लाम से काफी उम्मीदें होंगी। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच अब तक कुल 27 टेस्ट खेले गए हैं। श्रीलंका ने इसमें 20 मुकाबले अपने नाम किए, जबकि बांग्लादेश सिर्फ एक ही टेस्ट अब तक इस टीम के खिलाफ जीत सका है। दोनों देशों के बीच छह मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

## नवम्बर में नहीं होगी क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की शादी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज ने कथित तौर पर अपनी शादी को स्थगित कर दिया है, जो मूल रूप से 19 नवंबर 2025 को होनी थी। इस महीने की शुरुआत में लखनऊ में एक भव्य समारोह में सगाई करने वाले इस जोड़े ने शादी के लिए वाराणसी के ताज होटल को बुक किया था। लेकिन नवंबर के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के साथ रिंकू की पेशेवर प्रतिबद्धताओं के कारण योजनाओं में बदलाव हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, शादी अब फरवरी 2026 में होगी। रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की सगाई इसी महीने 8 तारीख को हुई थी। यह एक निजी कार्यक्रम था जिसमें परिवार और करीबी सदस्य मौजूद थे। सगाई समारोह में सपा प्रमुख अखिलेश यादव, अभिनेता जया बच्चन और भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। रिंकू ने सोशल मीडिया पर समारोह के दिल को छू लेने वाले पलों को साझा करते हुए बताया कि इस जोड़े ने इस पल का कितना लंबा इंतजार किया था। हाल ही में 2025 के आईपीएल सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले रिंकू सिंह भारतीय क्रिकेट में एक जाना-माना नाम बन गए हैं। पहली बार सांसद बनीं प्रिया सरोज ने 2024 के आम चुनाव में अपनी सीट पक्की की। वाराणसी के करखियांव गांव की रहने वाली प्रिया कई सालों से राजनीति में सक्रिय हैं और पहली बार अपने पिता (तुफानी सरोज) के 2022 के चुनाव प्रचार के दौरान लोगों की नजरों में आईं।

## ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में पेरिस डायमंड लीग की सफलता दोहराना चाहेंगे नीरज

**एजेंसी। नई दिल्ली**




पेरिस डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा ने शीर्ष स्थान हासिल किया था। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा अब मंगलवार को ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक-2025 में उतरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नीरज चोपड़ा चोट के कारण पिछले दो संस्करणों में भाग नहीं ले सके थे, लेकिन अब आखिरकार ओस्ट्रावा में उन्हें हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन और पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता ने इस सीजन अपने करियर में पहली बार 90 मीटर की दूरी तय की है। वह पिछले हफ्ते पेरिस डायमंड लीग में मिली कामयाबी को यहां भी दोहराना चाहेंगे।

ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में नौ जैवलिन थ्रोअर नजर आएंगे। नीरज चोपड़ा के साथ 2016 के साथ ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के थॉमस रोहलर और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स भी हैं। एंडरसन पीटर्स दो बार के वर्ल्ड चैंपियन हैं। वह 2024 पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुके हैं। चोपड़ा अपने नए कोच जान जेलेजनी के घरेलू मैदान पर प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो चेक जैवलिन लीजेंड और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। दिलचस्प बात यह है कि मीट रिकॉर्ड भी किसी और के नहीं, बल्कि जेलेजनी (94.64 मीटर) के ही नाम है।

पहली बार 1961 में आयोजित, गोल्डन स्पाइक चेक सरजमीं पर सबसे महत्वपूर्ण मीट है। यह यूरोप की सबसे पुरानी एथलेटिक प्रतियोगिताओं में से एक है। यह डायमंड लीग के बाद दूसरी सबसे बड़ी विश्व प्रतियोगिता है। दुनिया के केवल दस शहर वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज का हिस्सा हैं। भारत में किसी भी टीवी चैनल पर ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का सीधा प्रसारण नहीं होगा।

## भारतीय खिलाड़ी ललित बाबू और नीलोत्पल ने तीन-तरफा मुकाबले में संयुक्त बढ़त

**एजेंसी। मुंबई**



भारतीय ग्रैंडमास्टर ललित बाबू और नीलोत्पल दास ने 8वें राउंड में शानदार जीत दर्ज की और यहां वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में ऑरियन प्रो मुंबई इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट में जीएम गरीबयान ममीकॉन के साथ संयुक्त रूप से तीन खिलाड़ियों की बढ़त हासिल कर ली। ललित बाबू ने सफेद मोहरों से जीएम एलेक्सी फेडोरोव को 39 चालों में हराया, जबकि नीलोत्पल ने आईएम आर्सेन दावत्यान को हराया। गरीबयान ममीकॉन ने टूर्नामेंट के लीडर जीएम एलेक्सेज अलेक्जेंड्रोव को काले मोहरों से हराकर बड़ा उलटफेर किया और 8 मैचों में 7 अंक लेकर लीडर्स में अपना दावा पेश किया।


जीएम अलेक्जेंड्रोव, जीएम लेवन पैंटुलाया, जीएम मैनुअल पेट्रोसियन, जीएम दीपन चक्रवर्ती और जीएम गुयेन डुक होआ सहित नौ खिलाड़ी 6.5/8 के साथ ठीक पीछे हैं।

## काउंटी क्रिकेट डेब्यू में तिलक वर्मा ने जड़ा शानदार शतक

**चेल्म्सफोर्ड।** भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने काउंटी चैंपियनशिप में अपने डेब्यू मैच में शतक जड़कर शानदार शुरुआत की। हैम्पशायर की ओर से खेलते हुए उन्होंने एसेक्स के खिलाफ काउंटी ग्राउंड, चेल्म्सफोर्ड में यह कारनामा किया। नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने उतरे तिलक ने अपने अपने कल के स्कोर 98 को आगे बढ़ाते हुए 239 गेंदों में अपना छठा फर्स्ट क्लास शतक पूरा किया। वे इसके तुरंत बाद साउथ अफ्रीकी ऑफ-स्पिनर साइमन हार्मर का शिकार हो गए। उन्होंने 241 गेंदों में 100 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल थे। इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के इंटरनेशनल ऑलराउंडर लियाम डॉसन के साथ पांचवें विकेट के लिए 133 रनों की अहम साझेदारी की।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत वाई-फाई कवरेज को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा : ज्योतिरादित्य सिंधिया




**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि भारत एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां देश के कोने-कोने में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध होगी। विश्व वाई-फाई दिवस 2025 के अवसर पर ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम (बीआईएफ) द्वारा आयोजित एक विशेष सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने घोषणा की कि सरकार देश भर में वाई-फाई कवरेज को व्यापक और गहन सुनिश्चित करने के लिए साहसिक कदम उठा रही है, जिससे सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा मिलेगा।

सरकार के प्रमुख नीतिगत सुधार पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री ने पुष्टि की कि देश 6 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे तेज और अधिक विश्वसनीय इंटरनेट संभव होगा।

उन्होंने कहा, "संबंधित नियम इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर या उससे पहले अधिसूचित किए जाएंगे।"

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की भूमिका नियामक से सुविधा प्रदाता की ओर विकसित हो रही है और किसी भी कंपनी या तकनीक का पक्ष लिए बिना, तकनीक को सभी के लिए उपलब्ध करवाया जाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "यह कनेक्ट होने, सृजन करने और आगे बढ़ने की स्वतंत्रता का जश्न मनाने का दिन है। जैसे-जैसे इसे अपनाया जा रहा है, लागत कम होती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसकी पहुंच बढ़ रही है।" केंद्रीय मंत्री ने कहा, "हम पहले से ही 13 गांवों में 5जी उपयोग के मामले चला रहे हैं, प्रत्येक में 10 आवश्यक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अब, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हर भारतीय के पास हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा हो, चाहे वे घर पर हों।

# सभी व्यवसायों में पूंजी निवेश का रिकॉर्ड टूटेगा : अदाणी

**एजेंसी। अहमदाबाद**

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि लगातार जांच के बावजूद भी ग्रुप कभी पीछे नहीं हटा। इसके बजाय, हमने साबित कर दिया कि सच्चा नेतृत्व धूप में नहीं, बल्कि संकट की आग में बनता है।

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए अरबपति उद्योगपति ने कहा, "हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं, जहां अक्सर नकारात्मकता सच्चाई से ज्यादा गूंजती है। हम कानूनी प्रक्रियाओं में सहयोग करते हैं। मैं यह भी दोहराना चाहता हूं कि हमारा शासन वैश्विक मानकों का है और हमारे अनुपालन ढांचे पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।" समूह स्तर पर कंसोलिडेटेड आंकड़ों के संदर्भ में, राजस्व में 7 प्रतिशत, ईबीआईटीडीए में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और नेट डेट-टू-ईबीआईटीडीए रेश्यो 2.6 गुना पर स्वस्थ रहा। कुल राजस्व 2,71,664 करोड़ रुपए और एडजस्टेड ईबीआईटीडीए 89,806 करोड़ रुपए रहा।

गौतम अदाणी ने कहा, "हमारे सभी व्यवसायों में पूंजी निवेश सभी रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार है। हम अगले पांच वर्षों के लिए 15-20 बिलियन डॉलर के वार्षिक कैपेक्स खर्च की उम्मीद करते हैं। ये केवल हमारे समूह में निवेश नहीं हैं, बल्कि भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में अपना योगदान देने की संभावनाओं में निवेश हैं।"

गौतम अदाणी ने कहा, "ठीक तीन साल पहले, मेरे 60वें जन्मदिन पर, मेरे परिवार ने भारत में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कौशल विकास को फिर से परिभाषित करने के लिए 60,000 करोड़ रुपए देने का संकल्प लिया था। अदाणी हेल्थकेयर टेम्पल्स हमारा पहला बड़ा कदम है। अहमदाबाद और मुंबई में विश्व स्तरीय, किफायती 1,000-बेड वाले कैंपस, जिनमें मेडिकल कॉलेज, अनुसंधान केंद्र और वेलनेस स्पेस सभी एक साथ इंटीग्रेटेड हैं। 'मेयो क्लिनिक' फ्यूचर रेडी, एआई-पावर्ड, पेशेंट-फर्स्ट स्वास्थ्य सेवा इकोसिस्टम बनाने के लिए हमारा मार्गदर्शन करने में हमारा भागीदार है।"

समूह ने मुंद्रा में एक विश्व स्तरीय स्किल यूनिवर्सिटी और फिनिशिंग स्कूल बनाने के लिए 2,000 करोड़ रुपए की प्रतिबद्धता जताई है, जिसे पूरे भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।



### गौतम अदाणी के 63वें जन्मदिन पर पत्नी का भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति अदाणी ने मंगलवार को अदाणी समूह के चेयरमैन और पति गौतम अदाणी को उनके 63वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और उनके जीवन को उद्देश्यपूर्ण बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावुक नोट लिखते हुए प्रीति अदाणी ने उनकी अटूट और मजबूत इच्छाशक्ति को सलाम किया और कामना की कि वे अपनी यात्रा में और लोगों को प्रेरित करें। प्रीति अदाणी ने एक पोस्ट में लिखा, "उद्देश्यपूर्ण जीवन। अटूट मजबूती की भावना। जन्मदिन मुबारक गौतम अदाणी। मुझे इस असाधारण यात्रा में आपके साथ चलने पर गर्व है। आप अनगिनत लोगों के जीवन को छूते और प्रेरित करते रहें।" बेटे करण और जीत अदाणी ने भी अपने पिता को शुभकामनाएं दीं और उन्हें सबसे महान गुरु और मार्गदर्शक कहा।